हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शनिवार • 18.04.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 261 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये    RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

# लोकसभा में गिरा महिला आरक्षण और परिसीमन बिल

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** संसद के तीन दिवसीय विशेष के दौरान महिला आरक्षण 131वें संशोधन बिल को पास नहीं कराया जा सका. महिला आरक्षण और परिसीमन से जुड़े तीन बिलों के ऊपर शुक्रवार की शाम को हुई वोटिंग में पक्ष में सिर्फ 298 वोट ही पड़े. यानी 50 प्रतिशत आबादी की उम्मीद को बड़ा झटका लगा है. बिल गिरने के बाद लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि कुल वोट 528 पड़े, जिनमें से इसके पक्ष में 298 और ना में 230 वोट पड़े. पहले राउंड में कुल 489 वोट पड़े जिनमें पक्ष में 278 और खिला में 211 वोट पड़े. इस बिल को दो तिहाई बहुमत यानी 352 वोटों की जरूरत थी. यानी जरूरत से 54 वोट कम पड़े.

इससे पहले, महिला आरक्षण विधेयक को लेकर लोकसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली. एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी दलों से इस बिल का समर्थन करने की अपील की, तो वहीं विपक्ष ने इसे लेकर गंभीर आपत्तियां उठाईं.

**सरकार को नहीं मिला दो तिहाई बहुमत**

**बहुमत : 352, पक्ष में 298 वोट, विपक्ष में 230 वोट**



## अमित शाह बोले क्यों जरूरी परिसीमन

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इस सदन में 543 सांसद बैठते है। किसी के संसदीय क्षेत्र में मतदाता की संख्या 49 लाख तो किसी के यहां 60 हजार है। कई सीटें इतनी बड़ी हो गई हैं कि सांसद उनसे मिल भी नहीं पाता है। मतदाताओं की अपेक्षा होती है, वो सांसद से मिलना चाहता है। उन्होंने कहा कि क्या जो लोग विरोध कर रहे हैं, वो मुझे समझा सकता है कि जिनके यहां 49 लाख मतदाता हो, वो अपने ज़िम्मेदारी का निर्वाहन कैसे करता होगा ? इसी को ध्यान में रखते हुए संविधान में समय समय पर परिसीमन का प्रावधान है। इससे पहले, लोकसभा में बोलते हुए विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इस बिल को छलावा करार दिया और कहा कि यह बिल यहीं गिर जाएगा।

उन्होंने दावा किया कि यह वास्तव में महिलाओं के हित में लाया गया विधेयक नहीं है।



## राहुल गांधी ने महिला आरक्षण बिल का किया जोरदार विरोध

राहुल गांधी ने अपने भाषण में कहा कि 2023 में जो महिला आरक्षण बिल पास हुआ था, उसी समय सत्ता पक्ष के सहयोगियों ने संकेत दिया था कि इसे लागू करने में लंबा समय लग सकता है। उनके मुताबिक, मौजूदा प्रस्ताव के जरिए असल मुद्दे से ध्यान हटाया जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस बिल के बहाने भारत के चुनावी नक्शे (इलेक्टोरल मैप) को बदलने की कोशिश की जा रही है। राहुल गांधी का कहना था कि यह केवल महिला आरक्षण का मुद्दा नहीं है, बल्कि इसके पीछे राजनीतिक गणित छिपा हुआ है, जिसे जनता के सामने लाना जरूरी है। जहां सरकार इसे महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने की दिशा में बड़ा कदम बता रही है, वहीं विपक्ष इसे राजनीतिक रणनीति और संरचनात्मक बदलाव के तौर पर देख रहा है।

# बड़ी सफलता : 15 लाख के इनामी शहदेव महतो सहित चार नक्सली ढेर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के चतरा में पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। चतरा और हजारीबाग बॉर्डर पर हुए भीषण मुठभेड़ में चार कुख्यात नक्सली मारे गए हैं। मारे गए चार नक्सलियों में 15 लाख का इनामी नक्सली शहदेव महतो और नताशा भी शामिल हैं। झारखंड पुलिस मुख्यालय सूत्रों ने चार नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की है। मुठभेड़ स्थल से दो एके 47 राइफल सहित कई हथियार बरामद किए गए हैं। हजारीबाग पुलिस को मिली खुफिया जानकारी के आधार पर चतरा पुलिस और कोबरा (उडइफ्अ) कमांडो की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए चार नक्सलियों को मार गिराया। मारे गए नक्सलियों में 15 लाख रुपये के इनामी शहदेव महतो, महिला नक्सली नताशा, एरिया कमांडर बुधन करमाली और बुद्धदेव शामिल हैं। इनके पास से 2 एके 47, 1 इंसास और 1 कोल्ट अफ 15 राइफल बरामद हुए हैं।



## दोहरी नागरिकता मामले में राहुल गांधी के खिलाफ होगी एफआईआर

**लखनऊ :** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर करने का आदेश आदेश दिया है। इसके बाद अब राहुल गांधी की मुश्किल बढ़ गई है। दोहरी नागरिकता के मामले में शुक्रवार को लखनऊ बेंच में सुनवाई हुई। यह मामला निचली अदालत के उस फैसले के खिलाफ है, जिसमें राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को खारिज कर दिया था। यूपी सरकार की तरफ से वकील ने कहा कि इस पूरे प्रकरण की जांच सीबीआई करे।

## 48 दिन बाद खुला होर्मुज

**वाणिज्यिक जहाजों को आने-जाने की मिली छूट**

एजेंसी

**तेहरान :** पश्चिम एशिया में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव और 48 दिनों से जारी अनिश्चितता के बाद आखिरकार होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बड़ा फैसला सामने आया है। ईरान ने घोषणा की है कि इस रणनीतिक समुद्री मार्ग से अब वाणिज्यिक जहाजों की आवाजाही पूरी तरह से खुली रहेगी और उन्हें आने-जाने की पूर्ण छूट दी गई है। यह कदम लेबनान में सीजफायर लागू होने के बाद उठाया गया है। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर जानकारी देते हुए कहा कि लेबनान में सीजफायर समझौते के अनुरूप होर्मुज जलडमरूमध्य से सभी वाणिज्यिक जहाजों की आवाजाही को पूरी तरह खोल दिया गया है।



झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

लू एवं गर्म हवाओं से बचाव

गर्म हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर मौसम का दुष्प्रभाव :

- शरीर में पानी की कमी
- उल्टी, तेज बुखार
- कमजोरी, सिर दर्द, चक्कर आना
- हृदयाघात, मस्तिष्काघात
- कार्डियोवैस्कुलर जटिलता आदि लक्षण

PR- 377740 (Health Med Edu and Family Welfare) 26-27

ओ.आर.एस घोल बनाने की विधि एवं उपयोग

- साफ बर्तन में एक लीटर पानी (साधारण ग्लास से पाँच ग्लास) में ओ.आर.एस. का एक पूरा पैकेट घोल दें
- तैयार किए गए ओ.आर.एस. के घोल को कुछ-कुछ अंतराल पर चम्म्च से लू प्रभावित व्यक्ति को देते रहें
- बनाए गए ओ.आर.एस. घोल को 24 घंटे के बाद उपयोग न करें



इनका नियमित सेवन करें :-

नमक-चीनी का घोल
छाछ
नींबू-पानी
आम का शर्बत
लस्सी
तरबूज
खरबूजा
खीरा
ककड़ी

ओ.आर.एस. का पैकेट निकटतम सरकारी अस्पताल/ स्वास्थ्य उपकेन्द्र/ सहिया के पास निःशुल्क उपलब्ध है

- गर्मी में हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए ज्यादा पानी पीएं।
- घर से बाहर निकलें, तो खुद को कवर करके ही निकलें।
- लू लगे व्यक्ति को छाँव में लिटा दें, अगर उनके शरीर के कपड़े तंग हों तो उसे ढीला कर दें अथवा हटा दें।
- ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोछें या ठंडे पानी से नहलाएं।
- लू लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार न हो, तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाएं।

तेज धूप और लू का शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।सावधानियाँ हीं बचाव।

- हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहनें
- धूप का चश्मा इस्तेमाल करें
- सम्भव हो,तो तौलिया/गमछा रखें
- जूते/चप्पल पहनें

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड

झारखण्ड सरकार 104 चिकित्सा सलाह 24x7 Health Information Helpline

स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी\ शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

National Program on Climate Change and Human Health (NPCCHH)

## एक नजर

### करमाटांड में दिनदहाड़े बाइक चोरी, पीड़ित ने थाने में दिया आवेदन

**बरही/हजारीबाग :** करमाटांड अलीनगर क्षेत्र में दिनदहाड़े बाइक चोरी की घटना सामने आई है। इस संबंध में पदमा ओपी थाना क्षेत्र के ग्राम रोमी निवासी राजेश कुमार यादव ने थाना प्रभारी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।
पीड़ित राजेश यादव ने बताया कि वह 10 अप्रैल 2026 को करीब 4 बजे बीएएड कॉलेज करमाटांड अलीनगर के पास अपनी बाइक खड़ी कर पास के जंगल की ओर किसी कार्य से गया था। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटा तो उसकी बाइक वहां से गायब थी। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर किसी ने भी बाइक के बारे में कोई जानकारी नहीं दी।
चोरी गई बाइक का नंबर जेएच 02 एएन 6298 है। घटना के बाद पीड़ित ने थाना में आवेदन देकर अपनी बाइक की बरामदगी की मांग की है।
पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आसपास के क्षेत्रों में छानबीन की जा रही है। स्थानीय लोगों में इस घटना के बाद चिंता का माहौल है।

### पानी भरने के दौरान छेड़खानी और मारपीट का आरोप

**बरही :** पदमा ओपी क्षेत्र के घियाही गांव में सरकारी चापानल से पानी भरने के दौरान मारपीट तथा छेड़खानी को लेकर मामला दर्ज कराया गया। इस सम्बंध में पीड़ित साजदा खातुन पति मो क्युम ने बताया कि 9 अप्रैल शाम लगभग 6-7 बजे शाम को मेरी पुत्री पानी लाने के लिए सरकारी नल पर गई थी इसी दौरान जुलकर राय के पुत्र साहिल ने अकेला देखकर नल के पास आकर पुत्री के साथ गंदी हरकतें करने लगा। उसकी पुत्री बचाव के लिए चिल्लाने लगीं। आवाज सुनकर मैं और मेरे पति घर से दौड़ कर निकल कर देखा। तो पुत्री ने बताई की मो साहिल मेरे साथ छेड़छाड कर रहा है। उसके बाद उसे डांट फटकार लगाई। इसी दौरान इसी दौरान आवाज सुनकर जुलकर राय और उसका भाई जुलजलाल राय, अरमान वारसी पिता स्व हकीम राय, रूही खातुन, जुही खातुन दोनो के पिता स्व बसारत अली, व खुश्बू खातून पति जुलकर राय सब मिलकर आ गये। सभी लोग ने मेरे साथ बुरी तरह से लाठी-डंडा, तलवार से मारपीट किया। उसके पति को जुलजलाल राय ने तलवार से वार से बुरी तरह जख्मी कर दिया। परिजनों के मदद से सभी को इलाज के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दिया है।

# भगत सिंह चौक से दो साल की अबोध बच्ची लापता, अनुसंधान में जुटी पुलिस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** सदर थाना क्षेत्र स्थित भगत सिंह चौक से दो वर्ष की एक अबोध बच्ची के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है और पुलिस मामले की गहन जांच में जुट गई है। इस संबंध में ग्राम सिरसी, थाना कटकमदाग निवासी प्रियंका देवी ने सदर थाना में आवेदन देकर अपनी बच्ची को ढुंढने की गुहार लगाई है, दिए गए आवेदन में प्रियंका देवी ने बताया कि 15 अप्रैल को वह अपने दोनों बच्चों के साथ बाजार में खरीदारी करने आई थी। इसी दौरान भगत सिंह चौक के पास एक अज्ञात व्यक्ति उसकी बच्ची को छीनकर फरार हो गया। पीड़िता ने बताया कि घटना के बाद उसने काफी तलाश की, लेकिन बच्ची का कोई सुराग नहीं मिल सका। बताया जा रहा है कि प्रियंका देवी मानसिक रूप से अस्वस्थ है, जिसके कारण वह पुलिस को घटना के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। साथ ही, संदेह के आधार पर पुलिस ने प्रियंका देवी और उसके पति रवि पासवान को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है।
पुलिस का कहना है कि मामले के हर पहलू की बारीकी से जांच की जा रही है, जिसमें पारिवारिक स्थिति और अन्य संभावित कारणों को भी ध्यान में रखा जा रहा है। जल्द ही बच्ची के संबंध में ठोस जानकारी मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

**प्रियंका देवी ने सदर थाना में आवेदन देकर बच्ची को ढुंढने की लगाई गुहार**



## डोर-टू-डोर अभियान के साथ नामांकन बढ़ाने की पहल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड के बसरिया पंचायत अंतर्गत बुनियादी विद्यालय पंचमाधव में नामांकन प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से डोर-टू-डोर अभियान की शुरूआत की गई। इस अभियान के तहत विद्यालय के शिक्षकों और बच्चों ने पूरे गांव का भ्रमण कर अभिभावकों को अपने बच्चों का नामांकन सरकारी विद्यालय में कराने के लिए प्रेरित किया। अभियान के दौरान अभिभावकों को सरकारी विद्यालयों में मिलने वाली सुविधाओं और लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। शिक्षकों ने बताया कि सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न योजनाओं का लाभ भी बच्चों को मिलता है, जिससे उनका सर्वांगीण विकास संभव है। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापिका बिंदिया देवी, पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप, पंचायत सहायक सिकंदर कुमार, मनोज घोष, सरफराज, दामोदर गुप्ता, लक्ष्मण ठाकुर सहित विद्यालय के सभी शिक्षक, बच्चे और अभिभावक उपस्थित रहे।



## राजनीति विज्ञान विभाग में बाबासाहब के जीवन दर्शन पर विद्यार्थियों ने तैयार की दीवार पत्रिका

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** विभावि के राजनीति विज्ञान विभाग में भारतरत्न बाबासाहेब डॉ भीमराव रामजी अंबेडकर के जीवन और दर्शन पर एक दीवार पत्रिका का लोकार्पण शुक्रवार को किया गया। बतौर मुख्य अतिथि, गुरु नानकदेव कॉलेज धनबाद के प्राध्यापक अभिषेक सिन्हा ने उक्त दीवार पत्रिका का लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग के अध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने किया। ज्ञात हो कि विभागीय प्राध्यापक डॉ अजय बहादुर सिंह तथा शोधार्थी विकास कुमार यादव, प्रतीक कुमार, नीरज कुमार वर्मा, अभिषेक कुमार तथा संजना मासूम के निर्देशन में प्रथम समसत्र के विद्यार्थियों ने उक्त दीवार पत्रिका की रचना की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने बताया कि यह राजनीति विज्ञान विभाग की बहुत अच्छी पहल है। उन्होंने दीवार पत्रिका की अभिकल्पना तथा आलेख एवं समाचार के संकलन की गुणवत्ता कि खूब सराहना की। डॉ मोइत्रा ने बताया कि उक्त दीवार पत्रिका में बाबा साहब से संबंधित ऐसे आलेखों और तथ्यों का संकलन किया गया है जो उनके जीवन और विचार के सभी पक्षों पर प्रकाश डालता है। पत्रिका में हजारीबाग के प्रसिद्ध स्तंभकार विजय केसरी तथा सावरमल अग्रवाल के आलेखों को भी शामिल किया गया। इसके अतिरिक्त प्रमुख अखबार में प्रकाशित विभाग के पूर्ववर्ती छात्र डॉ रोशन कुमार एवं डॉ अरुण कुमार के आलेख भी प्रदर्शित किए गए। विभाग द्वारा इस वर्ष बाबासाहेब के जन्मजयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के समाचार कटिंग को भी पत्रिका में स्थान दिया गया। विद्यार्थियों ने दीवार पत्रिका की तस्वीर अपने मोबाइल से खींची। उन्हें इसके साहित्य, भाषा और तथ्य का अध्ययन करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर विभाग के चतुर्थ व प्रथम समसत्र के विद्यार्थी अच्छी संख्या में उपस्थित हुए।



### गैस और बिजली कि किल्लत से परेशान लोग खरीद रहे है चूल्हा

**दारू :** बिजली और गैस की लगातार किल्लत ने लोगों की रसोई व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। भीषण गर्मी और लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने से लोग परेशान हैं। ऐसे हालात में अब पारंपरिक कोयले के चूल्हों की मांग तेजी से बढ़ने लगी है। गांव-गांव और घर-घर घूमकर विक्रेता चूल्हा बेच रहे हैं, जिसे लोग मजबूरी में खरीद रहे हैं। गैस सिलेंडर की अनियमित आपूर्ति और महंगाई ने भी स्थिति को और गंभीर बना दिया है।

## बीएम मेमोरियल स्कूल में किया गया सम्मान समारोह का आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड के हजारीबाग रोड स्थित अंग्रेजी माध्यम से संचालित बीएम मेमोरियल स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल में सभी सफल छात्र-छात्राओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन विद्यालय के उपनिदेशक दिनकर कुशवाहा के नेतृत्व में किया गया। जिसका संचालन प्राचार्य कैलाश कुमार एवं उप प्राचार्य पूनम कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। सम्मान समारोह में वार्षिक परीक्षा 2025 26 में स्कूल टॉपर एवं कक्षा में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी 92 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिसमें कक्षा 2 का छात्र आदित्य कुमार दांगी ने 96.57% लाकर विद्यालय टॉपर रहा। वहीं द्वितीय स्थान पर कक्षा 8 की छात्रा भारती सोनी, कक्षा 7 का छात्र अंश राज, संयम सोनी, मिस्टी प्रिया ने 94.2% अंक प्राप्त किया वहीं तीसरे स्थान पर कक्षा 2 बि का छात्र सुशांत कुमार महतो ने 94% अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर अपना जगह बनाया। इसके साथ साथ विद्यालय में 100% उपस्थित दर्ज करने के लिए कक्षा सिक्स की छात्रा क्रांति कुमारी को फील्ड देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा प्रभाकर रंजन, शुभ आशीष, खुशी कुमारी, आदित्य कुशवाहा, प्रियांशु कुमार, अंकित कुमार, मनीष कुमार दास, अनुज कुमार, राजवीर कुमार, खुशी कुमारी, माधुरी कुमारी, आदित्य प्रसाद, अमित राज, निशांत कुमार, निधि सोनी, मैसा मुमताज, अंशु कुमार, अनीश कुमार, समृद्धि कुमारी, रिद्धि कुमारी, प्रिंस कुमार, हिमांशु कुमार,सतीश कुमार शर्मा, देवराज दांगी, अंश राज, आनंद कुमार, सुफियान राजा, अफीफा सिद्दीकी, पल्लवी रानी, एमडी मोइनुद्दीन, आहिल राजा, दिव्या कुमारी, सहित सभी 92 बच्चों को मोमेंटो मेडल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपनिदेशक दिनकर कुशवाहा ने कहा कि विद्यालय परिवार का एक ही उद्देश्य है ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को बेहतर से बेहतर शिक्षा प्रदान करना जिसके लिए हमारे विद्यालय के सभी शिक्षक प्रयासरत हैं इसी का परिणाम है।



**सरकारी स्कूलों में घटती संख्या पर गंभीर शिक्षा विभाग**

## 25 अवैध स्कूलों पर कार्रवाई की तैयारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड के सरकारी विद्यालयों में बच्चों की संख्या घटने के मामले को प्रखंड शिक्षा विभाग ने गंभीरता से लिया है। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राकेश कुमार ने इसके लिए बिना यू डाइस कोड के प्रखंड में संचालित 25 विद्यालयों को दोषी ठहराया है। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिखकर बिना यू डाइस कोड के संचालित सभी विद्यालयों पर कार्रवाई करने की अनुशंसा की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि उक्त विद्यालयों ने बरही प्रखंड के सरकारी विद्यालयों के बच्चों का नामांकन अपने-अपने विद्यालय में कर लिया है। जिससे सरकारी विद्यालयों में बच्चों की संख्या में कमी आ गयी है। उन्होंने बिना यू डाइस कोड के संचालित चिल्ड्रन प्रोग्रेसिव पब्लिक स्कूल, वृंदावन पब्लिक स्कूल, मां सरस्वती अकादमी बेला, एमजी पब्लिक स्कूल, आर्यभट्ट पब्लिक स्कूल, अपेक्स पब्लिक स्कूल, युग निर्माण विद्यालय बेहराबाद, एसडी पब्लिक स्कूल, एल 'ओरिजिन स्मार्ट किड्स केयर, किड्स जोन पब्लिक स्कूल, लक्ष्य पब्लिक स्कूल, चिल्ड्रेन पैराडाइज स्कूल, हाई गेट प्रोग्रेसिव स्कूल, श्यामली पब्लिक स्कूल, बीएम इंटरनेशनल स्कूल, स्टार वैली पब्लिक स्कूल डपोक, एंबीशन पब्लिक स्कूल विजैया, मॉडर्न पब्लिक स्कूल, ए.आर इंटरनेशनल स्कूल विजैया, टैगोर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, देव पब्लिक स्कूल, आर्या मिशन पब्लिक स्कूल, एसजीएम पब्लिक स्कूल, बाल विद्या पब्लिक स्कूल एवं गुरुकुल पब्लिक स्कूल केदारूत पर अविलंब कार्रवाई कर बंद कराने की अनुशंसा जिला अधिकारी से की है।



## बुजुर्ग से रंगदारी को लेकर मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** बड़ा बाजार ओपी क्षेत्र अंतर्गत चारदीवारी दिला रहे बुजुर्ग से पांच लाख रुपए रंगदारी को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। बड़ा बाजार पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में बासुदेव राम पिता बैजनाथ राम उम्र करीब 52 वर्ष पता इन्दु भिला, ग्राम हुरुहुरू पतरातु थाना कोर्रा जिला हजारीबाग निवासी ने कहा है कि कि हुरुहुरु मौजा में थाना नम्बर 147, खाता नंबर 01, प्लॉट नं0-50, रकबा 8.75 डिसमील जमीन में रमन गंझू वगैरह के द्वारा एकरारनामा से हांसिल किया हूँ। 16 अप्रैल को वे अपने जमीन पर काम करा रहे थे कि उसी समय करीब 09:15 बजे महेन्द्र साव पिता स्व० विशुन साव, महादेव साव, अजय साब, कुलदीप साव तीनों पिता स्व० श्याम लाल साव पता हुरहुरू थाना सदर बड़ाबाजार जिला हजारीबाग एवं अज्ञात 08-10 लोग एकमत होकर हरवे हथियार से लैश होकर आये और गाली गलौज करते हुए जान मारने की नियत से उन्हें पटककर गला दबाने लगे और अन्य सभी लोग मुझे लात घुसों से मारते रहे यह देखकर मेरे मजदूर लोग हल्ला कर उनलोगों से मेरी जान बचाये। मारपीट के क्रम में वे लोग मेरे वॉल बॉन्ड्री को भी तोड़ दिया। जिसमें सिमेन्ट का स्लैप, पीलर तोड़ दिया गया। वे किसी तरह वहां से भागकर अपनी जान बचाये। इस दौरान लेबर मजदुर को गाली गलौज कर उनके पैकेट से बीस हजार रूपया निकाल लिया। जो की लेबर को पेमेन्ट करने के लिए रखे थे।



**फाइलेरिया उन्मूलन व कई स्वास्थ्य कार्यक्रम को लेकर प्रखंड सभागार भवन में बैठक संपन्न**

## 20 अप्रैल से 5 मई तक चलेगा पांच पंचायतों में उन्मूलन कार्यक्रम : डॉ अविनाश कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव के सभागार में प्रखंड उपप्रमुख बचनदेव कुमार की अध्यक्षता में फोकल एमडीए/आईडीए कार्यक्रम को लेकर बैठक की गई। मौके पर बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ अविनाश कुमार के द्वारा कई विषय पर विस्तार रूप से चर्चा किया गया। विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए डॉ अविनाश कुमार ने बताया कि दिनांक 20 अप्रैल से लेकर 5 मई 2026 तक यह कार्यक्रम चलाया जाएगा। जिसमें पांच गांव सिरमा पंचायत का ग्राम सिरमा , कांडतरी पंचायत के ग्राम कांडतरी , चौपदार बलिया के ग्राम चौपदार बलिया एवं ग्राम खरांटी और ग्राम गोदालपुरा में यह कार्यक्रम चलाया जाना है। यह कार्यक्रम फाइलेरिया उन्मूलन के लिए चलाए जा रहा है। जिसे हाथी पांव रोग से बचा जा सके। साथ ही ह्यूमन पपलोमा वायरस का इंजेक्शन है जो सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए है। यह इंजेक्शन मुख्य रूप से 14 साल पूर्ण एवं 15 साल से कम उम्र के बच्चियों को लगाया जाना है। इसके अलावा बैठक में एनीमिया मुक्त भारत एवं आर आई वैक्सीनेशन के विषय पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड उपप्रमुख वचन देव कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अविनाश कुमार, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कांडतारी, पंचायत के मुखिया राजदेव महतो, उपेंद्र प्रसाद पंचायत समिति सांढ़, मलेरिया पर्यवेक्षक तरुण कुमार शर्मा, प्रखंड डाटा प्रबंधक विश्वजीत कुमार, पीरामल फाउंडेशन से अब्दुल मन्नान, शिक्षा विभाग से धनंजय कुमार दास मौजूद थे।




## संक्षिप्त खबरें

### सदर अस्पताल में 'इनटस फाउंडेशन कैंप' का किया गया आयोजन



**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड के अन्तर्गत शुक्रवार को वर्ल्ड हीमोफीलिया डे के अवसर पर रांची सदर अस्पताल में इंटास फाउंडेशन की ओर से एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में फैक्टर वितरण, जागरूकता कार्यक्रम, फिजियोथेरेपी तथा सेल्फ-इन्फ्यूजन प्रशिक्षण शामिल था। इस कार्यक्रम में सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार, डॉ. अभिषेक रंजन एवं हेमेटोलॉजिस्ट डॉ. भारती को आमंत्रित किया गया था। यह कैंप इंटास फाउंडेशन के ईस्ट रीजनल कोऑर्डिनेटर राहुल सिंह, प्रोजेक्ट एसोसिएट सिलिका उलाल तथा ल्-ढअढ काउंसलर प्रमोद और मनीषा मुर्मू के देखरेख में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।कैंप के दौरान मरीजों को फैक्टर उपलब्ध कराया गया एवं उन्हें फिजियोथेरेपी और सेल्फ-इन्फ्यूजन का प्रशिक्षण भी दिया गया, जिससे वे भविष्य में स्वयं अपनी देखभाल बेहतर तरीके से कर सकें।

### विधायक ने आंगो में 100 केवीए का ट्रांसफार्मर करवाया उपलब्ध



**बड़कागांव :** प्रखंड के सुदूरवर्ती ग्राम आंगो में बहुत दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण पूरा गांव अंधेरे में था। जिसकी सूचना आंगो के ग्रामीणों ने विधायक रोशन लाल चौधरी को दिया। जिसे विधायक चौधरी ने संज्ञान में लिया और तुरंत बिजली विभाग में बात कर 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया। जिसे एनडीए कार्यकताओं और ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से विधिवत उद्घाटन किया।
मौके पर उपस्थित भाजपा नेता जागेश्वर तुरी उर्फ बढ़न, आजसू नेता नागेश्वर तुरी, सुरेश प्रसाद दांगी, मुरली महतो,राजेश महतो, अमन गंझू ,आंगो पंचायत के उप मुखिया लालो महतो, आंगो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि महेंद्र मांझी सहित ग्रामीणों में फुलेश्वर महतो, जमुना प्रसाद, शिबू महतो, बाबूलाल महतो, कुलदीप महतो, कलेश्वर महतो, प्रदीप भुईयां, तिलेश्वर महतो, कुनाल महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### झारखंड नेशनल पब्लिक स्कूल का आठवीं बोर्ड में शत-प्रतिशत परिणाम



**बरही :** झारखंड अकादमिक परिषद् ने आठवीं बोर्ड का परिणाम बीते दिन घोषित कर दिया है। जिसमें बरही में संचालित झारखंड नेशनल पब्लिक स्कूल से कुल 23 बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया था, जहां सभी छात्र अ + एवं अ ग्रेड से पास किए है। वहीं आयुष कुमार ने सभी विषयों में अ+ अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जबकि ऋतु कुमारी ने दूसरा स्थान, तीसरा स्थान अमर कुमार रजक, चतुर्थ स्थान पीयूष गुप्ता, पांचवां स्थान मिराज हाशमी एवं छठा स्थान अहमद रजा ने प्राप्त किया। परीक्षा में सफल हुए सभी छात्रों को विद्यालय मिठाई खिलाकर विद्यालय प्रबंधन ने उनका हौसला अफजाई किया। इस दौरान विद्यालय के निदेशक डॉ सुनील कुमार दत्ता ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, तथा नवमी एवं दशमी कक्षा में कड़ी मेहनत कर और मेहनत कर और बेहतर परिणाम लाने का प्रेरणा दिया। इसके अलावा विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार, प्रमोद कुमार, अवकाश गिरी, प्रतिमा घोष, रिया केशरी, शहरीन खातून, मुशर्रत प्रवीण, प्रियंका दास, मुस्कान प्रवीण, सना फैज, फरहीन सबा, सोनम यादव, तौकीर खान, निशा कुमारी एवं रौशन प्रवीण समेत अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने बधाई दी है।

### आम का टिकोरा चुनने गए पुत्र को लेकर मां बेटे के साथ मारपीट का आरोप

**बरही :** बरही के गुड़ियो गांव की संगीता कुमारी पति महेंद्र पंडित आम का टिकोरा चुनने गए पुत्र के साथ मारपीट करने और बचाने गई उसके साथ भी मारपीट कर घायल करने का आरोप अपनी सगी गोतनी और उसके बच्चों पर लगाया है। संगीता कुमारी ने बताया कि 14 .04 .2026 को दिन लगभग 3 बजे उसका पुत्र आयुष कुमार घर के सामने आम के पेड के नीचे आम का टिकोरा चुनने गया था। इसी बीच उसकी गोतनी गुड़िया देवी पति जितेन्द्र पंडित, गोतनी मुनिया देवी पति केदार पंडित, गोतनी का बेटा अनमोल कुमार, गोतनी की बेटी सपना कुमारी सभी मिलकर उसके पुत्र आयुष कुमार को पकड़कर बोलने लगे कि तुम यहां आम चुनने क्यों आया है, तुमको जान से मार देंगे और सभी मिलकर उसके पुत्र को गाली गलौज करते हुए लात-मुक्का एवं ईट-पत्थर से मारने लगे। गुड़िया देवी ने उसके पुत्र को जान से मारने के नीयत से पत्थर से मारकर उसका माथा फोड़ दिया। उसका पुत्र आयुष कुमार दर्द से रोने-चिल्लाने लगा तो वह दौड़कर घर से बाहर निकली। उसे देखकर वे सभी गाली गलौज करते हुए लात-मुक्का एवं ईंट-पत्थर से मारने लगे। ये लोग आए दिन उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट करते रहते है। उसकी सास लीलावती देवी के साथ भी वे लोग गाली गलौज और मारपीट करते हैं।

### पूर्व मुखिया के माता-पिता हज के लिए हुए रवाना, विदा करने उमड़े लोग



**बरही :** बरही के दुलमाहा पंचायत के पूर्व मुखिया बेलाल अहमद के पिता मो इस्लाम मियां और माता हमिला खातून दोनों मक्का जाने के लिए अपने घर से रवाना हुए। हज जाने के पूर्व दोनों से यात्रियों से मिलने वालों की हुजूम उमड़ पड़ी। लोगों ने दोनों हज यात्रियों से कहा कि वे काबा जाकर गांव पंचायत के लोगों और देश के लिए दुआ खैर करेंगे। हज यात्रियों को मक्का के लिए विदा करने वालों में बरही के प्रमुख मनोज रजक ,अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष सह पूर्व जिप प्रतिनिधि मो कैयूम, पूर्व मुखिया शराफत अली, राकेश कुमार, अख्तर अली, अकरम अली, इरफान अली और दुलमाहा पंचायत के ग्रामीण शामिल थे।

**एक नजर**

## झारखंड में बांग्ला अकादमी गठन की मांग तेज, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**ईचागढ़** : झारखंड में बंगाल एकेडमी की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। शुक्रवार को झारखंड बांग्ला भाषी उन्नयन समिति की ओर से कुकडू प्रखंड विकास पदाधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया । ज्ञापन में मांग किया गया है कि झारखंड में शीघ्र बांग्ला अकादमी का गठन किया जाय । ज्ञापन में बताया गया है कि झारखंड विधानसभा के हालिया बजट सत्र के दौरान निरसा (धनबाद) के विधायक अरुप चटर्जी ने 9 मार्च 2026 और 17 मार्च 2026 को सदन में झारखंड बांग्ला अकादमी का गठन का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। इस दौरान उन्होंने राज्य में बांग्ला भाषा और संस्कृति के संरक्षण के लिए एक संस्थागत ढांचा बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि झारखंड के 24 जिलों में से लगभग 16 जिलों में बांग्लाभाषी आबादी बड़ी संख्या में निवास करती है। इन क्षेत्रों में बांग्ला भाषा जनसंपर्क की प्रमुख भाषा के रूप में उपयोग की जाती है। इसके बावजूद, राज्य गठन के 25 वर्षों बाद भी बांग्ला भाषा के विकास और संरक्षण के लिए कोई ठोस सरकारी संस्था स्थापित नहीं की गई है। बांग्ला अकादमी के अभाव का सबसे अधिक असर शिक्षा व्यवस्था पर पड़ा है। ज्ञापन में बताया गया है कि : बांग्ला माध्यम विद्यालयों में पठन-पाठन लगभग ठप हो चुका है बांग्ला भाषा की पाठ्यपुस्तकों की भारी कमी है योग्य बांग्ला शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो पा रही है। संयुक्त बिहार में स्थापित बांग्ला माध्यम के विद्यालयो में भी बच्चे बांग्ला माध्यम की पढ़ाई से वंचित हो गया है।

## दुपट्टे से फांसी लगाकर युवती ने की आत्महत्या

**रामगढ़** : रामगढ़ जिले के भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सौंदा डी पंचायत में एक युवती ने बीती रात अपने कमरे में दुपट्टे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार छह नंबर दोतल्ला निवासी विनोद रविदास की पुत्री रिंकी कुमारी(23)बीती रात अपने कमरे में दुपट्टे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने सुबह रिंकी को फंदे से झूलता देख आनन-फानन में उसे सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा ले आए। वहीं मामले की सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने परिजनों से घटना की जानकारी ली और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के संबंध में मृतका के पिता ने बताया कि रात में घर के सभी लोग खाना खाकर सोने चले गए। सुबह रिंकी के कमरे का दरवाजा खोलने पर उसे फंदे से झूलता पाया गया। परिजन किसी प्रकार के वाद-विवाद से इंकार कर रहे हैं। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है,पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## रंगदारी मामले में पांडेय गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**रामगढ़** : रामगढ़ जिले के भदानीनगर ओपी क्षेत्र अंतर्गत सुथरपुर में निमार्णाधीन पुल में रंगदारी मांगने के मामले पर शुक्रवार को पांडेय गिरोह के सदस्य पतरातू रोचाप निवासी गोपाल महतो का पुत्र अशोक महतो 29 वर्षीय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उक्त जानकारी एसडीपीओ गौरव गोस्वामी ने भदानीनगर ओपी में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब 9 बजे सूचना प्राप्त हुई कि भदानीनगर ओपी क्षेत्र के सुथरपुर में एक निमार्णाधीन पुल मे पांडेय गिरोह के द्वारा मोबाईल से काम करने से पूर्व मैनेज करने की धमकी दी जा रही थी। साथ ही मैनेज नहीं करने की स्थिति में बुरा अंजाम भुगतने की बात की जा रही थी।

# कोडरमा पुलिस को मिली 21 नई अपाची बाइक, अपराध नियंत्रण व गश्ती होगी मजबूत





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : झारखंड सरकार एवं पुलिस मुख्यालय, रांची द्वारा कोडरमा जिले में अपराध नियंत्रण और बेहतर पुलिसिंग को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कुल 21 अपाची मोटरसाइकिल आवंटित की गई है। इन मोटरसाइकिलों को उपायुक्त ऋतुराज एवं पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार वितरित करते हुए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इन अत्याधुनिक मोटरसाइकिलों में पुलिस स्टीकर, सायरन और पब्लिक एड्रेस सिस्टम जैसी सुविधाएं लगाई गई हैं, जिससे पुलिस की कार्यक्षमता और प्रभावशीलता में वृद्धि होगी।

इस अवसर पर वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप-विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सहित कई वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इन नई बाइकों से संकीर्ण रास्तों में पुलिस की पहुंच आसान होगी तथा नियमित और रात्रि गश्ती व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। साथ ही, आपातकालीन स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने में भी यह काफी सहायक साबित होंगी। उन्होंने यह भी बताया कि इन मोटरसाइकिलों का उपयोग नियमित गश्ती, संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी, विधि-व्यवस्था बनाए रखने, त्योहारों और विशेष अभियानों के दौरान किया जाएगा। इससे पुलिस बल की तैनाती तेजी से हो सकेगी और जनता को बेहतर व प्रभावी पुलिस सेवा उपलब्ध कराई जा सकेगी।

## मेरिडियन अकादमी ने खोले निःशुल्क शिक्षा के द्वार, गरीब बच्चों को मिलेगा सहारा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरी तिलैया** : शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक सरोकार को प्राथमिकता देते हुए, अभ्रक नगरी झुमरी तिलैया के गुमो (वार्ड नंबर 19) स्थित मेरिडियन अकादमी ने नए सत्र के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है। विद्यालय प्रबंधन ने घोषणा की है कि समाज के आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद बच्चों के लिए विशेष सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। विद्यालय के डायरेक्टर ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलना है। इस वर्ष विद्यालय ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं: विद्यालय में वर्तमान में एडमिशन फ्री लिया जा रहा है। जिन परिवारों में केवल एक बेटी है, उस बच्ची की पूरी पढ़ाई की जिम्मेदारी संस्था द्वारा उठाई जाएगी। जिन बच्चों के सिर से पिता का साया उठ चुका है, उनके लिए विद्यालय में विशेष रियायत और देखभाल की व्यवस्था है। स्थिर शुल्क संरचनाः महंगाई के दौर में राहत देते हुए डायरेक्टर ने स्पष्ट किया कि पिछले साल की तुलना में इस वर्ष फीस में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। मेरिडियन अकादमी अब केवल स्कूली शिक्षा तक सीमित नहीं है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं: स्कूल में सभी शिक्षक उच्च शिक्षित और अनुभवी हैं। अब स्थानीय बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है। स्कूल के विशेषज्ञ शिक्षक परिसर में ही जेईई और नीट की बेहतरीन तैयारी करवाएंगे। आवासीय सुविधाः दूर-दराज के छात्रों के लिए स्कूल परिसर में छात्र और छात्राओं ) के लिए अलग-अलग हॉस्टल की सुविधा उपलब्ध है। यदि आप अपने बच्चे के उज्ज्वल भविष्य के लिए नामांकन कराना चाहते हैं या विस्तृत जानकारी चाहते हैं, तो स्कूल के प्रिंसिपल से संपर्क कर सकते हैं। स्थानः गुमो, वार्ड नंबर 19, झुमरी तिलैया, कोडरमा मोबाइल नंबरः 9430324029 विशेष नोटः शिक्षा के इस महायज्ञ में मेरिडियन अकादमी का यह कदम क्षेत्र के गरीब और अनाथ बच्चों के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

## मारवाड़ी युवा मंच ने शुरू किया चलत पियाऊ, राहगीरों को मिल रही राहत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरी तिलैया** : भीषण गर्मी को देखते हुए मारवाड़ी युवा मंच की प्रेरणा शाखा द्वारा अमृत धारा एवं चलत पियाऊ का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य राहगीरों एवं आमजन को शीतल पेयजल उपलब्ध कराकर उन्हें गर्मी से राहत पहुंचाना है। इस सेवा कार्य में चलत पियाऊ का प्रायोजन साकार टीएमटी द्वारा किया गया, जिसके लिए मंच ने आभार प्रकट किया।उद्घाटन अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष रमेश हर्षधर , साकार टीएमटी के संचालक उदय सोनी, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष कैलाश चौधरी, मंडल-1 सहायक मंत्री श्रेया केडिया, झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा भवन संयोजक राज पचीसिया सहित मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष मोहित संघई, पूर्व अध्यक्ष राहुल जैन, अरविंद चौधरी, राहुल चौधरी, सचिव अतुल खेतान एवं जैन समाज के वरिष्ठ सदस्य सुशील छाबड़ा समेत कई लोग उपस्थित रहे। इसके साथ ही समाजसेवी संजय अग्रवाल एवं प्रेरणा शाखा की उपाध्यक्ष आर्ची जैन, सचिव प्रिया अग्रवाल, प्रोजेक्ट डायरेक्टर नेहा जैन, ज्योति अग्रवाल, रचना जैन और आशिका जैन की भी सक्रिय भागीदारी रही।कार्यक्रम के दौरान राहगीरों को ठंडा पानी और शरबत वितरित किया गया, जिससे लोगों को भीषण गर्मी में काफी राहत मिली। उपस्थित लोगों ने मंच के इस सराहनीय प्रयास की खुले दिल से प्रशंसा की।

## पाकुड़ जिले की बड़ी उपलब्धि, 9वीं में शानदार प्रदर्शन, राज्य में मिला 5वां स्थान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददतात

**पाकुड़** : जिला ने शिक्षा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए राज्य स्तर पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। प्रोजेक्ट परख 2.0 के अंतर्गत आयोजित मूल्यांकन में जिले के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए वर्ग 9वीं में 99.43% सफलता दर हासिल की है। इस शानदार प्रदर्शन के साथ जिला राज्य में गौरवपूर्ण 5वें स्थान पर पहुंच गया है। इस वर्ष के परीक्षाफल में 2.13% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है, जो जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रभावी शैक्षणिक प्रबंधन तथा सतत निगरानी का प्रत्यक्ष परिणाम है। जिले की प्रगति का ग्राफ लगातार ऊपर की ओर बढ़ता रहा है–वर्ष 2024 में 13वाँ स्थान, वर्ष 2025 में 11वाँ स्थान और अब वर्ष 2026 में सीधा 5 वाँ स्थान। यह उपलब्धि जिले के शिक्षा तंत्र की प्रतिबद्धता, शिक्षकों की मेहनत, विद्यार्थियों के परिश्रम तथा अभिभावकों के सहयोग का सामूहिक प्रतिफल है। इस अवसर पर उपायुक्त मनीष कुमार ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों/कर्मियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है और भविष्य में भी इसी प्रकार बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के लिए सभी को निरंतर प्रयासरत रहना होगा। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन शिक्षा की गुणवत्ता को और सुदृढ़ बनाने हेतु निरंतर प्रयासरत है तथा छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है।

## जेपीएससी प्रारंभिक परीक्षा को लेकर जिले में निषेधाज्ञा लागू

### 19 अप्रैल को 15 केंद्रों पर दो पालियों में होगी परीक्षा, प्रशासन पूरी तरह अलर्ट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़** : ज़िले में झारखण्ड लोक सेवा आयोग, रांची एवं उपायुक्त, पाकुड़ के आदेश के आलोक में झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा (सीधी भर्ती) प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा- 2025 का आयोजन दिनांक 19 अप्रैल 2026 को जिले के 15 परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी–प्रथम पाली पूर्वाह्न 10:00 बजे से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 03:00 बजे से 05:00 बजे तक। परीक्षा के सफल, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन हेतु जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारी की गई है। सभी परीक्षा केंद्रों पर दण्डाधिकारी, उड़नदस्ता, गश्ती दल, जोनल दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। अनुमंडल दण्डाधिकारी, पाकुड़ साईमन मरांडी द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के तहत परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में दिनांक 19 अप्रैल को परीक्षा प्रारंभ से एक घंटा पूर्व से संध्या 06:00 बजे तक निषेधाज्ञा लागू की गई है।

**इन गतिविधियों पर रहेगी रोक**

निषेधाज्ञा के दौरान निम्नलिखित गतिविधियां पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगी-पांच या अधिक व्यक्तियों का एक स्थान पर एकत्रित होना, भीड़ लगाना या भ्रमण करना।किसी भी प्रकार के हथियार (आग्नेयास्त्र, लाठी, डंडा, तीर-धनुष आदि) लेकर चलना या प्रदर्शन करना।जुलूस, रैली, सभा,धरना या प्रदर्शन का आयोजन करना। परीक्षा से असंबंधित व्यक्तियों का केंद्र परिसर में प्रवेश परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की अनुचित सहायता प्रदान करना।

**इनको मिलेगी छूट**

परीक्षार्थी, परीक्षा कार्य में संलग्न पदाधिकारी/कर्मी, दण्डाधिकारी एवं प्रतिनियुक्त पुलिस बल को इस निषेधाज्ञा से छूट प्रदान की गई है।

## बी.आर. इंटरनेशनल स्कूल में अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चाराडीह** : बी.आर. इंटरनेशनल स्कूल, चाराडीह में लायंस क्लब झुमरी तिलैया एवं झारखंड अग्निशमन सेवा के संयुक्त तत्वावधान में अवेयरनेस प्रोग्राम ऑन फायर सेफ्टी का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आग जैसी आपात स्थितियों से बचाव के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में कक्षा 8, 9 और 10 के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लायंस क्लब कोडरमा के अध्यक्ष गजेंद्र राम, चेयर पर्सन सुजीत अम्बष्ठ, फायर इंस्पेक्टर बीमन चंद्र मांझी, मेजर हवलदार राजीव कुमार, विद्यालय के निदेशक ओपी राय एवं प्राचार्य रमेश कुमार उपाध्याय उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के प्रशासक सुनील कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया तत्पश्चात फायर इंस्पेक्टर बीमन चंद्र मांझी ने विद्यार्थियों को आग से बचाव के महत्वपूर्ण उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सावधानी ही सबसे बड़ी सुरक्षा है, छोटी-सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है, इसलिए सभी को सतर्क रहना चाहिए। विशेष रूप से प्रशिक्षकों द्वारा भीषण आग लगने की स्थिति में सुरक्षित रहने के उपायों का डेमो प्रस्तुत किया गया। उन्होंने आग बुझाने के उपकरणों के सही उपयोग के बारे में बताया और यह भी सिखाया कि आग में फंसे व्यक्ति को कैसे सुरक्षित बाहर निकाला जा सकता है। इसके साथ ही बेहोशी की स्थिति में व्यक्ति को होश में लाने की प्राथमिक विधियां तथा हार्ट अटैक के समय तुरंत किए जाने वाले प्राथमिक उपचार के बारे में भी विस्तार से समझाया गया।मौके पर लायंस क्लब के चेयर पर्सन सुजीत अम्बष्ठ ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों को न केवल जानकारी देते हैं बल्कि उन्हें आपात परिस्थितियों में सही निर्णय लेने के लिए भी तैयार करते हैं। वहीं लायंस क्लब के अध्यक्ष गजेंद्र राम ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ जीवन रक्षक कौशल की जानकारी होना भी उतना ही आवश्यक है, ताकि वे स्वयं के साथ दूसरों की भी मदद कर सकें।अंत में विद्यालय के प्राचार्य रमेश कुमार उपाध्याय ने लायंस क्लब एवं अग्निशमन विभाग से आये अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और भविष्य में भी ऐसे उपयोगी कार्यक्रम आयोजित करने की आशा व्यक्त की।मौके पर विद्यालय के शिक्षक केदार साव शिवम सिंह रौशन कुमार राजेंद्र यादव अभय कुमार तबारक अंसारी विनोद सिंह समेत इत्यादि शिक्षक उपस्थित रहे ।

**संक्षिप्त खबरें**

## एनसीसी शिविर का आगाज, योग से हुई दिन की शुरूआत



**झुमरी तिलैया** : हजारीबाग ग्रुप हेडक्वार्टर के तत्वावधान में बागीटांड़ स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक परिसर में 45 झारखंड बटालियन एनसीसी, कोडरमा द्वारा आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का सफल संचालन जारी है। शिविर के तीसरे दिन की शुरूआत योग सत्र के साथ हुई, जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों एवं महाविद्यालयों से आए लगभग 600 एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।योग सत्र में कोडरमा के योग गुरु प्रदीप सुमन एवं योगाचार्य सुषमा सुमन ने कैडेट्स को कपालभाति, अनुलोम-विलोम, वृक्षासन सहित विभिन्न योगासन का अभ्यास कराया। इस दौरान सुषमा सुमन ने कहा कि स्वस्थ शरीर और संतुलित जीवन के लिए नियमित योगाभ्यास अत्यंत आवश्यक है। शिविर का नेतृत्व 45 झारखंड बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी विजय कुमार (सेना मेडल) कर रहे हैं। उनके निर्देशन में कैडेट्स को मैप रीडिंग, टेंट पिचिंग, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट एवं फायरिंग जैसे महत्वपूर्ण सैन्य प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से ड्रिल एवं फायरिंग पर जोर देते हुए कैडेट्स को हथियारों के संचालन एवं रखरखाव की जानकारी दी।कैडेट्स के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर सूबेदार मेजर जी.के. चौधरी द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है, वहीं प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा जेसीओ बलविंदर सिंह तैयार कर रहे हैं। प्रशासनिक कार्यों में एलडीसी रोहित कुमार सिंह द्वारा डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन, रजिस्ट्रेशन एवं बायोमैट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित की जा रही है, जबकि एनसीओ सुधीर मिश्रा आउटपास संबंधित कार्यों का संचालन कर रहे हैं।शिविर में डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट संतोष कुमार, लेफ्टिनेंट राधिका कुमारी, लेफ्टिनेंट चंदन कुमार, सेकंड ऑफिसर नवीन चौधरी एवं सेकंड ऑफिसर सत्यानंद सहित विभिन्न एनसीसी अधिकारी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।इसके अलावा कैडेट्स को पब्लिक स्पीकिंग, राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक कार्यक्रम (नृत्य, संगीत, नाटक) एवं शैक्षणिक भ्रमण से संबंधित प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। शिविर के सफल संचालन में सूबेदार चंपा मुरमुर, सूबेदार चंद्रहास, सूबेदार सन हेंब्रम, सूबेदार जातरू, हवलदार अजीत कुमार, हवलदार विकास कुमार सिंह एवं हवलदार रितेश सहित सभी कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान है।

## नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ से करमा में उमड़ा आस्था का सैलाब, भक्ति में डूबे श्रद्धालु



**झुमरी तिलैया** : करमा में आयोजित नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ में इन दिनों भक्ति की बयार बह रही है। तीन दिवसीय इस भव्य धार्मिक आयोजन के दो दिन सफलतापूर्वक संपन्न हो चुके हैं, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। पहले दिन मुखिया करमा द्वारा झंडोत्तोलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके पश्चात 301 महिलाओं की भव्य कलश यात्रा निकाली गई। महिलाएं सिर पर कलश रखकर भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ उत्तर वाहिनी नदी पहुंचीं, जहां लक्ष्मण मंडल द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश पूजन कराया गया। इसके बाद सभी कलशों में जल भरकर यज्ञ स्थल पर लाया गया।यज्ञशाला में नौ कुंडों पर वैदिक विधि-विधान से पूजन जारी है। शांतिकुंज के प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार विद्यार्थी एवं उनकी टोली द्वारा पूरे अनुष्ठान को संपन्न कराया जा रहा है। दूसरे दिन 27 दंपतियों सहित अन्य श्रद्धालुओं ने देव पूजन और हवन में भाग लिया। तीन पालियों में करीब 300 लोगों ने हवन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।कार्यक्रम के दौरान कृष्णा यादव और सपना कुमारी दंपति ने अपना वैवाहिक वर्षगांठ भी वैदिक रीति-रिवाज से सैकड़ों लोगों के बीच मनाया, जो आकर्षण का केंद्र रहा। शाम के प्रवचन में नरेंद्र कुमार विद्यार्थी ने जीवन जीने की कला पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान समय में बढ़ते अन्याय और अत्याचार के समाधान को गुरुदेव के संदेशों के माध्यम से सरल तरीके से समझाया। उनके प्रवचन से श्रद्धालु आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हुए।इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता भी यज्ञ में शामिल हुईं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा, एकता और संस्कारों को मजबूती देते हैं। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।यज्ञ के सफल संचालन में आचार्य नरेंद्र विद्यार्थी, अर्जुन राणा, मुखिया अनिल यादव, मोनिका देवी, सुनीता सिंह, रत्नेश जायसवाल, सोनी जायसवाल, सुजाता बर्नवाल, मुक्ता, बाबूलाल पंडित, मुन्ना राणा, अजीत राणा, रणजीत राणा, मृत्युंजय, प्रशांत, नरेश शर्मा, सुरेश शर्मा, राजकुमार राणा, कौशल्या देवी, राधा देवी, विकास साहू, बुंदिया देवी, मीना देवी, सरिता देवी, मालती देवी, फुल कुमारी, भारती सहित दर्जनों लोगों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

## श्रद्धा का संगमः भगवानी देवी जैन अजमेरा की पुण्यतिथि पर भव्य पूजन व अभिषेक



**झूमरी तिलैया** : श्री दिगम्बर जैन मंदिर में बैशाख कृष्ण अमावस्या के पावन अवसर पर धर्म परायण स्व. भगवानी देवी जैन अजमेरा की पुण्य स्मृति में अजमेरा परिवार द्वारा विशेष पूजन-अर्चना का आयोजन किया गया। पूज्य मुनि श्री 108 धर्म सागर जी मुनीराज एवं मुनि श्री 108 भाव सागर जी मुनीराज के सानिध्य में देवाधिदेव 1008 श्री पारसनाथ भगवान का प्रथम अभिषेक एवं शांतिधारा मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न हुआ, जिसका सौभाग्य अजमेरा परिवार को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर परिवारजनों एवं समाज के गणमान्य लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए स्व. भगवानी देवी अजमेरा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। देश के विभिन्न शहरों से जुड़े परिजनों ने भी अपने-अपने स्थानों पर पूजन कर श्रद्धा व्यक्त की। समाज के पदाधिकारियों ने उन्हें अत्यंत धार्मिक, संस्कारवान एवं समाजसेवी महिला बताते हुए कहा कि उनकी कमी कभी पूरी नहीं हो सकती, लेकिन उनके संस्कार हमेशा परिवार व समाज को प्रेरित करते रहेंगे।

## एक नजर

### बिजली कटौती और मनमानी बिलिंग के खिलाफ भाजपा का हल्ला बोल

**खूंटी** : लगातार बिजली कटौती, पोस्टपेड मीटर में मनमानी बिलिंग और बदहाल विद्युत व्यवस्था के विरोध में शुक्रवार को जिला भाजपा कमेटी की ओर से जिला विद्युत अभियंता कार्यालय में हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आम जनता की समस्याओं को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया। भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा, प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष रानी टूटी और पूर्व विधायक कोचे मुंडा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इससे पूर्व इसी मुद्दे को लेकर समाहरणालय के समक्ष भी धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री रूपेश जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष कैलाश राम, जगन्नाथ मुंडा, निखिल कंडुलना, कंचन सिंह, प्रियांक भगत, गोपाल स्वर्णकार, अनूप साहू सहित मंडल अध्यक्ष क्रमशः सुबोध गुप्ता, सुधीर सिंह, आशीष कुमार, परशुराम दास, किशोर बड़ाईक, ज्ञान रंजन सिंह, गुलाब महतो, विनोद नाग, राजेश नाग, रीना ओड़ेया, नौरी पूर्ति, रामानंद साहू आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### अवैध बालू उठाव के विरुद्ध में प्रशासन ने की कार्रवाई




**ईचागढ़** : अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी के संयुक्त निरीक्षण के दौरान ईचागढ़–तिरुलडीह पुलिया के नीचे अवैध रूप से बनाए गए रास्ते को जेसीबी से किया गया अवरुद्ध। ईचागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत स्वर्णरेखा नदी स्थित बालू घाट पर अवैध बालू उठाव की सूचना पर अंचल अधिकारी, इचागढ़ दीपक कुमार एवं थाना प्रभारी द्वारा पुलिस बल के साथ संयुक्त निरीक्षण एवं कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान ईचागढ़–तिरुलडीह पुलिया के नीचे अवैध रूप से बनाए गए रास्ते को जेसीबी की सहायता से खुदाई कर अवरुद्ध किया गया, ताकि अवैध खनन गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। इसके साथ ही अवैध रूप से संचित बालू के डंप पर छापामारी की गई तथा एक अवैध गिट्टी लदा ट्रैक्टर को जब्त कर थाना में सुरक्षित रखा गया है। मामले में अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

# डीपीएस बोकारो के छात्रों का कमाल ओलंपियाड में 64 विद्यार्थियों ने लहराया परचम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो** : दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो के विद्यार्थियों ने एक बार पुनः अपनी मेधाविता का परचम लहराया है। सिल्वर जोन की विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाडों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए टॉप रैंकिंग के साथ विद्यालय के 64 छात्र-छात्राओं ने बाजी मारी है। विद्यालय की सीनियर व प्राइमरी, दोनों ही इकाइयों के विद्यार्थियों ने हिंदी, गणित, विज्ञान और सामान्य ज्ञान जैसे विषयों में शीर्ष स्थान पाया। प्रभावशाली ओलंपियाड रैंकिंग के साथ-साथ कुल 16 छात्र-छात्राओं ने स्टेट रैंक 1 हासिल की। अखिल भारतीय हिंदी ओलंपियाड में अनिकेत सिंह ने स्टेट रैंक व जोनल रैंक 1 पाई, तो प्राणिद्य कुमारी मिश्रा ने ओलंपियाड रैंक 1 पर कब्जा जमाया। वहीं, आराध्या सिंह, सात्विक रूपम द्विवेदी और सामन्यु चौधरी ने स्टेट रैंक 1 हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इसी स्पर्धा में अवनी प्रियदर्शी, शताक्षी सिंह, सर्वज्ञ नारायण, अक्षत प्रियदर्शी, राजविका कुमारी और रविका झा ने स्टेट रैंक 2 प्राप्त की। जबकि, अन्वेषा शर्मा व श्लोक कुमार को रैंक 3 मिली। इंटरनेशनल ओलंपियाड ऑफ मैथमेटिक्स में प्रांशी ने ओलंपियाड रैंक 1 हासिल कर अपनी मेधा सिद्ध की। सात्विक रूपम द्विवेदी, मोहम्मद फैज, प्रानिद्य कुमारी मिश्रा और आयुष्मान झा ने स्टेट रैंक 1, जय सात्विक मदिरेड्डी व सामन्यु चौधरी ने स्टेट रैंक 2 तथा अंशुमन झा, धैर्य राज व पर्व राठौर ने स्टेट रैंक 3 हासिल की। इंटरनेशनल ओलंपियाड ऑफ साइंस में अनिकेत सिंह ने स्टेट रैंक 1, तो रुचित राज ने ओलंपियाड रैंक 1 प्राप्त की। रुद्र, प्रानिद्या कुमारी मिश्रा और रीति मान्या ने स्टेट रैंक 2 तथा ध्रुव श्रीवास्तव और देव राज ने स्टेट रैंक 3 पाई। इसी प्रकार, तार्किक क्षमता में अंशुमन झा, आदित्य राज, जय सात्विक मदिरेड्डी, दिव्यांश कुमार व दर्शिल राज ने स्टेट रैंक 1, आयुष, अक्षत प्रियदर्शी, ऋषिका दत्ता, वेदांत महतो, प्राणिद्य कुमारी मिश्रा ने स्टेट रैंक 2, अंश कुमार, आतिश अग्रवाल, सामन्यु चौधरी और इशित पटेल ने स्टेट रैंक 3 हासिल की। स्टेम ओलंपियाड में रेयांश सिंह ओलंपियाड टॉपर रहा, प्राणिद्य कुमारी मिश्रा ने भी ओलंपियाड रैंक 1 पाई, तो अक्षत प्रियदर्शी व सामन्यु चौधरी को स्टेट रैंक 1 मिली। सात्विक रूपम द्विवेदी, इशान्वी विक्रम, अद्विक सिंह व अंश्रिथ नंदन ने स्टेट रैंक 2, अभिज्ञान, सुधांशु कुमार, पर्व राठौर व आयांश पांडेय ने स्टेट रैंक 3 पाई। इसी प्रकार, सामान्य ज्ञान की स्पर्धा स्मार्ट किड जनरल नॉलेज ओलंपियाड में प्रानिद्या कुमारी मिश्रा और श्याम कुमार, दोनों ने ओलंपियाड रैंक 1 प्राप्त कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया। यशस्विनी और संचय कुमार सिंह ने स्टेट रैंक 2 तथा सुधांशु शेखर ने स्टेट रैंक 3 हासिल की। वहीं, इंटरनेशनल सोशल स्टडीज ओलंपियाड में ध्रुव श्रीवास्तव, अनिकेत सिंह और प्रानिद्या कुमारी मिश्रा ने स्टेट रैंक 2 लाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने सभी सफल प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र व मेडल के साथ पुरस्कृत करते हुए उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## संक्षिप्त खबरें

### भीषण गर्मी में बिजली कटौती की आंख मिचौली से उपभोक्ता परेशान व आक्रोशित




**बरही** : इन दिनों गर्मी के दस्तक देते ही बरही प्रखंड क्षेत्र में लागातार बार–बार ट्रीपिंग व बिजली कटौती से आम उपभोक्ता परेशान हैं। गर्मी में बार–बार बिजली कटौती से लोगों का हाल बेहाल हो गया है जिसके कारण उपभोक्ताओं में आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली की बार– बार कटौती होने से आमजन जीवन व बिजली पर आधारित उद्योग धन्धे काफी प्रभावित हो रहे है। एक सप्ताह से बनी अघोषित बिजली कटौती का यह आलम है कि बिजली कटौती इस प्रकार हो रही है कि मानो जैसे कोई लुका छिपी का खेल खेला जा रहा है। बिजली आने के बाद कब व कितने घंटे में गायब हो जाएगा कोई निश्चितता नहीं है। इस समय बदले मौसम एवं भीषण गर्मी का प्रकोप के कारण लोगों के हाल बेहाल हो रहा है। उपभोक्ताओं का इस भीषण गर्मी की वजह से जीवन अस्त–व्यस्त है तथा जीवन व्यापन करना भी मुश्किल हो रखा है वहीं बच्चों की पढ़ाई पर भी असर पड़ता है।इस कटौती से हर वर्ग परेशान है। साथ ही इस कटौती के कारण कई गांवों या घरों में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो जाती है। बिजली पर अधारित कई काम धन्धे व उद्योग भी बिजली कटौती की चपेट में आ रहे है।

### युवा कल्याण, सांस्कृतिक एवं पर्यटन विकास समिति की समीक्षात्मक बैठक संपन्न



**ईचागढ़** : झारखंड विधानसभा स्थित युवा कल्याण, सांस्कृतिक एवं पर्यटन विकास समिति की एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक रांची में समिति की सभापति सविता महतो की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य समिति द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों एवं आगामी कार्ययोजनाओं की समीक्षा करना तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना था। बैठक के दौरान सभापति सविता महतो ने समिति के सदस्यों एवं संबंधित पदाधिकारियों से अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने युवा कल्याण से जुड़े कार्यक्रमों को अधिक सक्रिय और परिणामोन्मुखी बनाने पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर समिति के सदस्य विधायक रागिनी सिंह, विधायक निशात आलम आदि उपस्थित थे।

## दामोदर नदी से शुरू होगी भव्य कलश यात्रा परशुराम महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : परशुराम सेवा समाज बाईसी के तत्वावधान में निर्मित भगवान परशुराम मंदिर परिसर में कलश यात्रा से पूर्व आज एक संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी कार्यक्रमों की विधिवत जानकारी दी गई। इस अवसर पर बताया गया कि शुक्रवार को प्रातः 8:00 बजे दामोदर नदी से भव्य कलश यात्रा के साथ महायज्ञ का शुभारंभ होगा, जो 21 अप्रैल 2026 को पूर्णाहुति के साथ संपन्न होगा। इस कलश यात्रा में लगभग 2100 छोटी बालिकाएं कलश धारण कर मंदिर परिसर तक प्रस्थान करेंगी, जो इस आयोजन की भव्यता को और भी विशेष बनाएगा। समाज के अध्यक्ष उमेश चंद्र शर्मा जी ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि यह परशुराम मंदिर पूरे झारखंड का सबसे बड़ा नवनिर्मित मंदिर है, जो बाईसी समाज के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। समाज के संरक्षक मृत्युंजय शर्मा जी ने कहा कि यह महायज्ञ केवल एक धार्मिक अनुष्ठान मात्र नहीं, बल्कि हमारी आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकता का विराट प्रतीक है। हम सभी का सामूहिक प्रयास इस पावन आयोजन को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए संकल्पित है।

# डीसी के निर्देश पर एसडीओ चास ने लिया त्वरित संज्ञान, प्रिया से की बात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : बोकारो के बी.एस.सिटी सेक्टर 04 जी की रहने वाली छात्रा प्रिया कुमारी के पिता के सड़क दुर्घटना में घायल हो जाने के बाद परिवार पर आर्थिक संकट गहरा गया। इस विपरीत परिस्थिति में प्रिया ने अपनी पढ़ाई जारी रखने की इच्छा नहीं छोड़ी और प्रशासन से सहायता की गुहार लगाई।

**सोशल मीडिया से प्रशासन तक पहुंची आवाज**

प्रिया की समस्या सोशल मीडिया के माध्यम से सामने आई, जिस पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने त्वरित संज्ञान लेते हुए चास अनुमंडल पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिए

**एसडीओ ने की सीधी बातचीत, समझी पूरी स्थिति**

निर्देश के अनुपालन में एसडीओ चास सुश्री प्रांजल ढ़ांडा ने प्रिया से सीधे बातचीत कर उसकी समस्याओं को विस्तार से जाना और उसके समाधान के लिए तत्काल कदम उठाए।

**विशेष परीक्षा आयोजित कराने का निर्देश**

प्रिया की पढ़ाई बाधित नहीं हो, इसके लिए एसडीओ ने संत रविदास पब्लिक स्कूल के प्रबंधन से बात की। प्रबंधन ने मई माह के प्रथम सप्ताह में प्रिया के लिए विशेष परीक्षा आयोजित करने पर सहमति जताई है, ताकि वह अपनी शैक्षणिक प्रगति जारी रख सके। इस दौरान प्रिया को परीक्षा की तैयारी करने को कहा है।

**आगे की पढ़ाई के लिए नामांकन सुनिश्चित**

चूंकि संत रविदास पब्लिक स्कूल केवल कक्षा 08 तक ही संचालित है, इसलिए जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि प्रिया का नामांकन आगे की पढ़ाई के लिए उच्च विद्यालय लकड़ाखंदा में कराया जाए।

# अवैध बालू कारोबार पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 2 ट्रैक्टर जब्त

▶ 200 CFT अवैध बालू के साथ वाहन पकड़े गए, थाना प्रभारी बोलेः कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**तिरुलडीह** : सरायकेला-खरसावां जिले के तिरुलडीह थाना क्षेत्र में अवैध बालू उत्खनन और परिवहन के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए छापेमारी अभियान चलाया। शुक्रवार को थाना प्रभारी कौशल कुमार के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान ग्राम कारकीडीह से दो ट्रैक्टर जब्त किए गए। पुलिस के अनुसार दोनों ट्रैक्टरों में करीब 200 सीएफटी अवैध बालू लदा हुआ पाया गया जिसे तत्काल जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। इस संबंध में विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है और संबंधित वाहन मालिकों व संलिप्त लोगों की पहचान की जा रही है। थाना प्रभारी कौशल कुमार ने बताया कि अवैध बालू उत्खनन और परिवहन के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। किसी भी कीमत पर इस तरह की अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है और भविष्य में भी इस तरह की छापेमारी जारी रहेगी ताकि प्राकृतिक संसाधनों के अवैध दोहन पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध बालू कारोबारियों में हड़कंप मच गया है और प्रशासन ने साफ संकेत दिया है कि इस तरह के मामलों में सख्ती और बढ़ाई जाएगी।

## तीन आंगनबाड़ी केन्द्रों के जीर्णोदार का किया गया शिलान्यास



**विष्णुगढ़** : प्रखंड में तीन आंगनबाड़ी केन्द्रों के जीणोर्दार कार्य का शिलान्यास शुक्रवार को किया गया। सभी कार्य डीएमफटी मद से कराए जाएंगे। जिन आंगनबाड़ी केन्द्रों का जीणोर्दार होना है, उनमें रखवा, गोविन्दपुर कला तथा बनासो खास आंगनबाड़ी केन्द्र शामिल हैं। सभी में भवन की मरम्मति, पेयजल आपूर्ति, विद्युतीकरण एवं डीप बोरवोल का काम कराया जाएगा। इसके अलावा गोविंदपुर के खरखुंदो स्थित भवानी तालाब में विधायक मद से स्नान घाट निर्माण का शिलान्यास भी किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम में आजसू प्रखंड अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार मंडल, जिला सचिव महादेव देहाती, दामोदर महतो, प्रवीण मंडल, संतोष महतो, भागीरथ महतो समेत कई लोग शामिल थे।

# लोकतंत्र में वोट का ताकत सबसे शक्तिशाली : जयराम महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पुरुलिया** : बंगाल विधान सभा चुनाव जैसे जैसे नजदीक आ रहा है, चुनावी प्रचार प्रसार तेज हो रहा है, सभी पार्टी अपना अपना दम लगाये हुए हैं, झारखंड लोकतांत्रिक मोर्चा पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो, केन्द्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो समेत कई दिग्गज नेता बंगाल में दस्तक दे दिए हैं । आज पुरुलिया जिला जयपुर विधान सभा के झलदा टाली सेंटर मैदान में चुनावी सभा आयोजित की गई । मौके पर हजारों की संख्या में लोग पहुंचे ।

सभा को संबोधित करते हुए जेएलकेएम सुप्रीमो टाईगर जयराम महतो ने कहा कि जयपुर विधान सभा और बाघमुण्डी विधान सभा क्षेत्र जेएलकेएम पार्टी मजबूती से चुनाव लड़ रही हैं। जयराम महतो ने जयपुर और बाघमुण्डी के जनता से अपील किया कि इस बार वोट बंगाल के बेहतर शिक्षा के लिए, बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए करें । लोकतंत्र में सबसे मजबूत और शक्तिशाली ताकत आपका वोट का अधिकार है, आप अपना बहुमूल्य वोट का सदुपयोग कर जयपुर के सेवक दिव्यज्योति सिंह देव और बाघमुण्डी के सेवक मनोज कुमार महतो को भारी वोट से विजयी बनाएं । मौके पर केन्द्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि बंगाल के जयपुर और बाघमुण्डी विधान सभा के जनता इस बार ममता के जंगल राज और भाजपा के डर राज को जड़ से उखाड़ फेंकेगी। जनता के आशीर्वाद से जेएलकेएम समर्थित उम्मीदवार जयपुर से दिव्यज्योति सिंह देव और बाघमुण्डी से मनोज कुमार महतो चुनाव जीतते ही क्षेत्र के मूलभूत सुविधा शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी रोजगार का अवसर उपलब्ध कराया जाएगा । इसके अलावा सभा को जयपुर प्रत्याशी दिवज्योति सिंह देव, बाघमुण्डी प्रत्याशी मनोज महतो, रामदास मुर्मू, बेबी के अलावा अन्य नेता संबोधन किया ।


JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
(CIN No. – U40108JH2013SGC001704)
OFFICE: General Manager (CRITL/O.E)
JUSNL Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834 002 (Jharkhand)
(E-mail: cecritl.jusnl@rediffmail.com) Website:www.jusnl.in

e-Tender notice
e-NIT No.-36/PR/JUSNL/2026-27

E-tender in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part-II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm for the following works :-

| | |
|---|---|
| Name of work | Detailed survey of 220 KV D/C Hatia-II - PGCIL New Transmission line (between LOC No. 122-129) and 132 KV Hatia-I – Kamdara S/C Line (between LOC No. 20-22) for shifting and height raising of transmission line to facilitate the proposed Railway line crossing of Lodhma – Piska Section of SE Railway under the jurisdiction of 220/132 KV GSS, Hatia -II and 132/33 KV GSS, Kamdara. |
| Estimated cost (Rs.) | Rs. 5,94,754.00(IncludingGST ). |
| Earnest Money Deposit | Rs.11,900.00On line mode |
| Completion Period | 45 days |
| e-Tender fee | Rs. 5,000.00 +18% GST On line mode. |
| Start Date & Time of Download the Tender Documents | 20.04.2026 at 4:00PM |
| Start Date and time of upload of BID | 20.04.2026 at 4:10 PM |
| Pre-Bid Meeting | 27.04.2026. at 4:00 PM |
| End date and time of upload of BID | 11.05.2026 at 4:00 PM |
| BID Opening date for Technical Part | 12.05.2026 at 4:00 PM |
| BID Opening date for Financial Part | Will be communicated |
| Procurement Officer and address for communication | General Manager, (CRITL/O.E), JUSNL Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://www.jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be has from the office of the undersigned (+91-9471736495) during office hours.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders.

Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकातों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager (CRITL/O.E)
JUSNL, Ranchi

PR 377785 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd)26-27*D



झारखण्ड राज्य सहकारी मत्स्य संघ लि०
(झास्कोफिश)
(कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची)
बटन तालाब, डोरण्डा, राँची

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–02/2025–26, दिनांक 17.04.2026

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झास्कोफिश के लिए 6 Seater FRP Boat (Without OBM) की आवश्यकता है (सामग्री का स्पेसिफीकेशन टेन्डर डॉक्यूमेंट में संलग्न है)। उक्त सामग्री की आपूर्ति हेतु संबंधित इच्छुक फर्म/ सप्लायर/प्रतिष्ठानों (वैसे फर्म जो मोटर बोट का निर्माण अथवा आपूर्ति के कार्य में हों) से निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी झास्कोफिश कार्यालय के सूचना पट्ट अथवा prdjharkhand.in पर देखा जा सकता है। निविदा से संबंधित जानकारी निम्नवत् है :–

| क्र0 | सामग्री/ विवरणी | लक्ष्य / राशि |
|---|---|---|
| 1 | 6 Seater FRP Boat (Without OBM) | 50 अदद् |
| 2 | ईकाइ लागत | 3.00 लाख रु0 मात्र |
| 3 | कुल राशि | 150.00 लाख रु0 मात्र |

- निविदा प्रपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 22.04.2026 से 24.04.2026 के अपराह्न 06:00 बजे तक।
- निविदा प्रपत्र जमा करने का स्थान :– प्रबंध निदेशक, झास्कोफिश का कार्यालय, बटन तालाब, डोरण्डा, राँची।
- निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– दिनांक 28.04.2026 को पूर्वाह्न 11:30 बजे तक।
- निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 28.04.2026 को अपराह्न 12:00 बजे।
- निविदा खोलने का स्थान :– प्रबंध निदेशक, झास्कोफिश का कार्यालय, बटन तालाब, डोरण्डा, राँची।

प्रबंध निदेशक
झास्कोफिश, रॉची।

PR.NO.377736 Jharkhand State Co-Operative Fisheries Federation Ltd(26-27):D



जिला खेल पदाधिकारी का कार्यालय, सिमडेगा
(जिला पर्यटन,कला-संस्कृति,खेलकूद एवं युवा कार्य शाखा)
स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स बाजारटांड़, सिमडेगा
Email id- sportofficesimdega@gmail.com

(संशोधित)
आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सिमडेगा जिला अंतर्गत ASMITA CITY LEAGUE 2026 का आयोजन दिनांक– 29.04.2026 एवं 30.04.2026 को किया जाना निर्धारित है। अस्मिता लीग का उद्देश्य– महिलाओं को प्रेरित कर खेल जगत में भागीदारी सुनिश्चित करना है एवं विशेष रूप से महिलाओं के लिए खेल प्रतियोगिता हेतु अतिरिक्त अवसर प्रदान करना है, जिससे उनकी भागीदारी बढ़े और उन्हें महत्वपूर्ण प्रतिस्पर्धात्मक अनुभव प्राप्त हो सके। उक्त जिला स्तरीय ASMITA CITY LEAGUE प्रतियोगिता की विवरणी निम्नवत् है :–

| क० | खेल विद्या का नाम | स्थान | आयोजन हेतु तिथि | वर्ग | समन्वयक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Athletics | अल्बर्ट एक्का स्टेडियम | 28.04.2026 को प्रातः 08:00 बजे। | Junior & Senior | श्री दिनेष विष्वकर्मा 9531827688 |
| 2 | volleyball | इण्डोर स्टेडियम, सिमडेगा | 28.04.2026 को प्रातः 08:00 बजे। | | श्री मनीषचन्द्र हेमरोम 9939316509 |
| 3 | Badminton | इण्डोर स्टेडियम, सिमडेगा | 29.04.2026 को प्रातः 08:00 बजे। | | श्री श्रवण प्रधान 7004187546 |
| 4 | Hockey | अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम एवं एस0 एस0 बालिका एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, सिमडेगा। | 29.04.2026 एवं 30.04.2026 को प्रातः 08:00 बजे। | | श्री आदम होरो 8210803639 एवं सुश्री तारिणी कुमारी 9835442942 |
| 5 | Wushu | इण्डोर स्टेडियम, सिमडेगा | 29.04.2026 को प्रातः 08:00 बजे। | | श्री अमुल्य मिश्र 9973573124 |

इच्छुक बालिका/महिला उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु दिनांक– 26.04.2026 तक जिला खेल कार्यालय, सिमडेगा में अपना आवेदन जमा/पंजीकरण करा सकते है एवं विस्तृत जानकारी हेतु जिला खेल समन्वयक, सिमडेगा मो0 सं0– 9939316509 से संपर्क कर सकते है।

नोट :– Asmita City League 2026 का फॉर्म जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.simdega.nic.in में देखा जा सकता है।

जिला खेल पदाधिकारी
सिमडेगा

PR 377762 Simdega (26-27)_D

# अंतरिक्ष में भारत का अगला कदम अब कुछ ही दूर है!

भारत की अंतरिक्ष यात्रा अब एक नए युग में प्रवेश कर रही है, जहां उसके सपने उपग्रह प्रक्षेपण या चंद्रमा-मंगल तक सीमित नहीं रह गए हैं, लक्ष्य है; अंतरिक्ष में अपना स्थायी ठिकाना बनाना। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा प्रस्तावित "भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन" (बीएएस) इसी महत्वाकांक्षा का प्रतीक है। भारत की अंतरिक्ष यात्रा अब एक ऐसे निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है, जहां वह उपग्रह प्रक्षेपण और चंद्र मिशनों के आगे मानव अंतरिक्ष अन्वेषण में उड़ान भरने को उद्यत है, इसलिए भारत आज इसके अगले चरण स्वदेशी स्पेस स्टेशन की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स के निदेशक ए. पकीराज के अनुसार, भारत इसके लिए रूस के दशकों पुराने अनुभव का लाभ उठाना चाहता है। विशेष रूप से कंट्रोल सिस्टम, पावर सप्लाई, कम्युनिकेशन और ट्रैकिंग जैसे महत्वपूर्ण सब-सिस्टम में दोनों देशों के बीच सहयोग की व्यापक संभावनाएं हैं। निश्चित ही यह सहयोग विज्ञान में सामरिक और दीर्घकालिक साझेदारी का संकेत भी है। कोई प्रश्न खड़ा कर सकता है कि रूस का सहयोग ही क्यों लेना? तब इसका सीधा उत्तर यह है कि भारत और रूस के बीच अंतरिक्ष सहयोग का इतिहास अत्यंत समृद्ध और भरोसेमंद रहा है। वर्ष 1975 में भारत का पहला उपग्रह आर्यभट सोवियत संघ की सहायता से ही प्रक्षेपित किया गया था। इसके बाद 1984 में राकेश शर्मा को अंतरिक्ष में भेजने में भी सोवियत संघ (अब रूस) ने अहम भूमिका निभाई थी। यह भारत के अंतरिक्ष इतिहास का गौरवपूर्ण क्षण था। इसके अलावा क्रायोजेनिक इंजन तकनीक के विकास में रूस का सहयोग भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। वर्तमान में चल रहे गगनयान मिशन के तहत भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों (व्योमयानियों) के प्रशिक्षण में भी रूस की भूमिका निर्णायक रही है। यह दीर्घकालिक सहयोग अब इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन परियोजना के माध्यम से एक नए आयाम में प्रवेश कर सकता है। फिलहाल इसरो की योजना के अनुसार, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन वर्ष 2035 तक तैयार हो जाएगा। इसे पृथ्वी से लगभग 450 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थापित किया जाएगा और इसका झुकाव 51.6 डिग्री होगा। यह संरचना काफी हद तक रूस के प्रस्तावित रशियन ऑर्बिटल स्टेशन (आरओएस) के समान होगी। क्योंकि इस ऊंचाई और झुकाव का चयन वैज्ञानिक अनुसंधान, पृथ्वी अवलोकन और अंतरिक्ष प्रयोगों के लिए उपयुक्त माना जाता है। यहां सबसे अधिक इस सफलता के साथ जुड़ी अच्छी बात यह है कि "भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन" का निर्माण भारत को उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में खड़ा करेगा, जिनके पास अपना स्वतंत्र मानवयुक्त अंतरिक्ष स्टेशन हैं। वर्तमान में चीन के पास ही सक्रिय मानवयुक्त स्पेस स्टेशन है, जबकि इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन को 2030-31 तक डीकमीशन किए जाने की योजना है। ऐसे में वैश्विक स्तर पर नए स्पेस स्टेशनों की आवश्यकता और सहयोग के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं। यहां उल्लेखित यह भी है कि इसरो का गगनयान मिशन भारत की पहली मानव अंतरिक्ष उड़ान परियोजना है, जिसके तहत भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजा जाएगा। इस मिशन के सफल होने के बाद "भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन" परियोजना को और गति मिलेगी। गगनयान, "भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन" के लिए एक आधार तैयार करेगा, जहां भारत मानव जीवन समर्थन प्रणाली, अंतरिक्ष में दीर्घकालिक निवास और वैज्ञानिक प्रयोगों का अनुभव प्राप्त करेगा। वर्तमान समय में निश्चित ही यह हर भारतीय के लिए गौरव की बात है कि भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों ने वैश्विक स्तर पर अपनी विश्वसनीयता सिद्ध की है। चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक सफलता ने भारत को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश बना दिया। इससे पहले मंगलयान ने भारत को मंगल ग्रह की कक्षा में पहली ही कोशिश में पहुंचने वाला पहला देश बना दिया था। वस्तुतः इन मिशनों ने न सिर्फ भारत की वैज्ञानिक क्षमता को प्रदर्शित किया, बल्कि कम लागत में उच्च गुणवत्ता वाले अंतरिक्ष कार्यक्रमों का एक वैश्विक मॉडल भी प्रस्तुत किया।

# 'वात्सल्य पीठ': करुणा, साधना और आत्मोन्नति का दिव्य तीर्थ

**ललित गर्ग**

दिल्ली जैसे महानगर की आपाधापी, भागदौड़ और संवेदनहीनता के बीच यदि कोई ऐसा स्थान निर्मित हो, जहाँ पहुंचते ही मन शांत हो जाए, आत्मा को विश्राम मिले और जीवन को एक नई दिशा का बोध हो, तो निश्चय ही वह स्थान साधारण नहीं, बल्कि दिव्यता का स्पंदित केन्द्र होता है। "वात्सल्य पीठ" ऐसा ही एक अनुपम आध्यात्मिक तीर्थ बनकर उभरा है, जो शासनमाता साध्वीप्रमुखा कनकप्रभाजी की स्मृतियों को संजोए हुए न केवल तेरापंथ धर्मसंघ के अनुयायियों के लिए, बल्कि समस्त मानवता के लिए शांति, साधना और आत्मिक उन्नति का केन्द्र बनने जा रहा है। 19 अप्रैल 2026 को इसके उद्घाटन का पावन अवसर केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक युगीन चेतना के जागरण एवं आध्यात्मिक अनुभवों का प्रतीक है। यह वही पावन भूमि है, जहाँ साध्वीप्रमुखा कनकप्रभाजी ने अपने तप, त्याग और आत्म-साधना के अनेक अमूल्य क्षण व्यतीत किए एवं यह वही सिद्ध भूमि है जहां उन्होंने देह से विदेह होने की यानी निर्वाण यात्रा की है और इसी भूमि पर उनका दाह-संस्कार हुआ। आज वही भूमि "वात्सल्य पीठ" के रूप में एक ऐसे जीवंत तीर्थ में परिवर्तित हो चुकी है, जहाँ हर कण में वात्सल्य की मधुरता और साधना की गंभीरता अनुभव की जा सकती है। यहाँ का वातावरण मानो स्वयं बोलता है, यहाँ शांति केवल शब्द नहीं, बल्कि अनुभूति है, यहाँ अध्यात्म केवल विचार नहीं, बल्कि जीवन का साक्षात स्पर्श है। इस स्थल पर पहुंचकर ऐसा लगता है कि जीवन की समस्त अशांति, व्याकुलता और तनाव धीरे-धीरे विलीन हो रहे हैं और आत्मा अपने वास्तविक स्वरूप की ओर लौट रही है।

"वात्सल्य पीठ" की संरचना और सज्जा भी अपने आप में अत्यंत अद्वितीय और आकर्षक है। इसकी वास्तुकला में आधुनिकता और आध्यात्मिकता का सुंदर समन्वय देखने को मिलता है। खुले आकाश की ओर उन्मुख इसकी रचना, प्राकृतिक प्रकाश के लिए बनाए गए स्काईलाइट्स, स्वच्छ वायु के संचार के लिए संतुलित वेंटिलेशन, और सादगी में निहित गरिमामयी भव्यता-ये सभी तत्व इसे एक सजीव ध्यान-स्थली का रूप प्रदान करते हैं। यहाँ की प्रत्येक दीवार, प्रत्येक मार्ग और प्रत्येक कोना जैसे एक मौन संदेश देता है कि जीवन का उद्देश्य बाहरी चकाचौंध में नहीं, बल्कि आंतरिक प्रकाश की खोज में है। "तमसो मा ज्योतिर्गमय" का शाश्वत मंत्र यहाँ की संरचना में साकार रूप से अनुभव किया जा सकता है। इसकी सज्जा कृत्रिम आडंबर से दूर, सहज और सात्विक है, जो साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा के व्यक्तित्व की ही तरह निर्मल, शांत और प्रभावशाली प्रतीत होती है।

साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा का व्यक्तित्व अपने आप में एक विलक्षण प्रेरणा है। वे केवल एक साध्वी नहीं थीं, बल्कि वात्सल्य की मूर्ति, ज्ञान की गंगा और सृजन की सजीव सरस्वती थीं। अल्पायु में ही आचार्य तुलसी के सान्निध्य में दीक्षित होकर उन्होंने अपने जीवन को साधना, सेवा और सृजन के लिए समर्पित कर दिया। मात्र 17 वर्ष की आयु में उन्होंने जिस आध्यात्मिक पथ का वरण किया, वह आगे चलकर एक विराट साध्वी संघ के संचालन और मार्गदर्शन तक पहुँचा। लगभग सात सौ से अधिक साध्वियों के विशाल परिवार का नेतृत्व करना अपने आप में एक अद्भुत उपलब्धि है और यह तब और भी विशिष्ट हो जाता है जब उसमें अनुशासन के साथ-साथ वात्सल्य और संवेदना का संतुलन भी बना रहे। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि नारी केवल करुणा और ममता की प्रतीक नहीं, बल्कि संगठन, नेतृत्व और सृजन की भी अद्वितीय शक्ति है। उनका जीवन एक दीपशिखा की भांति था, जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश प्रदान करती रही। उनकी वाणी में ओज, विचारों में गहराई और आचरण में ऐसी पवित्रता थी, जो हर व्यक्ति को प्रभावित और प्रेरित करती थी। वे केवल आध्यात्मिक साधना तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि साहित्य, शिक्षा और सामाजिक चेतना के क्षेत्र में भी उन्होंने उल्लेखनीय योगदान दिया। उन्होंने अनेक साहित्यिक कृतियों की रचना और संपादन किया तथा आचार्य तुलसी की आत्मकथा "मेरा जीवन मेरा दर्शन" के संपादन में भी अपनी अद्वितीय प्रतिभा का परिचय दिया। उनकी लेखनी में संवेदनशीलता, अभिव्यक्ति में माधुर्य और चिंतन में गहराई का अद्भुत समन्वय था। वे एक सफल साध्वी, कुशल प्रशासक, प्रभावशाली वक्ता और संवेदनशील कवयित्री के रूप में जानी जाती थीं।

"वात्सल्य पीठ" का निर्माण केवल एक स्मारक के रूप में नहीं किया गया है, बल्कि इसे एक जीवंत आध्यात्मिक केन्द्र के रूप में विकसित किया गया है। यह स्थान आने वाले समय में एक ऐसे तीर्थ के रूप में प्रतिष्ठित होगा, जहाँ न केवल श्रद्धालु, बल्कि जीवन में शांति-दिशा की खोज करने वाला प्रत्येक व्यक्ति आकर्षित होगा। यहाँ आने वाला हर व्यक्ति अपने भीतर एक नई ऊर्जा, एक नई सकारात्मकता और एक नए संकल्प का अनुभव करेगा। यह स्थान व्यक्ति को स्वयं से जोड़ता है और यही जुड़ाव उसे समाज, संस्कृति और मानवता के प्रति अपने दायित्वों का भी बोध कराता है।

शासन माता साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा का संपूर्ण जीवन वात्सल्य की ऐसी निर्मल धारा था, जिसने न केवल तेरापंथ साध्वी संघ को, बल्कि जन-जन के अंतर्मन को भी स्नेह, करुणा और आत्मीयता से आप्लावित किया। उनके व्यक्तित्व में वात्सल्य केवल एक गुण नहीं, बल्कि एक जीवंत चेतना थी, एक ऐसी करुणामयी ऊर्जा, जो हर मिलने वाले को अपनेपन के आलोक में भर देती थी। वे अनुशासन की अधिष्ठात्री होते हुए भी ममता की मूर्ति थीं, उनके सान्निध्य में कठोरता भी कोमलता में बदल जाती थी। उन्होंने सैकड़ों साध्वियों का नेतृत्व केवल व्यवस्था से नहीं, बल्कि माँ की तरह स्नेहिल संरक्षण देकर किया और यही कारण था कि उनके व्यक्तित्व में "शासन" और "माता" का अद्भुत संगम साकार हुआ। उनके प्रेम, संवेदना और वात्सल्य की असीम अनुकम्पा से अनगिनत जीवन स्पर्शित, परिवर्तित और आलोकित हुए। इसी वात्सल्य-रस से आप्लावित उनके जीवन की स्मृतियों को सहेजने के लिए "वात्सल्य पीठ" नाम पूर्णतः सार्थक और उपयुक्त प्रतीत होता है, क्योंकि यह केवल एक स्मारक नहीं, बल्कि उस दिव्य मातृत्व, उस अनंत करुणा और उस जीवनदायी स्नेह का प्रतीक है, जिसे साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा ने अपने जीवन के प्रत्येक क्षण में जिया और जन-जन तक पहुँचाया। आज के समय में, जब भौतिकता और प्रतिस्पर्धा की अंधी दौड़ में मनुष्य अपने भीतर की शांति और संतुलन खोता जा रहा है, ऐसे में "वात्सल्य पीठ" जैसे केन्द्र अत्यंत आवश्यक हो जाते हैं। यह हमें स्मरण कराता है कि जीवन का वास्तविक सुख बाहरी उपलब्धियों में नहीं, बल्कि आंतरिक संतुलन और आत्मिक उन्नति में निहित है। साध्वी प्रमुखा कनकप्रभा जी का जीवन इसी सत्य का सजीव उदाहरण है। उन्होंने अपने जीवन के माध्यम से यह संदेश दिया कि साधना से आत्मा का उत्थान होता है, सेवा से समाज का निर्माण होता है और सृजन से संस्कृति का संवर्धन होता है। ह्यवात्सल्य पीठह्ण इसी त्रिवेणी-साधना, सेवा और सृजन का साकार रूप है। यह स्थान न केवल अतीत की गौरवगाथा को संजोए हुए है, बल्कि भविष्य के लिए भी एक प्रेरणास्त्रोत है। यहाँ की हर ईंट, हर पत्थर और हर संरचना में साध्वीप्रमुखा कनकप्रभाजी के जीवन मूल्यों की झलक दिखाई देती है। यह स्थल उनके व्यक्तित्व का प्रतिबिंब ही नहीं, बल्कि उनके विचारों और साधना का जीवंत विस्तार है।

निस्संदेह, आने वाले समय में "वात्सल्य पीठ" एक ऐसे तीर्थ के रूप में प्रतिष्ठित होगा, जहाँ से शांति, करुणा और आध्यात्मिकता की किरणें चारों ओर फैलेगी। यह स्थान जन-जन को यह प्रेरणा देगा कि जीवन की सच्ची यात्रा बाहर नहीं, भीतर की ओर होती है, और उसी यात्रा में आत्मा को उसका वास्तविक आनंद, शांति और मुक्ति का अनुभव प्राप्त होता है।

# महिला आरक्षण को लेकर मायावती का विरोधियों पर तीखा प्रहार

**संजय सक्सेना**

महिला आरक्षण अधिनियम के लागू होने के बाद देश की राजनीति में नई बहस छिड़ गई है। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को एक तिहाई सीटें आरक्षित करने वाले इस कानून ने सभी दलों को अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करने को मजबूर कर दिया है। इसी सिलसिले में बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक लंबा पोस्ट लिखकर भाजपा कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर सीधी चोट की है। उन्होंने कांग्रेस को गिरगिट तक कह डाला है। मायावती का कहना है कि कांग्रेस दलित पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्गों के मुद्दों पर दोहरा चरित्र अपनाती रही है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि देश के अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के संवैधानिक अधिकारों के मामले में कांग्रेस का रिकॉर्ड कभी भरोसेमंद नहीं रहा। मायावती ने आरोप लगाया कि जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी तब इन वर्गों को आरक्षण का पूरा लाभ दिलाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। आज महिला आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस इन वर्गों की बात कर रही है लेकिन यह महज राजनीतिक मजबूरी है।

मायावती ने अपने पोस्ट में भाजपा पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता में रहते हुए दलितों और पिछड़ों के हितों की अनदेखी करती रही है। समाजवादी पार्टी को भी उन्होंने पिछड़े वर्गों के प्रति उदासीन बताया। बसपा प्रमुख ने चेतावनी दी कि महिला आरक्षण कानून का लाभ एससी एसटी और ओबीसी महिलाओं को मिलना चाहिए अन्यथा यह कानून मात्र दिखावा साबित होगा। उन्होंने सभी दलों से अपील की कि वे इन वर्गों की महिलाओं के लिए वास्तविक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करें। यह पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है और राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई है।

इस खबर को गहराई से समझने के लिए हमें पहले महिला आरक्षण अधिनियम के संदर्भ को देखना होगा। यह कानून 128 संशोधन विधेयक के रूप में 2023 में पारित हुआ था। लोकसभा राज्यसभा और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने का प्रावधान इसमें है। लेकिन इसका पूर्ण कार्यान्वयन 2029 के लोकसभा चुनाव के बाद होगा जब परिसीमन होगा। इसी बीच मायावती का यह बयान राजनीतिक दलों के बीच आरक्षण के लाभार्थियों को लेकर हो रही बहस को तेज कर रहा है। बसपा हमेशा से दलित पिछड़े और अल्पसंख्यक वोट बैंक पर निर्भर रही है। उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में जहां जातिगत समीकरण निर्णायक होते हैं वहां यह बयान बसपा की रणनीति का हिस्सा लगता है।

मायावती का कांग्रेस पर गिरगिट कहना कोई नई बात नहीं है। इतिहास गवाह है कि कांग्रेस ने स्वतंत्रता के बाद आरक्षण नीतियों को लागू तो किया लेकिन कई बार इसे कमजोर करने की कोशिश भी की। उदाहरण के तौर पर 1990 के मंडल आयोग की सिफारिशों के समय कांग्रेस ने विरोध किया था। वी पी सिंह की सरकार ने ओबीसी आरक्षण लागू किया तो कांग्रेस ने इसे अदालत में चुनौती दी। मायावती का इशारा इसी ओर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्ता में रहते हुए एससी एसटी को प्रमोशन में आरक्षण देने से कतरा गई। 2006 में प्रमोशन में आरक्षण बिल लाने की कोशिश हुई लेकिन कांग्रेस सरकार ने इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया। आज जब महिला आरक्षण आया तो कांग्रेस एससी एसटी ओबीसी महिलाओं के कोटे की बात कर रही है जो पहले कभी नहीं उठाई। यह राजनीतिक उलटफेर मायावती को चुभ रहा है।

भाजपा पर मायावती का हमला भी कम तीखा नहीं है। भाजपा ने महिला आरक्षण बिल पास कराया लेकिन इसमें एससी एसटी ओबीसी के उप कोटा का जिक्र नहीं है। विपक्ष ने इसे लेकर आपत्ति जताई थी। मायावती का कहना है कि भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर दलितों के खिलाफ अत्याचारों को नजरअंदाज करती है। उत्तर प्रदेश में बसपा शासनकाल में मायावती ने दलितों के लिए कई योजनाएं चलाईं लेकिन अब वे कहती हैं कि भाजपा ने उन सबको उलट दिया। समाजवादी पार्टी पर भी उन्होंने चोट की जो यादव और मुस्लिम वोट पर केंद्रित है। सपा को पिछड़ों का ठेकेदार बताते हुए मायावती ने कहा कि यह दल अन्य पिछड़ों की अनदेखी करता है।

इस बयान का राजनीतिक संदर्भ गहरा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को उत्तर प्रदेश में झटका लगा था। नरेंद्र मोदी की लहर के बावजूद सपा और कांग्रेस गठबंधन ने 43 सीटें जीतीं। बसपा मात्र एक सीट पर सिमट गई। अब 2027 के विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। मायावती जानती हैं कि महिला आरक्षण बहस में दलित महिलाओं का मुद्दा उठाकर वे अपना वोट बैंक मजबूत कर सकती हैं। बसपा का कोर वोटर जाटव समुदाय है जो एससी का बड़ा हिस्सा है। मायावती का यह पोस्ट दलित युवाओं को लामबंद करने का प्रयास है।

कांग्रेस की स्थिति भी कमजोर नहीं है। राहुल गांधी ने हाल ही में जाति जनगणना की मांग उठाई है। वे कहते हैं कि महिला आरक्षण में एससी एसटी ओबीसी का उपकोटा जरूरी है। लेकिन मायावती इसे दिखावा मानती हैं। कांग्रेस का इतिहास देखें तो नेहरू काल में आरक्षण को अस्थायी बताया गया था। इंदिरा गांधी ने इसे मजबूत किया लेकिन सोनिया राज में भी प्रमोशन आरक्षण टला रहा। आज प्रियंका गांधी उत्तर प्रदेश में सक्रिय हैं और दलित मुद्दों पर बोलती हैं लेकिन मायावती को भरोसा नहीं। गिरगिट वाली टिप्पणी इसी अविश्वास को दशार्ती है।भाजपा का पक्ष भी देखा जाए तो उन्होंने आरक्षण को संवैधानिक दर्जा दिया। मोदी सरकार ने एससी एसटी एक्ट को मजबूत किया। लेकिन मायावती के आरोप सत्ता के दुरुपयोग के हैं। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार पर दलित अत्याचार के मामले बढ़ने का इल्जाम लगता है। बसपा इसे भुनाने की कोशिश कर रही है। समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव ने भी महिला आरक्षण पर उपकोटा की बात की लेकिन मायावती उन्हें भी निशाने पर ले रही हैं।

महिला आरक्षण का असली सवाल लाभार्थी कौन होंगे। कुल सीटों का एक तिहाई महिलाओं को मिलेगा लेकिन एससी एसटी ओबीसी का अनुपात क्या होगा। संविधान में एससी के लिए 15 प्रतिशत एसटी के लिए 7.5 और ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण है। लेकिन विधानसभाओं में यह लागू नहीं होता। लोकसभा में एससी एसटी सीटें आरक्षित हैं लेकिन ओबीसी नहीं। महिला आरक्षण में उपकोटा न होने से सामान्य वर्ग की महिलाओं को फायदा हो सकता है। मायावती इसी डर से चिंतित हैं। वे चाहती हैं कि दलित पिछड़ी महिलाओं को अलग कोटा मिले। इस बहस से देशव्यापी प्रभाव पड़ेगा। बिहार झारखंड और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में जातिगत समीकरण उलट सकते हैं। बिहार में नीतीश कुमार ने ओबीसी सर्वे कराया जो कांग्रेस भाजपा को असहज कर रहा है। मायावती का बयान बहुजन समाज को एकजुट करने का संदेश दे रहा है। बसपा अकेली पार्टी है जो दलित पिछड़े अल्पसंख्यकों को एक मंच देती है।

मायावती की राजनीति हमेशा आक्रामक रही है। 1995 में वे पहली दलित महिला मुख्यमंत्री बनीं। 2007 में बसपा ने उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत हासिल किया। लेकिन उसके बाद पार्टी का ग्राफ गिरा। 2019 और 2024 में हार ने उन्हें सोचने पर मजबूर किया। अब वे सोशल मीडिया का सहारा ले रही हैं। एक्स पर उनका पोस्ट लाखों लोगों तक पहुंचा। यह डिजिटल युग की राजनीति का उदाहरण है। कांग्रेस का जवाब क्या होगा। पार्टी ने अभी चुप्पी साधी है लेकिन जल्द बयान आएगा। भाजपा प्रवक्ता भी इसे खारिज करेंगे। सपा ने भी प्रतिक्रिया दी होगी। लेकिन मूल मुद्दा वही है आरक्षण का विस्तार। क्या संसद में संशोधन होगा। क्या ओबीसी को विधानसभा में आरक्षण मिलेगा। ये सवाल 2029 तक गरमाएंगे।

मायावती का यह प्रहार सियासी दलों को आईना दिखाता है। वे कहती हैं कि वोट के लिए बहुजन समाज का इस्तेमाल होता है लेकिन हितों की रक्षा नहीं। दलित महिलाएं देश की आधी आबादी का हिस्सा हैं। शिक्षा रोजगार और राजनीति में उनकी भागीदारी कम है। महिला आरक्षण इसे बदल सकता है लेकिन उपकोटा जरूरी है। इस पूरे घटनाक्रम से साफ है कि महिला आरक्षण मात्र कानून नहीं बल्कि सियासी हथियार बन गया है। मायावती ने इसे बहुजन आंदोलन से जोड़ दिया। उत्तर प्रदेश में जहां 80 लोकसभा सीटें हैं वहां यह बहस चुनावी परिणाम बदल सकती है। बसपा फिर से उभरने की कोशिश में है। क्या वे सफल होंगी समय बताएगा। लेकिन यह बयान निश्चित रूप से राजनीति को नई दिशा देगा।

## सूडोकु नवताल- 7768

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7767 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

# राहुल-कांग्रेस का हिंदुओं को लड़ाने, मुस्लिम तुष्टिकरण का एजेंडा

**अजय कुमार**

राहुल गांधी लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पर बोल रहे थे। वे हिंदुओं को दलितों और पिछड़ों में बांटने पर जोर दे रहे थे। तभी उनके मुस्लिम सांसद मेज थपथपा कर तालियां बजा रहे थे। सवाल उठता है कि राहुल गांधी मुसलमानों के पसमांदा समाज की बात क्यों नहीं करते? पसमांदा समाज को पिछड़ों में ही गिना जाता है। समाजवादी पार्टी जैसे दल तुष्टिकरण की सियासत करते हैं, फिर भी उन्होंने पिछड़े मुसलमानों के लिए अलग आरक्षण की मांग क्यों नहीं उठाई? राहुल गांधी अपनी पार्टी की पुरानी विचारधारा से क्यों भटक रहे हैं? दक्षिण और उत्तर के बीच आरक्षण पर खाई क्यों खोदी जा रही है? इन सवालों का जवाब कांग्रेस के शासनकाल के पूर्व प्रधानमंत्रियों के आरक्षण संबंधी रुख से मिलता है।कांग्रेस का आरक्षण दौर जवाहरलाल नेहरू से शुरू होता है। नेहरू देश के पहले प्रधानमंत्री बने। वे समाजवाद के पुजारी थे। लेकिन आरक्षण पर उनका रुख सख्त था। 1950 के संविधान में उन्होंने अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए आरक्षण दिया। पिछड़ों के लिए कुछ नहीं। नेहरू का मानना था कि जाति आधारित आरक्षण से देश का विकास रुकेगा। वे मेरिट को सर्वोपरि मानते थे। 1961 में वे संसद में बोले, आरक्षण से प्रतिभाओं का दमन होगा। उनका सपना था आर्थिक आधार पर विकास। जाति को वे पुरानी बेड़ी मानते थे। नेहरू के समय मुस्लिम पसमांदा या दक्षिण के पिछड़ों की कोई बात नहीं हुई। उनका फोकस सामान्य कल्याण पर था। लेकिन यही नींव बाद में विवाद का कारण बनी।

नेहरू के बाद लाल बहादुर शास्त्री आए। 1964 से 1966 तक उनका छोटा कार्यकाल था। शास्त्री जी गरीबी हटाओ के प्रणेता थे। आरक्षण पर वे नेहरू के रास्ते पर चले। अनुसूचित जातियों का आरक्षण जारी रखा। लेकिन पिछड़ों या मुस्लिम पसमांदाओं के लिए कोई नया कदम नहीं। शास्त्री का जोर खेती और आत्मनिर्भरता पर था। वे कहते थे, जय जवान जय किसान। जातिगत बंटवारे से वे दूर रहे। उनका मानना था कि एकता ही देश की ताकत है। दक्षिण भारत में तब मंडल जैसे आंदोलन की बुनियाद पड़ रही थी। लेकिन शास्त्री ने उसे दबाया। कांग्रेस की पुरानी विचारधारा यही थी, सीमित आरक्षण, व्यापक विकास।इंदिरा गांधी ने इस विचारधारा को मोड़ दिया। 1966 से 1977 और फिर 1980 से 1984 तक वे प्रधानमंत्री रहीं। इंदिरा ने राजनीतिक लाभ के लिए आरक्षण का विस्तार किया। 1970 के दशक में गुजरात और बिहार में आरक्षण आंदोलन भड़के। इंदिरा ने पिछड़े वर्गों को आकर्षित करने की कोशिश की। लेकिन ठोस कदम कम ही उठाए। मुस्लिम पसमांदा समाज को उन्होंने अल्पसंख्यक कल्याण के नाम पर लुभाया। अलग आरक्षण की बात नहीं की। इंदिरा का फोकस आपातकाल और गरीबी हटाओ पर था। उन्होंने संविधान में दलितों का आरक्षण 10 वर्ष बढ़ाया। लेकिन दक्षिण के मंडल आयोग को नजरअंदाज किया। कर्नाटक में वहां की सरकार ने 1975 में पिछड़ों को आरक्षण दिया। इंदिरा ने केंद्र से समर्थन नहीं दिया। इससे उत्तर-दक्षिण में दरार की शुरूआत हुई। इंदिरा की सियासत तुष्टिकरण वाली थी, लेकिन जाति आधारित नहीं।

राजीव गांधी ने 1984 से 1989 तक सत्ता संभाली। वे आधुनिक चेहरा थे। लेकिन मंडल आयोग ने उन्हें चुनौती दी। 1990 में वीपी सिंह ने मंडल को लागू किया। राजीव ने इसका विरोध किया। वे संसद में बोले, यह जातिवाद को बढ़ावा देगा। राजीव का मानना था कि आरक्षण से युवाओं का भविष्य बर्बाद होगा। उन्होंने ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण का विरोध किया। मुस्लिम पसमांदा पर चुप्पी साधे रहे। राजीव ने कंप्यूटर क्रांति और पंचायती राज लाए। उनका जोर विकास पर था। दक्षिण में तमिलनाडु ने 69 प्रतिशत आरक्षण कर लिया था। राजीव ने केंद्र से इसे सीमित करने की कोशिश की। इससे दक्षिणी राज्य नाराज हुए। कांग्रेस की पुरानी विचारधारा यहीं टूटने लगी। राजीव तुष्टिकरण से दूर रहे। पीवी नरसिम्हा राव ने 1991 से 1996 तक शासन किया। वे आर्थिक उदारीकरण के जनक थे। मंडल आयोग को लागू करने का श्रेय उन्हें मिला। लेकिन मजबूरी में। वीपी सिंह के बाद सरकार संभाली तो ओबीसी आरक्षण जारी रखा। राव ने मुस्लिम पसमांदा के लिए कुछ नहीं किया। उनका फोकस अर्थव्यवस्था पर था। बाबरी विध्वंस के बाद उन्होंने मुसलमानों को सांत्वना दी, लेकिन आरक्षण नहीं। दक्षिण के तमिलनाडु और कर्नाटक ने उच्च आरक्षण बनाए रखा। राव ने सुप्रीम कोर्ट के 50 प्रतिशत की सीमा का सम्मान किया। लेकिन उत्तर में मंडल ने हिंदुओं को बांटा। राव की कांग्रेस ने तुष्टिकरण का रास्ता अपनाया। पिछड़े मुसलमान उपेक्षित रहे। मंडल के बाद कांग्रेस कमजोर हुई। फिर सोनिया गांधी का दौर आया। 2004 से 2014 तक यूपीए शासन चला। मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बने। वे अर्थशास्त्री थे। आरक्षण पर उनका रुख नरम था। 2006 में ओबीसी आरक्षण को सुप्रीम कोर्ट से मंजूरी दिलाई। लेकिन मुस्लिम पसमांदा को साइडलाइन किया। सच्चर समिति बनी, जिसमें मुसलमानों की पिछड़गी बताई गई। लेकिन पसमांदा के लिए अलग कोटा नहीं। यूपीए ने अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय बनाया। तुष्टिकरण चरम पर पहुंचा। दक्षिण में आरक्षण पहले से ऊंचा था। उत्तर में राहुल गांधी ने दलित-ओबीसी कार्ड खेला। लेकिन पुरानी नेहरूवादी विचारधारा भूल गई। मनमोहन ने कहा, आरक्षण विकास का साधन है। लेकिन हिंदू विभाजन पर जोर दिया। मुस्लिम पसमांदा की अनदेखी जारी रही। अब राहुल गांधी का समय है। वे लोकसभा में हिंदुओं को दलित-पिछड़े में बांटते हैं। मुस्लिम सांसद तालियां बजाते हैं। लेकिन पसमांदा समाज क्यों भूला? पसमांदा मुसलमान जुलाहा, अंसारी जैसे समुदाय हैं। वे ओबीसी सूची में हैं।

## दैनिक पंचांग

**18 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ | समय |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | मेष | 05.25 बजे से |
| चंद्र | मेष में | वृष | 07.09 बजे से |
| मंगल | मीन में | मिथुन | 09.07 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 11.21 बजे से |
| गुरू | मिथुन में | सिंह | 13.37 बजे से |
| शुक्र | मेष में | कन्या | 15.49 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 17.59 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृश्चिक | 20.14 ब.से |
| केतु | सिंह में | धनु | 22.30 बजे से |
| राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक | | मकर | 00.35 बजे से |
| | | कुंभ | 02.22 बजे से |
| | | मीन | 03.55 बजे से |

**शनिवार** 2026 वर्ष का 108 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** वैशाख **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** प्रतिपदा 14.11 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** अश्विनी 09.43 बजे को समाप्त।
**योग** प्रीति 23.56 बजे को समाप्त।
**करण** बव 14.11 बजे तदनन्तर बालव 00.31 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 0.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 10° 45'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872683
**जूलियन दिन** 2461148.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** सव्वाल
**तारीख** 29
**विशेष** चन्द्रदर्शन, पराशर ऋषि जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### डॉ. तनवीर आलम 18 अप्रैल को पाकुड़ में कार्यकर्ताओं से करेंगे मुलाकात

**पाकुड़** : जिले में झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव डॉ. तनवीर आलम 18 अप्रैल 2026 को पाकुड़ पहुंचेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे शाम 4:00 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ भेट-मुलाकात करेंगे। इस दौरान संगठनात्मक मजबूती, आगामी कार्यक्रमों एवं स्थानीय मुद्दों पर कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से सभी कार्यकताओं को समय पर उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है। पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि यह बैठक संगठन को मजबूत करने एवं कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है, इसलिए अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अपेक्षित है।

### विक्षिप्त के हमले में महिला गंभीर रूप से घायल, रेफर

**साहिबगंज:** बरहेट प्रखंड के रक्सी में एक विक्षिप्त व्यक्ति द्वारा भाले से हमला किए जाने के कारण एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, एक विक्षिप्त व्यक्ति ने अचानक महिला मिरू हेंब्रम (40) पर भाले से प्रहार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ी। ग्रामीणों ने तुरंत इस घटना की सूचना प्रखंड प्रमुख बर्नार्ड को दी। सूचना मिलते ही प्रमुख ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल थाना प्रभारी को सूचित किया और घायल महिला को उपचार दिलाने में मदद की। महिला को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉ तोसीफ आजम ने प्राथमिक उपचार किया। मिरू हेंब्रम गंभीर रूप से जख्मी होने के कारण, बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। ग्रामीणों ने विक्षिप्त व्यक्ति से सुरक्षा की गुहार लगाई है ताकि भविष्य में ऐसी किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

### ऑटो-बाइक की टक्कर तीन घायल दो रेफर



**साहिबगंज:** बरहेट थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार को बरहेट-बरहरवा मुख्य मार्ग पर बरमसिया स्थित भारतीय स्टेट बैंक के पास बाइक और ऑटो की टक्कर में तीन घायल। मिली जानकारी के अनुसार बरमसिया बैंक के पास एक ऑटो और एक मोटर साइकिल के बीच टक्कर में कुल तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनमें बाइक चालक और ऑटो में सवार दो यात्री शामिल है। बरमसिया बैंक के क्लर्क संस्कार सारंगी (24) प्रतिदिन के तरह बरहरवा से बरमसिया स्थित एसबीआई शाखा आ रहा था की बाइक जैसे ही बैंक के अंदर ले जाने के लिए मुड़े तो बरहेट की ओर से यात्री को ले जा रहे ऑटो के बीच टक्कर हो गई। जिसमें संस्कार संरगी का दाहिना हाथ टूट गया है। वहीं टक्कर में अमजद अंसारी 55 वर्षीय घायल हो गया और 6 माह की बच्ची शादियां परवीन भी घायल हो गई। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई और एसबीआई बरमसिया के बैंक कर्मी द्वारा घायलों को तुरंत चंद्रगोंडा मिशन हॉस्पिटल पहुँचाया गया। जहां डॉक्टरों ने तुरंत तीनों का प्राथमिक उपचार किया, वहीं दो गंभीर रूप से घायल संस्कार सारंगी और अमजद अंसारी को डॉक्टर ने बेहतर इलाज हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# पाकुड़ में मासिक अपराध समीक्षा बैठक लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़** : जिले की पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी की अध्यक्षता में शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026 को जिला मुख्यालय में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी थाना एवं ओपी प्रभारियों के कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए। बैठक में बताया गया कि मार्च माह में दर्ज 106 कांडों के मुकाबले 110 कांडों का निष्पादन किया गया है, जो संतोषजनक है। वहीं शेष लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने चोरी, गृहभेदन एवं छिनतई जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए रात्रि गश्ती एवं टाइगर मोबाइल द्वारा सघन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही अवैध कोयला, पत्थर एवं बालू के उत्खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध जिला खनन टास्क फोर्स के साथ नियमित छापेमारी कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने को कहा गया। सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बाल विवाह, नशामुक्ति, मानव तस्करी, साइबर अपराध, महिला उत्पीड़न एवं सड़क सुरक्षा विषयों पर प्रत्येक माह स्कूल एवं कॉलेजों में अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर नियमित वाहन जांच अभियान चलाने, हेलमेट, सीट बेल्ट, रजिस्ट्रेशन एवं इंश्योरेंस की जांच करने तथा ड्रंक एंड ड्राइव के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, पिछले पांच वर्षों के संगीन एवं संपत्ति संबंधी मामलों में शामिल अपराधियों को दागी, निगरानी एवं गुंडा पंजी में दर्ज कर उन पर सतत निगरानी रखने का आदेश दिया गया। न्यायालय में लंबित मामलों में गवाहों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं अभिलेखों के शीघ्र समर्पण पर भी जोर दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने थाना आने वाले शिकायतकताओं के साथ शालीन व्यवहार करने एवं उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। आगामी जेपीएससी एवं अन्य परीक्षाओं को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने पर भी बल दिया गया। बैठक के दौरान सभी पुलिस पदाधिकारियों को ई-साक्ष्य ऐप का प्रशिक्षण दिया गया तथा इसके प्रभावी क्रियान्वयन से संबंधित समस्याओं का समाधान किया गया। अंत में महेशपुर, पाकुड़िया, मुफ्फसिल, हिरणपुर, लिट्टीपाड़ा थाना एवं सिमलोंग ओपी के प्रभारियों को जून 2025 से अब तक वारंट निष्पादन में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## राधानगर में चला वाहन जांच अभियान 60 हजार रुपये जुर्माना वसूला



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : जिला परिवहन पदाधिकारी मिथलेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में शुक्रवार की शाम को उधवा-केलाबाड़ी फोरलेन मुख्य मार्ग स्थित राधानगर थाना के सामने वाहन जांच अभियान चलाया गया। जानकारी के अनुसार वाहन जांच के दौरान मोटरसाइकिल, टोटो, ई-रिक्शा, चार पहिया वाहन चालकों को बारी-बारी से रोककर कागजात की जांच की गई। जांच अभियान में बिना हेलमेट पहने बाइक चालकों का चालान काटा गया। जिसमें कुल 60 हजार रुपए का जुमार्ना वसूला गया। वहीं चेकिंग के साथ लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर पहनें। क्योंकि छोटी-सी लापरवाही जान जोखिम में डाल सकती है।उन्होने यातायात नियमों का भी पालन करने की अपील की। मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, रोड इंजिनियर अनुज परासर, आइटी सहायक राज हंस, राधानगर थाना के एएसआई कान्हू मुर्मू, सुशील मरांडी, श्रीलाल हांसदा सहित अन्य मौजूद थे।

## 37 लीटर विदेशी शराब के साथ फरक्का एक्सप्रेस में कोच अटेंडेंट गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर चल रही सघन जांच के बीच आरपीएफ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फरक्का एक्सप्रेस से एक कोच अटेंडेंट को विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। उसके पास से करीब 37 लीटर शराब बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार 15 अप्रैल को आरपीएफ/सीआईबी मालदा और ट्रेन एस्कॉर्ट टीम को गुप्त सूचना मिली थी। इसके आधार पर ट्रेन संख्या 15743 बीएलजीटीझबीटीआई फरक्का एक्सप्रेस में विशेष जांच अभियान चलाया गया। तिलडांगा स्टेशन के समीप कोच संख्या बी-6 के दिल्ली छोर स्थित लॉकर की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कोच अटेंडेंट ऋषि कुमार पांडेय (35), निवासी साहेबगंज के कब्जे से दो बैग में विदेशी शराब बरामद हुई। पूछताछ में वह शराब से संबंधित कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। उसने स्वीकार किया कि शराब को एकलखी से जमालपुर अवैध बिक्री के लिए ले जाया जा रहा था। ट्रेन के बरहरवा स्टेशन पहुंचने पर आरोपी को उतारकर हिरासत में ले लिया गया। बरामद शराब में 19 बोतल व्हिस्की, 24 कैन बीयर और 100 टेट्रा पैक शामिल हैं, जिसकी कुल मात्रा 37.125 लीटर और अनुमानित कीमत 21,770 रुपये बताई जा रही है। आरपीएफ ने विधिवत जब्ती की कार्रवाई पूरी करते हुए पूरे मामले की वीडियोग्राफी कराई। आरोपी को उसके अधिकारों की जानकारी देने के साथ ही परिजनों को सूचित किया गया। बाद में आरोपी और जब्त शराब को उत्पाद विभाग साहेबगंज को सौंप दिया गया। इस संबंध में उत्पाद विभाग ने आरपीएफ की लिखित शिकायत पर केस संख्या 50/26, धारा 47(ए) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## हाईकोर्ट का बड़ा आदेश : वन भूमि से 500-400 मीटर दूरी अनिवार्य, स्टोन क्रशर उद्योग में हड़कंप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सह पर्यावरण प्रेमी सैयद अरशद नसर ने झारखण्ड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस सोनक व जस्टिस राजेश शंकर की बेंच के द्वारा गुरूवार को पारित आदेश का तहे दिल से स्वागत किया है। जिसमें हाईकोर्ट ने झारखंड राज्य प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड के वर्ष 2015 व 2017 के उस अधिसूचना को रद्द कर दिया जिसमें पत्थर खनन पट्टा व स्टोन क्रशर का लाईसेंस लेने के लिए निर्धारित दुरी वन भुमि से 500 व 400 मीटर से घटा कर 250 मीटर कर दिया था।हाईकोर्ट के इस फैसले से अब पत्थर खनन पट्टा के लिए वन भुमि से दुरी 500 मीटर व स्टोन क्रशर का लाईसेंस लेने में वन भुमि से ये दुरी 400 मीटर की होगी। अरशद ने इसे पर्यावरण प्रेमीयों व झारखंड वासियों की ऐतिहासिक जीत करार देते हुए इसे पर्यावरण व वन संरक्षण में एक ऐतिहासिक कदम बताते हुए जल वायु ध्वनि प्रदूषण में दुरगामी राहत देने वाला फैसला करार दिया है। हाईकोर्ट का ये फैसला राज्य के समस्त 24 जिलों पर लागू होगा। हाईकोर्ट के इस फैसले से राज्य के सैंकड़ों पत्थर खनन पट्टा व स्टोन क्रशर का लाईसेंस रद्द होने के साथ ही पत्थर व स्टोन क्रशर में अरबों रुपये का निवेश डुबने के साथ राज्य में बेरोजगारी भी बढ़ेगी जिसका असर बाजार पर पड़ने की संभावना है तो दुसरी ओर हाईकोर्ट के इस ऐतिहासिक निर्णय से राज्य में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। हाईकोर्ट के इस ऐतिहासिक फैसले से पत्थर-स्टोन क्रशर धारियों में हड़कंप मच गया है तो दुसरी ओर पर्यावरण प्रेमीयों में खुशी की लहर देखी जा रही है।हाईकोर्ट ने इस मामले के सभी पक्षकारों से 12 जुन तक अतिरिक्त पक्ष रखने की स्वतंत्रता देते हुए 18 जुन को अंतिम फैसला सुनाने के लिए सूचिबद्ध किया है। अब सभी की नजरें 18 जुन के फैसले पर टिक गईं है।

## बीडीओ ने लाभुकों को दिया एक सप्ताह में आवास पूर्ण करने का निर्देश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज** : जिले के उधवा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में आवास पूर्णता विशेष अभियान के तहत लंबित आवासों को पूरा किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को बीडीओ सह अंचलाधिकारी जयंत कुमार तिवारी ने प्रखंड क्षेत्र के उत्तर पलाशगाछी पंचायत में भ्रमण कर लाभुकों से उनके आवास निर्माण की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने लाभार्थियों से निर्माण कार्य में विलंब होने पीछे के कारणों को गंभीरता से सुना।वहीं बीडीओ ने लाभुकों को एक सप्ताह के भीतर निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ससमय अनुसार निर्माण कार्य पूरा नहीं करने पर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर प्रखंड समन्वयक आवास संदीप कुमार गुप्ता,पंचायत सचिव सह आवास प्रभारी संतोष कुमार सुमन, मुखिया प्रतिनिधि सिटू शेख सहित अन्य मौजूद थे।

# पूणार्हुति के साथ श्री 1008 श्री 11 कुंडात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का हुआ समापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** ऐसे धार्मिक पावन कार्यक्रम जिला में समय समय पर हो, आज की आधुनिकता में बच्चे भारतीय संस्कार से आधुनिकता की ओर आज रहा है उक्त बाते महामंडलेश्वर श्री अयोध्या दास जी महाराज ने कही। शहर के साक्षरता चौक काटरगंज दुर्गा पूजा समिति की ओर से दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित श्री श्री 1008 श्री 11 कुंडात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का नवें व अंतिम दिन शुक्रवार को पूणार्हुति के साथ समापन हुआ। महायज्ञ में सुबह काशी के आचार्य डॉ हरेंद्र द्विवेदी के सानिध्य में 25 सदस्यी पुरोहितो ने वैदिक मंत्रोचारण के साथ 33 कोटि देवी देवताओं का आह्वाहन करके यज्ञ मंडप का पूजन व हवन किया ओर पूणार्हुति तय शुभ समय दोपहर 12 बजे से एक बजे तक वैदिक मंत्रोचारण के साथ विधिवत रूप से देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए साधु संत महात्मा ओर नागा साधु संत की उपस्थिति में पूणार्हुति दिया गया। महामंडलेश्वर श्री अयोध्या दास जी महाराज ने कहा कि यज्ञ का प्रसाद सभी कोई खाना चाहिए इससे कई गुना पुण्य मिलता है। आज की आधुनिकता में बच्चे बेटियां बहु भारतीय संस्कार से आधुनिकता की ओर जा रही है। भारतीय संस्कृति को संजो कर रखने के लिए इसको जोड़कर रखने के लिए ऐसे यज्ञ धार्मिक आयोजन करना चाहिए और सभी सनातनी अपने बेटे बेटियों को सनातन संस्कृति को बताना चाहिए। सूर्य सारे संसार को प्रकाशित कर सकता है लेकिन मनुष्य के अंतःकरण के अंधकार को सूर्यदेव भी प्रकाशित नहीं कर सकते। उसको प्रकाशित संत महात्मा करते है। ऐसे धार्मिक आयोजन करके देश का समाज का संपूर्ण कल्याण हो। वही वैदिक मंत्रोचारण से पूरा क्षेत्र शुद्ध पवित्र भक्तिमय हो गया है। शहर भक्ति के रंग में डूबा हुआ है। महायज्ञ परिसर में देर रात्रि तक महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग श्रद्धालु पहुंचकर कथा, रासलीला, भंडारा स्वरूप प्रसाद ओर मेला का आनंद उठा रहे है।

## संक्षिप्त खबरें

### अमड़ापाड़ा में कोयला परिवहन ठप, ट्रांसपोर्टरों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल का किया ऐलान



**अमड़ापाड़ा** : जिले के पचुवाड़ा कोल ट्रांसपोर्ट समिति ने कोयला परिवहन कार्य में लगे ट्रकों को लेकर बड़ा निर्णय लिया है। समिति द्वारा शुक्रवार को आरएस पैलेस, अमड़ापाड़ा में हुई बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया है कि विभिन्न समस्याओं और भारी नुकसान के विरोध में आज 18 अप्रैल 2026 (शनिवार) से कोयला परिवहन कार्य को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रखा जाएगा। समिति द्वारा उपायुक्त पाकुड़ को दिए गए पत्र में बताया गया है कि बीजीआर एवं डीबीएल के अंतर्गत चल रहे कोयला परिवहन कार्य में लगे ट्रक मालिकों को लगातार नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसके विरोध में ट्रांसपोर्टर अपने-अपने वाहनों को खड़ा कर देंगे और मांगें पूरी होने तक परिवहन कार्य बंद रहेगा। ट्रांसपोर्टरों की प्रमुख मांगों में माल भाड़ा बढ़ाने, कोयला खदान से पाकुड़ रेलवे साइडिंग तक की सड़कों की बदहाल स्थिति में सुधार, सड़क पर बढ़ती रंगदारी एवं कोयला चोरी पर रोक लगाने के साथ-साथ कंपनियों की असहयोगात्मक नीतियों में बदलाव शामिल है। इसके अलावा डीबीएल कंपनी पर सड़क प्रबंधन में विफल रहने और नियमों में मनमानी करने का भी आरोप लगाया गया है। समिति ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होती, तब तक कोयला परिवहन कार्य पूरी तरह ठप रहेगा। इस निर्णय से जिले में कोयला आपूर्ति और संबंधित उद्योगों पर असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

### अयोध्या से भारत भ्रमण पर निकले दो दर्जन नागा साधु संत महात्मा साहिबगंज पहुंचे



**साहिबगंज:** अयोध्या धाम से राम रथ लेकर लगभग दो दर्जन साधु संत महात्मा भारत भ्रमण पर निकले है। मुख्य संत महात्मा सीताराम दास ने बताया कि अयोध्या से हरिद्वार ट्रेन से यात्रा किए। हमलोग गंगोत्री यमनोत्री, केदारनाथ बद्रीनाथ यात्रा किए। हमलोग नैनीताल के ओर से अयोध्या धाम आए। फिर वहां से राम रथ लेकर लगभग दो दर्जन नागा साधु संत महात्मा की टोली अयोध्या धाम से पैदल चलकर साहिबगंज श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ मंडप स्थल परसो पहुंचे। शाम में महादेवगंज आश्रम राम रथ पहुंचेगी, उसके बाद देवघर के लिए प्रस्थान करेंगे। हमलोग पूरे भारत का भ्रमण करेंगे। सनातन धर्म का प्रचार प्रसार करने के उद्देश्य से भारत भ्रमण पर निकले है, सबका विकास हो। राम नाम जपते जाए, जिंदा होने ओर मरने के बाद लोग राम नाम जपते हुए जाते है। साधु संत प्रतिदिन बाल गोपाल का पूजन ठाकुर जी का पूजन करते हुए अपना जप तपस्या करते हुए पैदल भ्रमण करके सनातन धर्म का प्रचार प्रसार कर रहे है। बच्चों को सनातन संस्कृति बताने के बारे में बता रहे है।

### कोटालपोखर में धूमधाम से संपन्न हुई ग्राम काली पूजा, श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह



**साहिबगंज:** बरहरवा प्रखंड अंतर्गत कोटालपोखर ग्राम में ग्राम काली पूजा बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर पूरे गाँव में भक्तिमय माहौल बना रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना में शामिल हुए। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित ओमकार मिश्रा ने बताया कि माँ काली शक्ति का प्रतीक हैं। उन्हें बुराई और अंधकार का नाश करने वाली देवी माना जाता है, जो अपने भक्तों को कठिन परिस्थितियों से लड़ने की शक्ति प्रदान करती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में माँ काली को ग्राम देवी के रूप में पूजा जाता है, ताकि पूरे गाँव की रक्षा हो और किसी भी प्रकार की विपदा न आए। पूजा के दौरान पारंपरिक रूप से माता को गुड़हल के लाल फूल, मिठाई, फल और खिचड़ी का भोग अर्पित किया गया। श्रद्धालुओं का मानना है कि माँ काली की पूजा से नकारात्मक शक्तियों, नजर दोष और शत्रुओं से सुरक्षा मिलती है। कई परिवारों में माँ काली को कुलदेवी के रूप में पीढ़ियों से पूजा जाता रहा है। माँ काली के उग्र स्वरूप—लंबी जीभ और मुंडमाला—को पापियों के विनाश और धर्म की स्थापना का प्रतीक माना जाता है। इस मौके पर गाँव में विशेष ग्राम रक्षा अनुष्ठान भी आयोजित किया गया, जिसमें पूरे वर्ष गाँव को महामारी, सूखा और अन्य आपदाओं से सुरक्षित रखने की कामना की गई। पूजा आयोजन के दौरान ग्रामवासियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जिससे सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपरा की झलक साफ नजर आई।

### गैस सिलेंडर के वितरण में अनियमितताओं का आरोप

**साहिबगंज:** जिले के बरहरवा और पतना प्रखंड क्षेत्र में रसोई गैस सिलेंडर के वितरण को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आ रहे हैं। स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस एजेंसियां आम लोगों के साथ भेदभाव कर रही हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, आम उपभोक्ता जब गैस सिलेंडर बुक कर ओटीपी साझा करते हैं और खाली सिलेंडर भी जमा कर देते हैं, तब भी उन्हें यह कहकर टाल दिया जाता है कि गाड़ी आने पर सिलेंडर मिलेगा। कई लोगों का आरोप है कि उन्हें 30 से 45 दिनों तक इंतजार करना पड़ता है। वहीं दूसरी ओर, नाश्ता दुकानों, होटलों और रेस्टोरेंट संचालकों को आसानी से गैस सिलेंडर उपलब्ध हो रहा है। आरोप है कि ये व्यवसायी 2000 से 2500 रुपये तक अतिरिक्त भुगतान कर बिना ओटीपी के ही सिलेंडर प्राप्त कर लेते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि व्यावसायिक उपयोग के लिए अलग व्यवस्था होनी चाहिए, लेकिन घरेलू उपभोक्ताओं के हिस्से का सिलेंडर इस तरह से बेचना नियमों के खिलाफ है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि नाश्ता दुकानों में एक सिलेंडर अधिकतम 8झ10 दिनों में खत्म हो जाता है, बावजूद इसके उन्हें समय पर नया सिलेंडर मिल जाता है। जबकि आम परिवारों को महीनों इंतजार करना पड़ता है, जिससे उनके दैनिक जीवन पर सीधा असर पड़ रहा है। इस पूरे मामले को लेकर लोगों में आक्रोश है। उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि गैस एजेंसियों की कार्यप्रणाली की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता को समय पर और पारदर्शी तरीके से गैस सिलेंडर उपलब्ध हो सके। स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभाग से अपेक्षा है कि वे इस गंभीर समस्या पर जल्द संज्ञान लें और उचित कदम उठाकर उपभोक्ताओं को राहत दिलाएं।

## एक नजर

### तेज रफ्तार स्कूटी से गिरकर पिता की मौत, बेटी घायल

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के तांतनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोकचो गांव के रहने वाले बुधराम सांडिल की शुक्रवार सुबह एक सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि उनकी पुत्री घायल हो गई। परिजनों के अनुसार, बुधराम सांडिल(54) सुबह करीब साढ़े 10 बजे किसी जरूरी काम से अपनी बेटी के साथ घर से निकले थे। दोनों स्कूटी से चाईबासा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बरकुंडीय मोड़ के पास अचानक स्कूटी का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर पलट गई।
प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि स्कूटी की रफ्तार तेज थी, जिससे चालक नियंत्रण नहीं रख पायीं और हादसा हो गया। घटना के तुरंत बाद आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर दोनों को उठाया और इलाज के लिए चाईबासा सदर अस्पताल पहुंचाया। वहां मौजूद डॉक्टरों ने जांच के बाद बुधराम सांडिल को मृत घोषित कर दिया। वहीं उनकी पुत्री को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, हालांकि उसे हल्की चोटें आई हैं। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस भी अस्पताल पहुंची और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना का मामला है और जांच की जा रही है।

### बढी बिजली दर के विरोध में भाजपा ने किया बिजली आफिस का घेराव

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जिला अध्यक्ष अजय कुमार पंकज के नेतृत्व में झारखंड राज्य के सभी 24 प्रशासनिक जिलों में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बढ़े हुए बिजली दर, लगातार हो रही बिजली कटौती और पोस्टपेड मीटर में मनमानी बिलिंग की समस्याओं के विरोध में जिला स्तरीय आक्रोशपूर्ण घेराव कार्यक्रम पत्तराटोली स्थित बिजली ऑफिस आयोजित किया। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधान पार्षद प्रवीण सिंह, प्रदेश मंत्री मनीर उरांव उपस्थित थे। आक्रोश प्रदर्शन के बाद विभाग के कार्यपालक अभियंता को मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा गया। इसमें बताया कि राज्य की जनता राज्य सरकार की ओर से बार बार लिए जा रहे जनविरोधी निर्णयों से आक्रोशित है। जनता राज्य की भ्रष्ट सरकार को जनादेश देने के लिए पछता भी रही है। जनता अब मान चुकी है कि चाहे 3200 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदने का वादा हो या फिर 450 रुपए में गैस सिलेंडर देने का, युवाओं को नौकरी और बेरोजगारी भत्ता देने का सभी वादे झूठे साबित हुए। 01 अप्रैल से राज्य में बिजली दर में हुई अप्रत्याशित ऊंची वृद्धि ने तो आम और खास सभी की कमर ही तोड़ दी है। 200 यूनिट मुफ्त बिजली का झांसा देकर जनता को ठगने वाली सरकार ने बिजली दर में भारी वृद्धि कर पिछले दरवाजे से जनता को सूद सहित लूटने का जनविरोधी फैसला लिया है। मौके पर कहा गया कि राज्य सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए बिजली बिल में प्रति यूनिट 50 पैसे और शहरी घरेलू उपभोक्ताओं केलिए 55 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि से आम उपभोक्ताओं को सड़क पर उतरने के लिए विवश कर दिया है। उद्योग धंधों और कृषि कार्य भी बिजली दर में वृद्धि से पूरी तरह प्रभावित हुए हैं। किसानों की कमर टूट गई है। आम जनता इस बढ़े हुए बिजली दर का बोझ सहन करने में असमर्थ है, इसलिए सड़कों पर उतरकर प्रबल विरोध कर रही है। भाजपा के नेताओं ने कहा कि यदि राज्य सरकार इस जनविरोधी फैसले को वापस नहीं लेती है तो भाजपा इस आंदोलन को और व्यापक करेगी और इसकी जिम्मेवारी सरकार की होगी।

# जेपीएससी परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट, 19 को 12 केंद्रों पर होगी परीक्षा




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चतरा :** झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा (सीधी भर्ती) प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा-2025 को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। आगामी 19 अप्रैल को जिले के 12 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें 4280 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसी को लेकर जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन, चतरा में उपायुक्त कीर्तिश्री और पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने संयुक्त ब्रीफिंग कर परीक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान सभी दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और केंद्राधीक्षकों को परीक्षा को कदाचारमुक्त, शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिया गया। परीक्षा के निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सभी केंद्रों के 200 मीटर क्षेत्र में धारा 163 बीएनएसएस के तहत निषेधाज्ञा लागू रहेगी। इस दौरान हथियार, विस्फोटक पदार्थ, भीड़-भाड़, जुलूस, लाउडस्पीकर और शांति भंग करने वाली गतिविधियों पर रोक रहेगी। परीक्षा में कदाचार या उससे जुड़ी किसी भी गतिविधि पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों से समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने और निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

### पलामू के 08 केंद्रों पर 19 को होगी जेपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा

**पलामू :** उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में शुक्रवार को झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा (सीधी भर्ती) प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा के आयोजन को लेकर बैठक की गयी। समाहरणालय सभागार में आयोजित इस बैठक में उपायुक्त, अपर समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सेंटर सुपरिटेंडेंट, स्टैटिक दंडाधिकारी, उड़नदस्ता टीम के सदस्य सहित अन्य उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि हम सभी की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि परीक्षा कदाचार मुक्त हो ताकि हमारे राज्य को योग्य एवं कर्मठ ऑफिसर्स मिल सके। उपायुक्त ने सभी पर्यवेक्षक सह स्टेटिक दंडाधिकारी को निर्देश दिया कि वे परीक्षा तिथि को निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा को कदाचार मुक्त और सुगमता पूर्वक संचालित कराने के लिए सभी तरह के कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। बताया गया कि 19 अप्रैल को झारखंड संयुक्त सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर पलामू जिले में 08 केन्द्र बनाए गये हैं जिसमें कुल 03 हजार 768 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

## पुलिस पर पथराव मामले में 80 नामजद और 400 अज्ञात पर केस, 14 गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गढ़वा :** जिले के महुलिया मोड़ पर गुरुवार शाम पुलिस पर हुए पथराव मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले में 80 लोगों पर नामजद और 400 से ज्यादा अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। गढ़वा पुलिस ने अब तक 14 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। जबकि घटनास्थल से 24 बाइक बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, इलाके में अतिरिक्त बल तैनात हैं और फिलहाल स्थिति सामान्य है। जानकारी के अनुसार, महूलिया गांव में गुरुवार को ट्रैक्टर की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई थी। घटना के बाद लोग उग्र हो गए और सड़क जाम की। सड़क जाम की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो उन्हें ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। इस बीच लोगों ने अचानक पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया, जिसमें 25 से अधिक पुलिस पदाधिकारी और जवान घायल हो गए। सभी घायलों को सदर अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज किया गया। स्थिति बिगड़ते देख पुलिस ने पहले हल्का बल प्रयोग किया, लेकिन भीड़ के उग्र होते ही लाठीचार्ज किया था। इसके बाद भी जब प्रदर्शनकारी नहीं मानें तो पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए हवाई फायरिंग की। हवाई फायरिंग की आवाज से इलाके में भगदड़ मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे, जिसके बाद भीड़ तितर-बितर हुई थी। घटना के बाद एसपी अमन कुमार स्वयं मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों से बातचीत कर स्थिति को नियंत्रण में किया था।

## तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने लूना में मारी जोरदार टक्कर, तीन की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पलामू :** पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र गहर पथरा मोड़ के समीप गुरुवार देर शाम तेज रफ्तार स्कॉर्पियो (जेएच 03पी 0019) ने एक लूना में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे तीन सवार किशोरों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान पाटन थाना क्षेत्र के सोले गांव निवासी इस्तखार अंसारी के 11 वर्षीय पुत्र फरोज अंसारी उर्फ बुटन, नसीम अंसारी के 15 वर्षीय पुत्र तोहिद अंसारी एवं 13 वर्षीय इब्राहिज अंसारी पिता अमीरुद्दीन अंसारी के रूप में हुई है। घटना के बाद स्कार्पियो चालक समेत अन्य सवार मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पाटन थाना पुलिस स्कॉर्पियो और लूना को जब्त करके ले गई है। स्कॉर्पियो बैरिया चौक की बताई गई है। शुक्रवार को तीनों का पोस्टमार्टम किया जाएगा। बताया जाता है कि शोले गांव से तीनों किशोर एक लूना पर सवार होकर बाजार गए थे और वहां से लौट रहे थे। इसी क्रम में स्कॉर्पियो ने लूना में जोरदार टक्कर मार दी।
हादसे के बाद लूना सवार तीनों जख्मी को इलाज के लिए एमएमसीएच लाया गया था, जहां फरोज अंसारी उर्फ बुटन एवं तोहिद अंसारी को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि इब्राहिज को बेहतर इलाज के लिए डॉ राहुल अग्रवाल के निजी अस्पताल में ले जाया गया। वहां कुछ देर इलाज चलने के बाद उसकी भी मौत हो गई। रात में ही उसका शव पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेजा गया। मरने वाले किशोर में इब्राहिज और फिरोज गोतिया परिवार से आते थे। तौहीद पड़ोसी है।
इधर घटना की जानकारी मिलने पर पारा लीगल वालंटियर एमएमसीएच पहुंचे और घटना की जानकारी ली। मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आरोप में पंचायत समिति सदस्य पर कार्रवाई की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** बीरसा सेना का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को उपायुक्त से मिलकर एमजीएम थाना क्षेत्र के छोटा बांकी स्थित पंचायत समिति सदस्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। इस दौरान सेना कार्यालय के बाहर प्रदर्शन भी किया।
प्रतिनिधिमंडल में संयोजक संजय हेंब्रम के साथ राजेश पूर्ति, दीपक तिर्की, मंगल सोरेन और अजय लोहरा शामिल थे। उन्होंने आरोप लगाया कि भरत राम लोहरा ने पलाशबानी पंचायत से एसटी आरक्षित सीट पर चुनाव जीतकर पद प्राप्त किया,जबकि वे इस श्रेणी के पात्र नहीं हैं। शिकायत में कहा गया है कि भरत राम लोहरा स्थानीय मूल खतियानधारी नहीं हैं। उनके पिता स्वर्गीय हुरदा लोहरा




को केवल सरकारी भूमि का बंदोबस्त मिला था,जिसके आधार पर मानगो अंचल कार्यालय से जाति प्रमाण-पत्र जारी किया गया। प्रतिनिधिमंडल का दावा है कि यह प्रक्रिया राज्य सरकार के नियमों के विरुद्ध है,जिनके अनुसार एसटी आरक्षण का लाभ उन्हीं को मिल सकता है जो 6 सितंबर 1950 से पूर्व उस क्षेत्र के स्थायी निवासी हों या 1964 के खतियान में उनका नाम दर्ज हो।
आरोप में यह भी कहा गया कि भरत राम लोहरा के दादा बुद्धदेव लोहरा उर्फ बुधू कमार मूल रूप से पश्चिम सिंहभूम जिले के मंझारी अंचल के पिल्का गांव के निवासी थे,जहां उनके परिवार का खतियान 'कमार' जाति में दर्ज है, जो ईबीसी-1 श्रेणी के अंतर्गत आती है। बीरसा सेना ने उपायुक्त से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए संबंधित पंचायत समिति सदस्य को पद से हटाने,फर्जी दस्तावेज के आधार पर चुनाव लड़ने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करने और विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

## जमशेदपुर में कल ट्रैफिक व्यवस्था बदलेगी, भारी वाहनों की एंट्री पर रोक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** झारखंड लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित होने वाली झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा-2025 को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। परीक्षा के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और कदाचारमुक्त संचालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर लगातार समीक्षा बैठकें की जा रही हैं।
इसी क्रम में 19 अप्रैल को शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया गया है। शुक्रवार को जिला प्रशासन की ओर से जारी आदेश के अनुसार, उस दिन अपराह्न 4 बजे से रात्रि 11:30 बजे तक जमशेदपुर शहर में बसों को छोड़कर सभी प्रकार के भारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यह आदेश ट्रैफिक डीएसपी, एसएसपी और उपायुक्त के संयुक्त निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी किया गया है। प्रशासन का मानना है कि परीक्षा के दौरान शहर में परीक्षार्थियों की आवाजाही अधिक रहेगी,जिससे ट्रैफिक दबाव बढ़ सकता है। ऐसे में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाकर यातायात को सुगम बनाने और जाम की स्थिति से बचने का प्रयास किया गया है।
प्रशासन के अनुसार, शहर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर बड़ी संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचेंगे। इसे देखते हुए ट्रैफिक पुलिस को विशेष रूप से अलर्ट मोड में रखा गया है।
प्रमुख चौक-चौराहों और परीक्षा केंद्रों के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे और किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

## नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवारों को उपायुक्त ने दिया नियुक्ति पत्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम :** जिले में नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवारों को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें स्थायी सहारा देने की दिशा में जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। शुक्रवार को समाहरणालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त चंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक अमित रेणु ने संयुक्त रूप से दो पीड़ित परिवारों के आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर निम्नवर्गीय लिपिक (एलडीसी) पद के लिए नियुक्ति पत्र सौंपा। यह पहल उन परिवारों के पुनर्वास की दिशा में उठाया गया कदम है, जिन्होंने उग्रवादी घटनाओं में अपने परिजनों को खो दिया था और लंबे समय से आर्थिक और सामाजिक कठिनाइयों का सामना कर रहे थे। प्रशासन का मानना है कि इस प्रकार की



नियुक्तियां न केवल आर्थिक स्थिरता प्रदान करती हैं, बल्कि पीड़ित परिवारों को समाज की मुख्यधारा में सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर भी देती हैं। जिन दो आश्रितों को नियुक्ति पत्र दिया गया, उनमें एसरन सोय शामिल हैं, जिनके पति सादो बारजो की 12 जनवरी 2018 को गुदड़ी थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने हत्या कर दी थी। इसके अलावा विकास बुढ़ को भी नियुक्ति दी गई, जिनके पिता नमन बुढ़ की 27 मार्च 2020 को आनंदपुर थाना क्षेत्र में उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी। इन घटनाओं के बाद से दोनों परिवारों की आजीविका प्रभावित हुई थी। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि इन नियुक्तियों का निर्णय जिला स्तरीय अनुकम्पा समिति की बैठकों में लिया गया था, जो 26 सितंबर 2025 और 20 मार्च 2026 को आयोजित हुई थीं। सभी आवश्यक प्रक्रियाओं और सत्यापन के बाद पात्र आश्रितों को सरकारी सेवा में शामिल किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य केवल तत्काल राहत देना नहीं, बल्कि दीर्घकालिक पुनर्वास सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि सरकार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति, विकास और विश्वास बहाली के लिए लगातार प्रयास कर रही है। ऐसे कदमों से प्रभावित परिवारों को नई उम्मीद मिलती है और वे आत्मनिर्भर बनकर आगे बढ़ सकते हैं। पुलिस अधीक्षक ने भी कहा कि उग्रवाद के खिलाफ चल रहे अभियान के साथ-साथ पीड़ित परिवारों के पुनर्वास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन और पुलिस का संयुक्त प्रयास है कि हिंसा की घटनाओं से प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे भयमुक्त वातावरण में जीवन यापन कर सकें।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला का कुएं से शव बरामद

**पलामू :** पुलिस ने तिलक समारोह में शामिल होने गई एक अधेड़ महिला का शुक्रवार को कुएं से शव बरामद किया है। घटना मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र चियांकी चावल मिल के पीछे की है। कुएं से शव निकालने में पुलिस ने भारी परेशानी हुई। सदर थाना के सहायक अवर निरीक्षक समाल अहमद मौके पर पहुंचे काफी मशक्कत के बाद शव को कुएं से बाहर निकलवाया। जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच में भेज दिया। पुलिस ने शुरूआती छानबीन में महिला के कुएं में गिर जाने से मौत होने की संभावना जताई है। परिजनों ने हत्या से फिलहाल इनकार किया है। महिला की पहचान शांति देवी (51), पति अशोक भुइयां के रूप में की गई है। शांति चियांकी पंचायत के वार्ड नंबर 8 के सलैया टोला में रहती थी। गांव में गोतिया परिवार में गुरुवार रात तिलक समारोह था। शांति देवी भी इसमें शामिल होने गई थी। शुक्रवार अहले सुबह तीन बजे तक शांति तिलक समारोह में थी। उसके बाद से वह नजर नहीं आ रही थी। उसकी खोजबीन की जा रही थी। अचानक घर के रास्ते में स्थित कुएं के बाहर चप्पल देखने पर लोगों ने कुएं में उसका शव देखा। पुलिस के अनुसार तिलक कार्यक्रम में महिला ने शराब का सेवन किया होगा। घर लौटने के क्रम में कुएं में गिर गई होगी। इधर, परिजनों ने बताया कि डेढ़ साल पहले शांति देवी के ससुर कवलधारी भुइयां की भी इसी कुएं में गिरने से मौत हो गई थी। सदर थाना प्रभारी लाल जी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि तिलक समारोह के बाद शांति देवी और उसके पति घर लौट रहे थे। महिला नशे में थी। अचानक बातचीत करते-करते रास्ते में स्थित कुएं में गिर गई। घटना का संबंध में सुबह जानकारी हुई।

### अग्नि सेवा सप्ताह पर टाटानगर रेल सिविल डिफेंस ने चलाया जागरूकता अभियान



**पूर्वी सिंहभूम :** राष्ट्रीय अग्नि सेवा सप्ताह के अवसर पर टाटानगर रेल सिविल डिफेंस की ओर से शुक्रवार को एक व्यापक जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य रेलकर्मियों को आग से बचाव, नियंत्रण और आपात स्थिति में सही प्रतिक्रिया देने के लिए प्रशिक्षित करना था। यह आयोजन क्षेत्रीय रेलवे प्रशिक्षण संस्थान, सीनी के सभागार में किया गया, जिसमें रेलवे के ऑपरेटिंग, कमर्शियल विभाग के स्टेशन मैनेजर, ट्रेन मैनेजर और सहायक लोको पायलट सहित बड़ी संख्या में कर्मी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत मुंबई के विक्टोरिया डॉक में हुए ऐतिहासिक जहाज विस्फोट के दौरान शहीद हुए 66 अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान सिविल डिफेंस इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने बताया कि देश में लगभग 90 प्रतिशत आग की घटनाएं मानव जनित होती हैं, जिनमें से 70 प्रतिशत घटनाएं लापरवाही के कारण होती हैं। प्रशिक्षण सत्र में आग लगने के कारण, उसके नियंत्रण की तकनीक, विभिन्न फायर उपकरणों के सुरक्षित उपयोग और आपातकालीन बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। स्टॉप, ड्रॉप और रोल जैसी महत्वपूर्ण विधियों का मॉक ड्रिल के माध्यम से प्रदर्शन भी किया गया। बहुमंजिला इमारतों में आग लगने की स्थिति में लिफ्ट का उपयोग न करने और सीढ़ियों से सुरक्षित निकासी के बारे में विशेष रूप से जागरूक किया गया। द्वितीय सत्र में डेमोंस्ट्रेटर शंकर कुमार प्रसाद ने लाइव मॉक ड्रिल कर फायर उपकरणों के उपयोग की व्यावहारिक जानकारी दी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 196 रेलकर्मियों को प्रशिक्षित किया गया।

### अभिभावक संघ ने की गर्मी को लेकर स्कूल समय बदलने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**पूर्वी सिंहभूम :** कोल्हान सहित पूर्वी सिंहभूम जिले में लगातार बढ़ती गर्मी को लेकर अभिभावकों की चिंता बढ़ती जा रही है। जिले में तापमान 40 से 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है और मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान में 3 से 4 डिग्री तक और बढ़ोतरी की संभावना जताई है। इसके साथ ही हीट वेव को लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया गया है, जिससे स्थिति और गंभीर मानी जा रही है। इसी को लेकर शुक्रवार को जमशेदपुर अभिभावक संघ के अध्यक्ष डॉ. उमेश कुमार के नेतृत्व में एक ज्ञापन मुख्यमंत्री, उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम तथा जिला शिक्षा अधीक्षक को सौंपा गया है। ज्ञापन में मांग की गई है कि जिले के सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी स्कूलों के संचालन समय में तत्काल बदलाव किया जाए। अभिभावक संघ का कहना है कि वर्तमान में स्कूलों की कक्षाएं दोपहर 1:30 बजे तक संचालित हो रही हैं, जो दिन का सबसे अधिक गर्म समय होता है। इस दौरान तापमान अपने चरम पर रहता है, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। तेज धूप, लू और गर्म हवाओं के कारण बच्चों में डिहाइड्रेशन, थकान, चक्कर और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ गया है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि छोटे बच्चों और किशोरों की शारीरिक सहनशीलता अधिक तापमान में कम होती है, जिससे वे जल्दी बीमार पड़ सकते हैं। ऐसे में स्कूल समय को वर्तमान स्थिति के अनुसार समायोजित करना बेहद जरूरी है। अभिभावक संघ ने प्रशासन से आग्रह किया है कि सभी स्कूलों का संचालन समय सुबह 6:30 बजे से दोपहर 11:30 बजे तक निर्धारित किया जाए, ताकि बच्चे भीषण गर्मी के प्रभाव से सुरक्षित रह सकें और उनकी पढ़ाई भी प्रभावित न हो। डॉ. उमेश कुमार ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सर्वोपरि है, इसलिए प्रशासन को इस विषय पर संवेदनशीलता दिखाते हुए शीघ्र निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार और जिला प्रशासन इस मांग पर जल्द सकारात्मक पहल करेगा।

### बीटेक छात्र ने की खुदकुशी, शेयर बाजार में नुकसान से था तनाव में

**पूर्वी सिंहभूम :** कदमा थाना क्षेत्र अंतर्गत रामनगर रोड नंबर-7 में रहने वाले एक युवक ने फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। घटना गुरुवार की बताई जा रही है। मृतक की पहचान अंकित शर्मा (23) के रूप में हुई है, जो बीटेक की पढ़ाई कर रहा था। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, अंकित अपनी बहन के साथ कदमा स्थित घर में रहता था। उसकी मां की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है और उनका इलाज रांची में चल रहा है। परिवार पहले से ही कठिन परिस्थितियों से गुजर रहा था। गुरुवार शाम जब उसकी बहन उसे खाना खाने के लिए बुलाने गई, तो काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला। आशंका होने पर उसने खिड़की से झांककर देखा, जहां अंकित कमरे के अंदर फांसी के फंदे से लटका हुआ था। घटना की जानकारी मिलते ही पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया और आनन-फानन में अंकित को टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) ले जाया गया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि अंकित पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में था। उसकी बहन ने पुलिस को बताया कि वह शेयर बाजार में निवेश करता था और हाल के दिनों में उसे करीब 4 से 5 लाख रुपये का भारी नुकसान हुआ था। इसी आर्थिक दबाव और तनाव के कारण उसने यह कदम उठाया। घटना की सूचना मिलते ही कदमा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

संक्षिप्त डायरी

## मधुबनी में 120 फीट ऊंचे मोबाईल टॉवर पर चढ़ी महिला

**पटना (एजेंसी)** बिहार के मधुबनी जिले के हरलाखी थाना क्षेत्र में एक महिला मोबाईल टॉवर पर चढ़ गई. करीब 120 फीट की ऊंचाई पर बैठी महिला पिछले दो घंटे से नीचे आने को तैयार नहीं है, जिससे प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए हैं. बिहार के मधुबनी जिले में एक महिला गांव में स्थित मोबाइल टॉवर पर चढ़ गई. देखते ही देखते महिला टॉवर के सबसे ऊपरी हिस्से यानी करीब 120 फीट की ऊंचाई पर जा पहुंची और वहां जाकर आराम से बैठ गई. पिछले दो घंटों से जारी इस मौत के खेल ने न सिर्फ ग्रामीणों बल्कि स्थानीय प्रशासन और पुलिस की भी नींद उड़ा दी है. मौके पर हजारों की भीड़ जमा है और हर कोई बस यही दुआ कर रहा है कि महिला सुरक्षित नीचे उतर आए. 120 फीट ऊपर महिला और नीचे बेबस प्रशासन घटना की जानकारी मिलते ही हरलाखी थाना की पुलिस और अग्निशमन की टीम मौके पर पहुंच चुकी है. रेस्क्यू टीम महिला को नीचे उतारने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है, लेकिन ऊंचाई अधिक होने के कारण ऑपरेशन में काफी मुश्किलें आ रही हैं. टॉवर पर चढ़ी महिला का व्यवहार काफी अजीब है; वह कभी दो कदम नीचे उतरती है तो फिर अचानक ऊपर चढ़ जाती है. पुलिस लाउडस्पीकर के जरिए लगातार महिला से संपर्क करने की कोशिश कर रही है और उसकी हर मांग पूरी करने का आश्वासन दे रही है. शोर-शराबे और ऊंचाई की वजह से महिला तक आवाज साफ नहीं पहुंच पा रही है, जिससे गतिरोध बना हुआ है. सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल जैसे ही महिला के टॉवर पर चढ़ने की खबर फैली, आसपास के गांवों से हजारों लोग तमाशबीन बनकर वहां जमा हो गए. कई लोग इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर रहे हैं. भीड़ को नियंत्रित करना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है. महिला आखिर टॉवर पर क्यों चढ़ी, इसके पीछे की असली वजह अभी तक साफ नहीं हो पाई है. ग्रामीण इसे पारिवारिक विवाद से जोड़कर देख रहे हैं, तो कुछ लोग इसे मानसिक विक्षिप्तता का मामला बता रहे हैं. प्रशासन के लिए सबसे बड़ी चिंता यह है कि कहीं महिला कोई आत्मघाती कदम न उठा ले. रेस्क्यू ऑपरेशन जारी अग्निशमन विभाग की टीम जाल और हाइड्रोलिक क्रेन जैसी व्यवस्थाओं के साथ मुस्तैद है. टॉवर के चारों तरफ सुरक्षा घेरा बना दिया गया है. अधिकारी महिला को बातों में उलझाकर नीचे लाने की रणनीति अपना रहे हैं. अभी तक की स्थिति काफी तनावपूर्ण बनी हुई है क्योंकि महिला किसी की बात सुनने को तैयार नहीं है. प्रशासन की ओर से विशेषज्ञों को भी बुलाने की तैयारी की जा रही है ताकि महिला को मानसिक रूप से समझा-बुझाकर इस खतरनाक स्थिति से बाहर निकाला जा सके. पूरा मधुबनी फिलहाल इस ह्यहाई वोल्टेज ड्रामेह्ण के सुखद अंत का इंतजार कर रहा है.

## शादी में रजिस्टर्ड हलवाई होगा, तभी मिलेगा सिलेंडर

**पटना (एजेंसी)** पटनोशादी में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर लेने के लिए कैटरर (हलवाई) का रजिस्ट्रेशन नंबर देना होगा। जिला प्रशासन के इस निर्देश से लोग परेशान हैं, क्योंकि ज्यादातर कैटरर के पास रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं होता है। वहीं, जिनके आवेदन को जिला प्रशासन द्वारा गैस एजेंसियों के पास भेजा जा रहा है, उसमें यह अंकित नहीं किया जा रहा है कि कितने सिलेंडर देने हैं। एजेंसियों को उपलब्धता के आधार पर सिलेंडर की आपूर्ति करने को कहा गया है। राजधानी में शादी के लिए 100 से अधिक लोगों ने कॉमर्शियल सिलेंडर की डिमांड की है। पटना सदर अनुमंडल कार्यालय में लगातार आवेदन आ रहे हैं। आवेदनों की जांच मार्केटिंग अफसर से कराकर गैस एजेंसियों को भेजा जा रहा है। आवेदन एसडीओ कार्यालय में जमा करना होगा त्नलिखना होगा कि गैस का उपयोग वैवाहिक कार्यक्रम के लिए ही किया जाएगा त्नशादी का मूल कार्ड, आधार कार्ड की फोटोकॉपी, गैस कनेक्शन बुक की फोटो कॉपी त्नमेहमानों की संख्या, कैटरर का नाम और पता, उसका रजिस्ट्रेशन नंबर भी देना होगा। कॉमर्शियल सिलेंडर लेने के लिए प्रति सिलेंडर 2400 रुपए सिक्योरिटी मनी जमा करनी होगी। इसके अलावा 19 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत 2,353.50 रुपए देनी होगी। सिलेंडर वापस जमा करने पर सिक्योरिटी मनी वापस होगी।

## बिहार के बगहा में सरकारी स्कूल के बच्चों से काम कराने का आरोप-इएड ने दिए जांच के आदेश

**पटना (एजेंसी)** बिहार में पश्चिमी चंपारण के बगहा से एक सरकारी स्कूल का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. वीडियो में बच्चों से काम कराए जाने के आरोप सामने आए हैं, जिसके बाद शिक्षा विभाग हरकत में आ गया है और जांच की बात कही जा रही है. बिहार के सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर को सुधारने के दावों के बीच बगहा से एक ऐसा वीडियो सामने आया है, जिसने पूरी व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर दिया है. बगहा-2 प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय सुरवा बारी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल रहा है. इस वीडियो में गुरु-शिष्य की मयार्दा तार-तार होती दिख रही है. जहां बच्चों के हाथों में कलम और किताबें होनी चाहिए थीं, वहां वे अपनी प्रधानाध्यापिका को हाथ के पंखे से हवा झलते और स्कूल परिसर में कुदाल चलाते नजर आ रहे हैं. इस दयविदारक दृश्य ने अभिभावकों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है. वायरल वीडियो की पूरी सच्चाई वायरल हो रहे वीडियो में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कुमारी मालती क्लासरूम में कुर्सी पर आराम से बैठी हुई हैं और मोबाइल फोन पर बातचीत में मशगूल हैं. उनके आसपास दो नन्हीं छात्राएं खड़ी हैं, जो बारी-बारी से हाथ वाले पंखे से मैडम को हवा कर रही हैं. बात यहीं खत्म नहीं होती, एक अन्य वीडियो में स्कूल ड्रेस पहने एक मासूम छात्र हाथ में भारी-भरकम कुदाल लेकर मिट्टी खोदता और काम करता दिखाई दे रहा है. वीडियो में अन्य शिक्षक भी पास की कुर्सियों पर मूकदर्शक बने बैठे नजर आ रहे हैं. धानाध्यापिका की अजीब सफाई- बच्चे खुद पंखा झलने लगे थे मामला तूल पकड़ते ही प्रधानाध्यापिका कुमारी मालती ने अपना बचाव करते हुए एक चौंकाने वाली सफाई दी है. उनका कहना है कि यह वीडियो करीब एक साल पुराना है. मैडम का दावा है कि उस समय वह किसी जरूरी काम से वरीय अधिकारियों से फोन पर बात कर रही थीं और बच्चियां अपनी मर्जी से पंखा झलने लगी थीं. उन्होंने यह भी कहा कि बाद में उन्होंने बच्चियों को डांटा और दोबारा ऐसा न करने की हिदायत दी. वीडियो में उनकी बॉडी लैंग्वेज और हाथ में कुदाल लिए छात्र के दृश्य इन दावों को झुठलाते नजर आ रहे हैं. स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस स्कूल में बच्चों से मजदूरी कराना एक आम बात बन गई है. बीईओ ने दिए जांच और कार्रवाई के आदेश बगहा-2 के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी फूदन कुमार राम ने इस मामले को गंभीरता से लिया है. उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो के माध्यम से मिली जानकारी विचलित करने वाली है. शिक्षा विभाग ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं. बीईओ ने स्पष्ट किया है कि सरकारी स्कूलों में बच्चों से किसी भी प्रकार का शारीरिक श्रम कराना या उन्हें अपनी निजी सेवा में लगाना कानूनन अपराध है और विभागीय नियमों का उल्लंघन है. जांच रिपोर्ट आने के बाद प्रधानाध्यापिका और दोषी पाए जाने वाले अन्य शिक्षकों पर कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाएगी.

# बंगाल चुनाव के बाद थमेगा कयासों का दौर, सम्राट चौधरी की नई टीम का काउंटडाउन शुरू

### बिहार में जल्द होगा मंत्रिमंडल विस्तार, जातीय संतुलन और 'रिपोर्ट कार्ड' के आधार पर बंटेंगे पद



**पटना (एजेंसी)** बिहार की नई सरकार बनने के बाद अब सबसे बड़ी नजर कैबिनेट विस्तार पर टिक गई है. पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की व्यस्तता खत्म होते ही मंत्रिमंडल विस्तार को अंतिम रूप दिया जा सकता है, जिससे सरकार की दिशा और गति दोनों तय होंगी. : बिहार की सियासत में इन दिनों एक ही सवाल तैर रहा है, कैबिनेट विस्तार कब होगा? राज्य में नई सरकार के गठन के बाद से ही कयासों का बाजार गर्म है. जानकारी के अनुसार, पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की गहमागहमी शांत होते ही मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी अपनी कैबिनेट का विस्तार करेंगे भाजपा के बड़े नेता पश्चिम बंगाल चुनाव में व्यस्त हैं, जिसके चलते बिहार में कैबिनेट विस्तार टलता दिख रहा है. जैसे ही चुनावी शोर थमेगा, पटना में सत्ता समीकरण तेजी से बदल सकते हैं. अभी मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव सरकार का कामकाज संभाल रहे हैं. 36 मंत्रियों की सीमा में संतुलन की बड़ी चुनौती संवैधानिक प्रावधानों के तहत बिहार में अधिकतम 36 मंत्री ही बनाए जा सकते हैं. ऐसे में सीमित जगह में जातीय, क्षेत्रीय और राजनीतिक संतुलन साधना सरकार के लिए आसान नहीं होगा. कुछ पुराने चेहरों की छुट्टी की जा सकती है जिनका रिपोर्ट कार्ड उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा है. क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व और जातीय संतुलन को बनाए रखना मुख्यमंत्री के लिए सबसे बड़ी चुनौती है।. जानकारी के अनुसार जदयू और भाजपा दोनों ही अपने पुराने चेहरों पर भरोसा बनाए रखेंगे. कुछ नए चेहरों को मौका देकर जनता को संदेश देने की भी तैयारी है. प्रदर्शन के आधार पर कुछ मंत्रियों की छुट्टी भी हो सकती है, जिससे सरकार में जवाबदेही का संकेत जाएगा. भाजपा का बढ़ सकता है

दबदबा इस बार एक बड़ा बदलाव यह हो सकता है कि मंत्रिमंडल में भाजपा की हिस्सेदारी जदयू से ज्यादा हो. फिलहाल कई अहम विभाग मुख्यमंत्री के पास हैं, जिनका बंटवारा विस्तार के बाद सहयोगी दलों और भाजपा नेताओं के बीच किया जाएगा. इससे सत्ता संतुलन में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं. मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले कुछ नाम सहयोगी दलों की पसंद पर निर्भर करेंगे. उपेंद्र कुशवाहा अपने बेटे को लेकर अंतिम फैसला करेंगे, जबकि लोजपा (रामविलास) के कोटे से मंत्री कौन होगा, यह निर्णय चिराग पासवान के हाथ में रहेगा.

## समझौते के राह पर उड, नई सरकार के सामने रखी 2 मांगे

**पटना (एजेंसी)** बिहार में पिछले डेढ़ महीने से जारी राजस्व अधिकारियों की हड़ताल अब खत्म होने की ओर बढ़ती दिख रही है. बिहार राजस्व सेवा संघ ने नई सरकार के सामने अपनी दो प्रमुख मांगें रखते हुए साफ संकेत दिया है कि यदि सकारात्मक पहल होती है, तो वे तुरंत काम पर लौट सकते हैं. : बिहार में पिछले डेढ़ महीने से राज्यभर के राजस्व अधिकारियों और सरकार के बीच गतिरोध कम होती दिख रही हैं. बिहार राजस्व सेवा संघ ने संकेत दिए हैं कि यदि नई सरकार उनकी मांगों पर सकारात्मक रुख दिखाती है, तो वे तुरंत काम पर लौटने को तैयार हैं. जमीन की रजिस्ट्री, दाखिल-खारिज और मापी जैसे महत्वपूर्ण कामों के ठप होने से आम आदमी से लेकर रियल एस्टेट सेक्टर तक में जो गतिरोध पैदा हुआ था, उसके अब जल्द ही लझने की उम्मीद है. नई सरकार से उम्मीद, बातचीत को तैयार अफसर राजस्व सेवा संघ के पदाधिकारियों ने साफ कहा है कि वे सरकार के साथ संवाद के लिए पूरी तरह तैयार हैं. संघ के अध्यक्ष आदित्य शिवम शंकर के अनुसार, यदि सरकार उनकी मांगों पर सहमति जताती है और निलंबन जैसी कार्रवाई वापस ली जाती है, तो हड़ताल खत्म कर दी जाएगी. इस पूरे आंदोलन की जड़ में डीसीएलआर (डिप्टी कलेक्टर लैंड रिफॉर्म्स) पद को लेकर विवाद है. नियम के मुताबिक 9 साल की सेवा पूरी करने के बाद राजस्व अधिकारियों को इस पद पर परमोशन मिलनी चाहिए, लेकिन फिलहाल इन पदों पर बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की तैनाती की जा रही है. यही असंतोष हड़ताल का मुख्य कारण बना. कैबिनेट फैसले पर उठे सवाल संघ की पहली मांग उस कैबिनेट प्रस्ताव को वापस लेने की है, जिसमें डीसीएलआर का पद प्रशासनिक सेवा को सौंप दिया गया था. राजस्व अधिकारी चाहते हैं कि इस पद को फिर से उनके लिए आरक्षित किया जाए, ताकि सेवा नियमों का पालन हो सके.दूसरी बड़ी मांग जिला भू-अर्जन अधिकारी के पद को लेकर है. संघ का कहना है कि यह पद राजस्व सेवा के लिए निर्धारित है, लेकिन यहां भी प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की नियुक्ति की जा रही है, जो नियमों के खिलाफ है. हड़ताल से ठप पड़े हैं जमीन के काम राजस्व अधिकारियों (उड) ने साफ कर दिया है

## मुजफ्फरपुर लूट कांड का खुलासा : 12 घंटे में बरामद हुई कारोबारी की कार

**पटना (एजेंसी)** मुजफ्फरपुर के बोचहां में आभूषण कारोबारी से कार, नकदी और जेवरात लूट की वारदात के 12 घंटे के भीतर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लूटी गई कार बरामद कर ली है. बदमाश दबिश के डर से कार छोड़कर फरार हो गए, गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है. मुजफ्फरपुर के बोचहां थाना क्षेत्र से गुरुवार रात एक सनसनीखेज लूट की घटना सामने आई, जिसने इलाके में हड़कंप मचा दिया. आभूषण कारोबारी शेखर कुमार अपनी दुकान बंद कर कार से घर लौट रहे थे, तभी काली चौक के पास बदमाशों ने उन्हें निशाना बना लिया. सुनसान जगह का फायदा उठाकर अपराधियों ने पहले उनकी कार को रोका और फिर हथियार के बल पर वारदात को अंजाम दिया. फिल्मी अंदाज में लूट की वारदात जैसे ही कारोबारी काली चौक से अपने घर की ओर मुड़े, सामने से एक बोलेरो गाड़ी आकर उनकी कार के आगे खड़ी हो गई. उसमें से उतरे दो बदमाशों ने कट्टा दिखाकर शेखर कुमार और उनके भांजे अंकित कुमार को कार से नीचे उतार दिया. इसके बाद अपराधियों ने कार में रखे करीब दो लाख रुपये नकद और लगभग तीन लाख रुपये के सोने के आभूषण लूट लिए. जाते-जाते बदमाश उनका मोबाइल भी छीनकर फरार हो गए.12 घंटे में पुलिस की बड़ी सफलता घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया. डीएसपी पूर्वी वन अलय वत्स के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया. टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए महज 12 घंटे के अंदर लूटी गई कार को गायघाट थाना क्षेत्र के मुनि कल्याण टोला से बरामद कर लिया. दबिश बढ़ी तो कार छोड़कर भागे लुटेरे पुलिस की लगातार दबिश के कारण बदमाश कार को सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गए. हालांकि, पुलिस का दावा है कि अपराधियों की पहचान कर ली गई है

## सीतामढ़ी जंक्शन जाने से पहले जान लें ये जरूरी बदलाव, वरना टिकट के लिए भटकते रह जाएंगे




**पटना (एजेंसी)** सीतामढ़ी जंक्शन के पुनर्निर्माण कार्य के बीच टिकट काउंटर को अस्थायी रूप से बस स्टैंड परिसर में शिफ्ट कर दिया गया है. अब यात्रियों को टिकट लेने के लिए नई व्यवस्था के अनुसार बस स्टैंड जाना होगा. सीतामढ़ी से एक अहम खबर सामने आई है. करोड़ों रुपये की लागत से चल रहे सीतामढ़ी जंक्शन के पुनर्निर्माण कार्य के बीच रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बड़ा फैसला लिया है. निर्माण कार्य को बिना किसी बाधा के पूरा करने के लिए स्टेशन परिसर में स्थित टिकट काउंटर को अस्थायी रूप से हटा दिया गया है. अब यहां मिलेगा टिकट फिलहाल टिकट काउंटर को सरकारी बस स्टैंड परिसर में शिफ्ट कर दिया गया है. अब यात्रियों को ट्रेन का टिकट लेने के लिए सीधे बस स्टैंड पहुंचना होगा. वहीं से सभी प्रकार के टिकट जारी किए जा रहे हैं. रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यह व्यवस्था अस्थायी है और निर्माण कार्य पूरा होते ही टिकट काउंटर को फिर से स्टेशन परिसर में स्थापित कर दिया जाएगा. शुरूआत में हो सकती है परेशानी नई व्यवस्था लागू होने के बाद शुरूआती दिनों में यात्रियों को थोड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है. कई यात्री पुराने स्थान पर पहुंच रहे हैं, जिससे उन्हें अतिरिक्त समय और मेहनत लग रही है. हालांकि प्रशासन का कहना है कि धीरे-धीरे लोग इस बदलाव के आदी हो जाएंगे. भविष्य में मिलेंगी बेहतर सुविधाएं स्टेशन अधीक्षक के अनुसार, सीतामढ़ी जंक्शन को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है. निर्माण कार्य पूरा होने के बाद यात्रियों को पहले से कहीं बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, जिसमें आधुनिक वेटिंग हॉल, साफ-सुथरा प्लेटफॉर्म और बेहतर टिकटिंग सिस्टम शामिल होगा. यात्रियों से की गई खास अपील रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा से पहले नई व्यवस्था की जानकारी जरूर ले लें. इससे अनावश्यक भागदौड़ और परेशानी से बचा जा सकता है. कुल मिलाकर, यह बदलाव भले ही फिलहाल थोड़ी असुविधा दे रहा हो, लेकिन आने वाले समय में यात्रियों को बेहतर और आधुनिक सुविधाएं देने की दिशा में यह एक जरूरी कदम माना जा रहा है.

## बिहार से बाहर पढ़ने वाले छात्र नहीं भर पाएंगे सेल्फ-इन्युमरेशन फार्म, जानिए पूरा नियम



**पटना (एजेंसी)** जनगणना 2027 को लेकर बिहार में तैयारियां तेज हो गई हैं, लेकिन इस बार नियमों में एक बड़ा बदलाव सामने आया है. अगर आप प्रदेश से बाहर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, तो आप सेल्फ-इन्युमरेशन फार्म नहीं भर सकेंगे. प्रशासन ने साफ कर दिया है कि इस प्रक्रिया में केवल कुछ ही श्रेणियों को छूट मिलेगी. देश की सबसे बड़ी गणना यानी जनगणना 2027 का बिगुल बिहार में बज चुका है. लेकिन इस बार की डिजिटल जनगणना में एक बड़ा पेच फंस गया है. जिसमें मकानों की नंबरिंग से लेकर 33 प्रमुख सवालों के जवाबों तक का पूरा खाका तैयार कर लिया गया है. सेल्फ-इन्युमरेशन फार्म का नियम जनगणना के तहत 2 मई से 31 मई तक पहले चरण में मकानों की गणना की जाएगी. इसके साथ ही 1 मई तक ऑनलाइन पोर्टल के जरिए लोग खुद 33 सवालों के जवाब भर सकते हैं. हालांकि, बाहर पढ़ाई कर रहे छात्रों को इस सुविधा से बाहर रखा गया है. यानी वे सेल्फ-इन्युमरेशन फार्म नहीं भर पाएंगे. प्रशासन के मुताबिक किराये पर रहने वाले लोग और प्रवासी मजदूर, जो अपने कार्यस्थल पर रहते हैं, वे पोर्टल के जरिए स्वघोषणा कर सकते हैं. इसके लिए भारत सरकार के जनगणना पोर्टल का उपयोग किया जा रहा है, जहां 33 सवालों का जवाब देना होगा. जिले में बड़े स्तर पर तैयारी पटना जिले में जनगणना को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है. कुल 46 चार्ज क्षेत्रों में यह प्रक्रिया पूरी होगी. इसमें हजारों जनगणनाकर्मी और आब्जॉर्वर लगाए गए हैं. जीविका दीदियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं को भी जागरूकता अभियान में शामिल किया गया है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसमें भाग ले सकें. जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनगणना के दौरान लोगों से ली गई जानकारी पूरी तरह गोपनीय रहेगी. इसका इस्तेमाल केवल सरकारी योजनाओं और नीतियों के निर्माण के लिए किया जाएगा. साथ ही, जनगणना के दौरान किसी भी तरह का दस्तावेज नहीं लिया जाएगा, जिससे लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो. देश के विकास से जुड़ा है डेटा अधिकारियों के अनुसार जनगणना के आंकड़े सिर्फ गिनती भर नहीं होते, बल्कि इन्हीं के आधार पर देश की विकास योजनाएं तय होती हैं. शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं के लिए नीति निर्माण में इसका बड़ा योगदान होता है.

## बिहार में नई सरकार का एक्शन, कई जेलों में एक साथ छापेमारी



**पटना (एजेंसी)** बिहार के कई जिलों में शुक्रवार की सुबह अचानक जेलों में बड़े पैमाने पर छापेमारी और निरीक्षण अभियान चलाया गया. प्रशासन की इस संयुक्त कार्रवाई ने जेल परिसरों में हलचल मचा दी. कहीं घंटों सर्च ऑपरेशन चला तो कहीं संदिग्ध सामान भी बरामद हुआ. इस पूरे अभियान का मकसद साफ था.जेल की सुरक्षा व्यवस्था को परखना और किसी भी तरह की गड़बड़ी को तुरंत पकड़ना. बिहार की जेलों में शुक्रवार और शनिवार की सुबह वह मंजर दिखा जिसे देखकर अपराधी और जेल प्रशासन दोनों के पसीने छूट गए. राज्य के आधा दर्जन से अधिक जिलों की जेलों में एक साथ ऑपरेशन क्लीन चलाया गया. भागलपुर से लेकर मोतिहारी और मुजफ्फरपुर से लेकर औरंगाबाद तक हर जगह डीएम और एसपी खुद मोर्चा संभालते नजर आए. जब दुनिया सो रही थी, तब 200 से अधिक जवानों की टुकड़ी जेल के फाटकों को पार कर बैरकों की तलाशी ले रही थी. इस औचक निरीक्षण ने जेलों के भीतर चल रहे नेटवर्क को ध्वस्त करने के संकेत दिए हैं भागलपुर से शुरू हुआ सख्त निरीक्षण का सिलसिला भागलपुर के शहीद जुब्बा सहनी केंद्रीय कारा में जिलाधिकारी और पुलिस प्रशासन की टीम ने संयुक्त निरीक्षण किया. डीएम और एसएसपी स्तर के अधिकारियों ने जेल की सुरक्षा, साफ-सफाई, बंदियों की सुविधाओं और विधि-व्यवस्था का बारीकी से आकलन किया. अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिया कि निगरानी प्रणाली को और मजबूत किया जाए और किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी. शुक्रवार को डीएम एसपी के नेतृत्व में मंडल कारा हाजीपुर में हाई लेवल औचक निरीक्षण किया गया. इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर) पुलिस उपाधीक्षक सहित कई प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे.निरीक्षण के दौरान कारा के सभी वार्डों, बैरकों एवं सुरक्षा व्यवस्था की गहन जांच की गई. अधिकारियों ने बंदियों की निगरानी, सुरक्षा इंतजाम और कारा प्रशासन के कार्यों का बारीकी से मूल्यांकन किया. जांच के बाद कारा परिसर से किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई. मोतिहारी में छापेमारी मोतिहारी सेंट्रल जेल में डीएम और एसपी के नेतृत्व में सघन तलाशी अभियान चलाया गया. सभी वार्डों की जांच की गई, लेकिन राहत की बात यह रही कि कोई भी आपत्तिजनक सामान नहीं मिला. अधिकारियों का कहना है कि जेल के अंदर कैदियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है और ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे.

## बिहार के यात्रियों के लिए बड़ी राहत, 4 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें शुरू, पटना-बक्सर रूट को मिलेगा फायदा



**पटना (एजेंसी)** गर्मी के मौसम में बढ़ती यात्रियों की भीड़ को देखते हुए, बिहार से गुजरने वाले प्रमुख रूट्स पर चार जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन की घोषणा की गई है. इन ट्रेनों के चलने से खासकर पटना और बक्सर रूट के यात्रियों को काफी राहत मिलने वाली है. भारतीय रेलवे ने बिहार के यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए 4 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनों को चलाने का ऐलान किया है. ये ट्रेनें न केवल पटना बल्कि बक्सर, आरा, गया, सुपौल और भागलपुर जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों को दिल्ली, गुजरात और ओडिशा से जोड़ेंगी. वेटिंग लिस्ट की लंबी कतारों के बीच यह फैसला उन प्रवासियों और यात्रियों के लिए वरदान साबित होगा, जो अप्रैल और मई के महीने में घर आने या बाहर जाने की योजना बना रहे हैं. गांधीधाम से मालदा तक-लंबे रूट के यात्रियों को राहत गुजरात से बिहार और बंगाल की ओर आने वालों के लिए गांधीधाम-मालदा टाउन स्पेशल (09463/09464) एक ट्रेन 19 अप्रैल को गांधीधाम से खुलेगी और अगले दिन रात 10:15 बजे बक्सर व 11:45 बजे पटना जंक्शन पहुंचेगी. इसके बाद यह जमालपुर और भागलपुर होते हुए मालदा जाएगी. वापसी में यह ट्रेन मालदा टाउन से शाम 5:35 बजे प्रस्थान करेगी और सुबह 4:05 बजे पटना पहुंचेगी. 20 कोच वाली इस ट्रेन में स्लीपर के 13 और एसी के 3 कोच लगाए गए हैं, जिससे मध्यमवर्गीय परिवारों को सफर में काफी सहूलियत होगी. सुपौल से नई दिल्ली-डेली कनेक्शन से बड़ी सुविधा रेलवे ने सीमांचल और कोसी क्षेत्र के यात्रियों का विशेष ख्याल रखते हुए सुपौल-नई दिल्ली स्पेशल (04071/04072) चलाने का फैसला किया है. यह ट्रेन 19 अप्रैल से 17 मई तक रोजाना चलेगी (मई के कुछ अंतिम दिनों को छोड़कर). नई दिल्ली से यह रात 9:35 बजे रवाना होगी, वहीं सुपौल से सुबह 7:45 बजे प्रस्थान करेगी. रास्ते में यह खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी, हाजीपुर और छपरा जैसे प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी, जिससे उत्तर बिहार के एक बड़े हिस्से को राजधानी दिल्ली से सीधी कनेक्टिविटी मिल जाएगी. आनंद विहार से खुर्दा रोड-लंबी दूरी के यात्रियों के लिए खास ट्रेन दक्षिण बिहार के यात्रियों के लिए आनंद विहार-खुर्दा रोड स्पेशल (04066/04065) किसी तोहफे से कम नहीं है. यह ट्रेन 19 अप्रैल को आनंद विहार से रात 12:30 बजे चलेगी और शाम 4:40 बजे भभुआ रोड, 5:13 बजे सासाराम और शाम 7:15 बजे गया जंक्शन पहुंचेगी. रेलवे के इस कदम से न केवल भीड़ कम होगी, बल्कि यात्रियों को दलालों के चक्कर काटने से भी मुक्ति मिलेगी. पटना-बक्सर रूट को सबसे ज्यादा फायदा इन स्पेशल ट्रेनों के परिचालन से सबसे ज्यादा राहत पटना और बक्सर रूट के यात्रियों को मिलने वाली है. गर्मी में इस रूट पर यात्रियों की भारी भीड़ रहती है, जिससे कन्फर्म टिकट मिलना मुश्किल हो जाता है. नई ट्रेनों के चलने से भीड़ का दबाव कम होगा और यात्रा ज्यादा सहज हो सकेगा.




# निकिता गांधी ने 'तू ही दिसदा' को बताया जेन-जी के लिए खास तोहफा

**अक्षय** कुमार की आगामी हॉरर कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' का का नया रोमांटिक गाना 'तू ही दिसदा' हाल ही में रिलीज हुआ, जिसने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। यह गाना अरिजीत सिंह और निकिता गांधी की शानदार आवाज में हैं। इसका संगीत प्रीतम ने दिया, जबकि बोल कुमार द्वारा लिखे गए हैं। गायिका निकिता गांधी ने हाल ही में बातचीत की।

इस दौरान उन्होंने गाने को जेन जी जेनरेशन को समर्पित बताया। निकिता का मानना है कि यह गाना आज की युवा पीढ़ी, यानी कि जेन जी के लिए बेहतरीन उदाहरण है। यह गाना सुनकर लगता है जैसे कोई सपना हो, जो दिल में बस जाता है। उन्होंने कहा, 'इस गाने का हिस्सा बनकर मैं बेहद खुश हूं। यह एक बहुत ही प्यारा गाना है, जिसके जरिए एक बार फिर मैं, अरिजीत और प्रीतम दादा एक बार फिर साथ में आए। हालांकि, हमने पहले भी कई बेहतरीन गाने दिए हैं और यह भी उनमें से एक है।' गायिका ने आगे गाने की धुन की जमकर तारीफ की। उन्होंने बताया कि इस गाने की धुन भारतीय है और इसमें देसी टच, पियानो ट्रैक भी है, जो भारतीय रोमांटिक गाने के साथ खूबसूरती से मेल खाता है। आज की युवा पीढ़ी के लिए यह गाना परफेक्ट है। गायिका ने आगे रीमिक्स और ओरिजिनल गानों पर भी अपने विचार शेयर किए।

उन्होंने कहा कि दोनों अपनी जगह अच्छे हैं। हर चीज के अच्छे और बुरे पहलू होते हैं। रीमिक्स इसलिए ज्यादा पसंद किए जाते हैं क्योंकि लोग उन गानों से पहले से परिचित होते हैं। निकिता ने कहा, 'जब मैं स्टेज पर पुराना गाना जैसे 'रात बाकी, बात बाकी' का रीमेक गाती हूं, तो कॉलेज गिग या टीचर्स के सामने हर कोई उसे पहचान लेता है।







'सैयारा' की रोमांटिक इमेज छोड़

# अब रफ लुक में दिखेंगे अहान पांडे

फिल्म 'सैयारा' की सफलता के बाद अहान पांडे एक बार फिर चर्चा में हैं. अपनी पहली फिल्म में रोमांटिक इमेज बनाने वाले अहान अब डायरेक्टर अली अब्बास जफर की अगली फिल्म में एक अलग लुक में नजर आएंगे. बॉलीवुड एक्टर अहान पांडे इन दिनों अपनी अगली फिल्म को लेकर हर तरफ छाए हुए हैं. फिल्म 'सैयारा' में अपनी मासूमियत और रोमांटिक अंदाज से सबका दिल जीतने के बाद, अहान अब बॉलीवुड के दिग्गज डायरेक्टर अली अब्बास जफर की अगली फिल्म में एक दमदार और अनोखे किरदार में नजर आने वाले हैं. इस फिल्म के जरिए अहान अपनी रोमांटिक बॉय वाली इमेज को पूरी तरह बदलने जा रहे हैं, जिसे लेकर फैंस के बीच अभी से काफी एक्साइटमेंट बनी हुई है.

### गैंगस्टर के रोल में आएंगे नजर

वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, अहान पांडे इस नई फिल्म में एक गैंगस्टर का किरदार निभा रहे हैं. इस रोल के लिए खुद पर खास काम करना शुरू कर दिया है. फिल्म की शूटिंग 3 अप्रैल से मुंबई में शुरू हो चुकी है. मुंबई का शेड्यूल पूरा करने के बाद फिल्म की पूरी टीम आगे की शूटिंग के लिए लंदन रवाना होगी. मेकर्स का लक्ष्य है कि साल 2027 की शुरुआत तक इस फिल्म को पूरा कर लिया जाए.

# डेढ़-दो साल से नहीं पी शराब

'एनिमल' की सफलता के बाद से बॉबी देओल लगातार बॉलीवुड से लेकर साउथ तक की फिल्मों में सक्रिय हैं। वो कई बड़ी फिल्मों का हिस्सा रहे हैं। वहीं आने वाले वक्त में भी उनकी पाइपलाइन में कई बड़ी फिल्में हैं। हालांकि, बीच में जब बॉबी का मुश्किल वक्त था, तब वो शराब के आदी हो गए थे। जिसके चलते उनके रिश्तों और संबंधों पर भी इसका असर दिखने लगा था। लेकिन जल्द ही बॉबी को अपनी इस गलती का एहसास हो गया और उन्होंने इस आदत को छोड़ दिया। हाल ही में बॉबी ने अपने उस वक्त को याद किया और एक अभिनेता के लिए उसका चेहरा और शरीर कितना जरूरी होता है, इसको लेकर बात की। एस्क्वायर इंडिया के साथ बातचीत के दौरान बॉबी ने कहा कि एक अभिनेता के लिए आपका शरीर और आपका चेहरा ही वो चीजें हैं जिन्हें आप बेचते हैं। मैं इसके साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता। जैसे-जैसे मेरी उम्र बढ़ रही है, मैं कुछ साल पहले की तुलना में जल्दी थक जाता हूं। मुझे अपना ज्यादा ख्याल रखना होगा। मैं अब पिछले डेढ़ साल से शराब नहीं पी रहा हूं। शराब छोड़ने से मेरे आसपास का माहौल भी बदल गया है। इस दौरान मुझे इसकी कमी भी महसूस नहीं होती। बल्कि, मैं सोचता रहता हूं कि अरे, ये इतना आसान था? दो जन्मदिन और दो नए साल बीत गए हैं और मुझे शराब पीने की इच्छा नहीं हुई। इसने मुझे हैरान कर दिया।

### पिता धर्मेंद्र को भी थी शराब की लत

बॉबी ने अपने पिता धर्मेंद्र की शराब की लत के बारे में बताते हुए कहा कि मैंने देखा है कि यह क्या कर सकती है। शराब छोड़ने से मुझे किसी भी समय, किसी भी परिस्थिति में शारीरिक और भावनात्मक रूप से मौजूद रहने में मदद मिली है। इससे मेरे परिवार के साथ मेरा रिश्ता सबसे ज्यादा मजबूत हुआ है।

तमन्ना भाटिया से ब्रेकअप के बाद

# सोशल मीडिया ट्रोलिंग पर भड़के विजय वर्मा

विजय वर्मा इन दिनों अपनी आगामी सीरीज 'मटका किंग' की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। एक्टर सीरीज के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इसी दौरान विजय वर्मा ने तमन्ना भाटिया से ब्रेकअप के बाद सोशल मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग और ऑनलाइन मिलने वाली अनावश्यक नफरत के बारे में खुलकर बात की। एक्टर ने बताया कि इसीलिए उन्होंने सोशल मीडिया से दूरी बनाने का फैसला भी किया, जिससे उन्हें अपने रिश्तों को मजबूत बनाने में काफी फायदा मिला।

### सोशल मीडिया ट्रोलिंग से परेशान हुए विजय

तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा एक समय बी-टाउन के सबसे चर्चित कपल बन गए थे। हालांकि, दोनों का रिलेशनशिप ज्यादा लंबा नहीं चल सका और दोनों शांतिपूर्वक एक-दूसरे से अलग हो गए। लेकिन सोशल मीडिया पर दोनों के ब्रेकअप को लेकर काफी चर्चाएं हुई और दोनों के फैंस ने एक-दूसरे को ट्रोल किया।



'यूपी वाली, बिहार वाली' का फर्स्ट लुक जारी

# रानी और संजना का दिखेगा अलग अंदाज

**भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री रानी चटर्जी और संजना पांडेय जल्द ही आगामी फिल्म 'यूपी वाली, बिहार वाली' में नजर आएंगी। मंगलवार को फिल्म का फर्स्ट लुक मेकर्स ने जारी कर दिया। मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर फर्स्ट लुक पोस्ट किया। इसमें रानी संजना की ओर इशारा करती नजर आ रही हैं। दोनों अभिनेत्रियां साड़ी में बेहद आकर्षक लग रही हैं। संजना पांडेय ने सिर पर पल्लू ओढ़ रखा है, जबकि रानी चटर्जी बिना पल्लू के साड़ी में हैं, जो उनका स्टाइलिश अंदाज दिखाता है। पोस्टर के साथ मेकर्स ने लिखा, 'भोजपुरी फिल्म 'यूपी वाली, बिहार वाली' का फर्स्ट लुक।**

मंजुल ठाकुर द्वारा निर्देशित फिल्म स्टारकास्ट बड़ी दिलचस्प है। इसमें रानी और संजना के अलावा, प्रशांत सिंह, आलोक सिंह राजपूत, ललित उपाध्याय, विद्या सिंह, स्वेता वर्मा और गोपाल चौहान जैसे स्टार्स नजर आएंगे। फिल्म की कहानी अरविंद तिवारी ने लिखी है। फिल्म में दोनों अभिनेत्रियों के बीच हंसी-मजाक और नोकझोंक देखने को मिलेगी। इससे पहले रानी चटर्जी ने शूटिंग के दौरान मुहूर्त की तस्वीरें और वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किए थे। उस समय सेट पर दोनों अभिनेत्रियों के बीच मजेदार पल भी देखने को मिले थे। अब फर्स्ट लुक पोस्टर जारी होने के बाद फैंस फिल्म की रिलीज डेट का इंतजार कर रहे हैं। भोजपुरी सिनेमा में रानी चटर्जी काफी लोकप्रिय हैं। वे अपनी डांसिंग स्किल्स और बोल्ड रोल्स के लिए जानी जाती हैं। संजना पांडेय भी भोजपुरी फिल्मों में अच्छी पहचान बना चुकी हैं। दोनों अभिनेत्रियों की यह जोड़ी पहली बार साथ नजर आएगी, जिससे फैंस में काफी उत्साह है।



# आईपीएल : ऑरेंज कैप की रेस में प्रभसिमरन और अय्यर की मजबूत दावेदारी, विराट शीर्ष पर बरकरार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में ऑरेंज और पर्पल कैप की दौड़ रोमांचक होती जा रही है। मैच नंबर 24 के बाद, जहां पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को एकतरफा मुकाबले में हराया, अंक तालिका के साथ-साथ व्यक्तिगत प्रदर्शन की रेस में भी हलचल देखने को मिली है।



**ऑरेंज कैप की दौड़**

ऑरेंज कैप की सूची में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली अब भी शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं, लेकिन पंजाब किंग्स के प्रभसिमरन सिंह और कप्तान श्रेयस अय्यर तेजी से उन्हें चुनौती दे रहे हैं। मुंबई के खिलाफ मुकाबले में प्रभसिमरन सिंह ने 39 गेंदों में नाबाद 80 रन की शानदार पारी खेली, जबकि श्रेयस अय्यर ने 35 गेंदों में 66 रन बनाए। इस प्रदर्शन के बाद प्रभसिमरन 211 रन के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं, वहीं अय्यर 203 रन बनाकर छठे स्थान पर काबिज हैं।

सूची में विराट कोहली के बाद सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के रजत पाटीदार और सनराइजर्स हैदराबाद के ईशान किशन का स्थान है।

वहीं राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी, जो कुछ समय पहले तक शीर्ष पर थे, सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शून्य पर आउट होने के बाद सातवें स्थान पर खिसक गए हैं।

**पर्पल कैप की स्थिति**

पर्पल कैप की रेस में शीर्ष नौ स्थानों पर कोई बदलाव नहीं हुआ है, लेकिन मुंबई इंडियंस के शार्दुल ठाकुर ने टॉप-10 में जगह बना ली है। वह 6 विकेट के साथ 10वें स्थान पर हैं।

इस सूची में गुजरात टाइटंस के प्रसिद्ध कृष्णा और चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कंबोज 10-10 विकेट लेकर संयुक्त रूप से शीर्ष पर बने हुए हैं।

उनके पीछे लखनऊ सुपर जायंट्स के प्रिंस यादव और राजस्थान रॉयल्स के रवि बिश्नोई 9-9 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

इसके अलावा राजस्थान रॉयल्स के जोफ्रा आर्चर और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के भुवनेश्वर कुमार व क्रुणाल पांड्या 7-7 विकेट के साथ इस दौड़ में बने हुए हैं। आईपीएल 2026 में आगे के मुकाबलों के साथ ऑरेंज और पर्पल कैप की यह प्रतिस्पर्धा और भी दिलचस्प होने की उम्मीद है।

# अंडर-13 अस्मिता राष्ट्रीय फुटबॉल लीग 2025-26, कर्नाटक बना चैंपियन, पेनल्टी शूटआउट में पंजाब को हराया



एजेंसी

**नई दिल्ली :** अंडर-13 अस्मिता राष्ट्रीय फुटबॉल लीग 2025-26 का खिताब कर्नाटक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने नाम कर लिया। फाइनल में कर्नाटक ने मेजबान पंजाब को रोमांचक मुकाबले में पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराया। निर्धारित समय तक मुकाबला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। महिलपुर में खेले गए फाइनल मुकाबले में कर्नाटक की शुभश्रा ए ने 31वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई, लेकिन पंजाब की तनवीर कौर ने 38वें मिनट में गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद मैच का फैसला पेनल्टी शूटआउट में हुआ, जहां मधुमेथा के ने निर्णायक गोल कर कर्नाटक को चैंपियन बना दिया। कर्नाटक ने ग्रुप-बी में अपने अभियान की शुरूआत राजस्थान पर 2-1 की जीत के साथ की थी। इसके बाद झारखंड के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला और असम को 3-0 से हराकर नॉकआउट चरण में जगह बनाई। सेमीफाइनल में कर्नाटक ने मिजोरम को 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इस राष्ट्रीय चरण में कुल आठ टीमों ने हिस्सा लिया, जिन्हें दो समूहों में बांटा गया था। प्रत्येक समूह की शीर्ष दो टीमों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। इससे पहले 2025-26 सत्र की शुरूआत सिटी लीग से हुई थी, जिसमें देशभर के 25 राज्य संघों ने भाग लिया। प्रत्येक सिटी लीग में आठ टीमों ने 9-ए-साइड प्रारूप में मुकाबले खेले। इस चरण में कुल 392 टीमों और 6500 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। सिटी लीग से टीमें जोनल राउंड में पहुंचीं, जहां 20 टीमों और 280 खिलाड़ियों ने राउंड-रॉबिन प्रारूप में मुकाबले खेले। यहां से सर्वश्रेष्ठ आठ टीमों ने राष्ट्रीय चरण के लिए क्वालीफाई किया। कर्नाटक की यह जीत जमीनी स्तर पर फुटबॉल के विकास और प्रतिभाओं के उभरने का एक शानदार उदाहरण है।

# हर्षित अनेजा की विस्फोटक पारी से आईजीआईपीईएसएस ने दर्ज की बड़ी जीत

एजेंसी

**नई दिल्ली :** तीसरे स्वामी दयानंद सरस्वती टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस (आईजीआईपीईएसएस) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए श्याम लाल कॉलेज को 100 रनों के बड़े अंतर से पराजित किया। इस जीत के हीरो रहे हर्षित अनेजा, जिन्होंने मात्र 23 गेंदों में 65 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें 8 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। उन्हें उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। आईजीआईपीईएसएस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 260 रन बनाए। हर्षित के अलावा दीपान्शु ने भी 25 गेंदों पर 52 रनों की तेजतर्रार पारी खेली, जिसमें 7 चौके और 2 छक्के शामिल थे। गेंदबाजी में कार्तिक कालरा ने 3 विकेट लेकर टीम की जीत में अहम योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्याम लाल कॉलेज की टीम दबाव में नजर आई और 160 रनों पर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से अस्मित पंवार ने 36 और रवि राज ने 29 रन बनाए, जबकि संदीप ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 37 रन देकर 4 विकेट झटके। टूर्नामेंट के एक अन्य मुकाबले में डीसीएसी ने आरएलएसी को 72 रनों से हराया। डीसीएसी की ओर से सुयश प्रताप ने 42 गेंदों में 77 रनों की बेहतरीन पारी खेली, जिसमें 10 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। उनके इस प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए डीसीएसी की टीम 20 ओवरों में 182 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जवाब में आरएलएसी की टीम 16.3 ओवरों में 110 रन पर सिमट गई।

# आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ ग्रीन जर्सी में उतरेगी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

एजेंसी

बेंगलुरु : इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) शनिवार को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले में अपनी खास ग्रीन जर्सी में नजर आएगी। यह पहल फ्रेंचाइजी के पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पण को दर्शाती है। रीसाइकिल्ड सामग्री से बनी यह ग्रीन जर्सी आरसीबी की ग्रीन इनिशिएटिव का हिस्सा है, जिसकी शुरूआत 2011 में की गई थी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु दुनिया की एकमात्र कार्बन-न्यूट्रल टी20 फ्रेंचाइजी है और अब वह कार्बन-पॉजिटिव बनने की दिशा में काम कर रही है।

फ्रेंचाइजी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश मेनन ने कहा, टी20 फ्रेंचाइजी के रूप में कार्बन-न्यूट्रल दर्जा हासिल करना वर्षों की मेहनत का परिणाम है। ग्रीन जर्सी इस प्रतिबद्धता का प्रतीक है और हम उम्मीद करते हैं कि यह पहल हमारे प्रशंसकों और साझेदारों को भी पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करेगी। आरसीबी अपने मैचों के दौरान दर्शकों के व्यवहार का भी अध्ययन कर रही है। स्टेडियम में सर्वे के जरिए यह देखा जा रहा है कि प्रशंसक किस तरह यात्रा करते हैं, राइड-शेयरिंग का कितना उपयोग होता है और प्रति दर्शक कार्बन उत्सर्जन कितना है। फ्रेंचाइजी ने प्रशंसकों को सार्वजनिक परिवहन के उपयोग के लिए भी प्रोत्साहित किया है। मैच टिकट के साथ बेंगलुरु मेट्रो में यात्रा की सुविधा दी जा रही है। स्टेडियम स्तर पर कचरा प्रबंधन को भी मजबूत किया गया है, जिसमें कचरे के पृथक्करण और निगरानी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके अलावा सौर ऊर्जा आधारित लाइटिंग, ऊर्जा बचत और अन्य उपायों के जरिए कार्बन उत्सर्जन को कम करने की कोशिश की जा रही है। आरसीबी टीम यात्रा, आवास और ऊर्जा खपत से जुड़े अपने कार्बन फुटप्रिंट का भी विस्तृत आकलन कर रही है। पूरे सीजन के दौरान मैच-दिवस पर सस्टेनेबिलिटी ऑडिट भी किए जाएंगे, जिनके आधार पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी।



# यूरोपा लीग 2026: एस्टन विला सेमीफाइनल में नॉटिंघम फॉरेस्ट से होगा ऑल-इंग्लिश मुकाबला

एजेंसी



**बर्मिंघम :** यूरोपा लीग 2026 में एस्टन विला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बोलोनिया को 4-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इस जीत के साथ अब उसका सामना नॉटिंघम फॉरेस्ट से होगा, जिससे टूर्नामेंट में एक ऑल-इंग्लिश सेमीफाइनल तय हो गया है। कोच उनाई एमरी की टीम ने दो मैचों के आधार पर 7-1 से बड़ी जीत दर्ज करते हुए लगातार तीन सीजन में दूसरी बार यूरोपीय सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मैच में ओली वॉटकिंस ने 16वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। यह उनका क्लब के लिए 100वां गोल भी रहा। इसके बाद एमिलियानो बुएंदिया, मॉर्गन रोजर्स और एजरी कॉन्सा ने गोल कर जीत को एकतरफा बना दिया। नॉटिंघम फॉरेस्ट ने पोर्टो को 1-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। टीम ने कुल स्कोर 2-1 से जीत दर्ज की। मॉर्गन गिब्स-व्हाइट ने 12वें मिनट में निर्णायक गोल किया। मैच में पोर्टो के जान बेडनारेक को रेड कार्ड दिखाया गया, जिससे टीम को बड़ा नुकसान हुआ। फ्रीबर्ग ने सेल्टा विगो को 3-1 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। कुल स्कोर 6-1 रहा। इगोर मातानोविच और युइतो सुजुकी ने टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। अब फ्रीबर्ग का सामना ब्रागा से होगा, जिसने रियल बेटिस को 4-2 से हराकर शानदार वापसी की। कॉन्फ्रेंस लीग में क्रिस्टल पैलेस ने फियोरेंटिना से 1-2 से हारने के बावजूद कुल 4-2 से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब उसका मुकाबला शख्तर दोनेत्स्क से होगा। इस सीजन में इटली के क्लबों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। बोलोनिया और फियोरेंटिना के बाहर होने के बाद सात साल में पहली बार कोई भी इतालवी क्लब यूरोपीय प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में नहीं पहुंचा। इससे पहले अटलांटा भी चैंपियंस लीग से बाहर हो चुकी थी।

# ईरानी महिला फुटबॉल खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया सरकार का जताया आभार, सुरक्षित माहौल में करियर फिर शुरू करने की जताई इच्छा

एजेंसी

**मेलबर्न :** ईरान की महिला फुटबॉल खिलाड़ी फातेमेह पसांदीदेह और अतेफेह रमेजानिसादेह ने ऑस्ट्रेलिया सरकार का आभार जताते हुए कहा है कि उन्हें यहां सुरक्षित ठिकाना मिला है और वे अपने जीवन को फिर से व्यवस्थित करने के बाद खेल करियर दोबारा शुरू करना चाहती हैं। मानवीय वीजा मिलने के बाद अपनी पहली सार्वजनिक प्रतिक्रिया में दोनों खिलाड़ियों ने एक संयुक्त बयान जारी कर कहा कि उन्हें मिली सहानुभूति और समर्थन ने सुरक्षित भविष्य की उम्मीद जगाई है, जहां वे बिना डर के रह और खेल सकें। उन्होंने कहा, हम ऑस्ट्रेलिया सरकार, विशेष रूप से गृह मामलों के मंत्री टोनी बर्क का तहे दिल से धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने हमें मानवीय सुरक्षा और इस खूबसूरत देश में सुरक्षित स्थान प्रदान किया। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया ने एशियन कप के दौरान ईरानी टीम के छह खिलाड़ियों और एक सपोर्ट स्टाफ को मानवीय वीजा देने का निर्णय लिया था। यह कदम उस समय उठाया गया जब संयुक्त राज्य अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हवाई हमले किए गए थे, जिससे खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई थी। हालांकि, इस समूह के पांच सदस्य बाद में अपना निर्णय बदलकर ईरान लौट गए, जबकि फातेमेह पसांदीदेह और अतेफेह रमेजानिसादेह ऑस्ट्रेलिया में ही रुक गईं। दोनों खिलाड़ी पिछले महीने से ए-लीग महिला टीम ब्रिस्बेन रोअर के साथ प्रशिक्षण ले रही हैं। उन्होंने कहा कि फिलहाल उनका ध्यान अपनी सुरक्षा, स्वास्थ्य और जीवन को फिर से पटरी पर लाने पर है। उन्होंने आगे कहा, हम पेशेवर खिलाड़ी हैं और ऑस्ट्रेलिया में अपने खेल करियर को जारी रखना हमारा सपना है। ईरानी खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चिंता तब बढ़ी थी, जब एशियन कप के एक मैच के दौरान कुछ खिलाड़ियों ने राष्ट्रगान नहीं गाया था, जिसके बाद ईरानी सरकारी टीवी ने उन्हें युद्धकालीन गद्दार तक करार दिया था। गौरतलब है कि टीम के अन्य खिलाड़ी पिछले महीने तुर्की सीमा के रास्ते कठिन यात्रा के बाद ईरान लौट गए थे।



## संक्षिप्त खबरें

### उबर कप से बाहर हुए ट्रीसा-जॉली और गायत्री गोपीचंद, श्रुति-प्रिया को मिला मौका



**नई दिल्ली :** उबर कप से पहले भारतीय महिला बैडमिंटन टीम को बड़ा झटका लगा है। देश की शीर्ष महिला युगल जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं। बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) ने शुक्रवार को बताया कि ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद पिछले महीने स्विस ओपन के दौरान ट्रीसा के कंधे में लगी चोट के बाद से कोर्ट से बाहर चल रही थीं। दोनों खिलाड़ी बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में वापसी के लिए तैयार थीं, लेकिन ट्रीसा को फिर से चोट लगने के कारण उन्हें बाहर होना पड़ा। बीएआई ने उनकी जगह श्रुति मिश्रा और प्रिया कोंजेंगबम की जोड़ी को टीम में शामिल किया है। यह जोड़ी फिलहाल विश्व रैंकिंग में 48वें स्थान पर है। महिला प्रतियोगिता 24 अप्रैल से 3 मई तक डेनमार्क के होर्सेंस में आयोजित होगी। टीम में काविप्रिया सेल्वम और सिमरन सिंघी की जोड़ी भी शामिल है। टीम की अगुवाई दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी. वी. सिंधु करेंगी। एकल वर्ग में उन्नति हुड्डा, तान्वी शर्मा, देविका सिहाग और इशारानी बरुआ जैसे युवा खिलाड़ियों को मौका मिला है। इसके अलावा तनीषा क्रास्टो भी टीम का हिस्सा हैं, जिन्हें युगल मुकाबलों का अनुभव हासिल है। पुरुष वर्ग में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी टूर्नामेंट से पहले तैयारी के लिए जल्दी डेनमार्क रवाना होंगे। दोनों खिलाड़ी 2022 में भारत की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभा चुके हैं। सात्विक और चिराग, जो दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी हैं, मार्च में स्विस ओपन के क्वार्टरफाइनल से कंधे की चोट के कारण हट गए थे और उन्होंने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप भी नहीं खेली थी। पुरुष टीम को ग्रुप चरण में मौजूदा चैंपियन चीन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के साथ रखा गया है, जहां भारत के सामने कड़ी चुनौती होगी।

### स्टटगार्ट ओपन 2026 : रयबाकिना और गॉफ क्वार्टरफाइनल में, मुचोवा भी आगे बढ़ीं



**स्टटगार्ट :** जर्मनी में खेले जा रहे स्टटगार्ट ओपन 2026 में शीर्ष वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना और मौजूदा फ्रेंच ओपन चैंपियन कोको गॉफ ने शानदार जीत दर्ज करते हुए क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। शीर्ष वरीय कजाखिस्तान की एलेना रयबाकिना ने रूस की डायना श्नाइडर को सीधे सेटों में 6-2, 6-4 से हराया। 26 वर्षीय रयबाकिना ने अपने मजबूत सर्विस गेम के दम पर 1 घंटे 12 मिनट में मुकाबला अपने नाम किया। दूसरे सेट में श्नाइडर ने बेहतर खेल दिखाया, लेकिन अहम मौकों पर की गई डबल फॉल्ट्स ने उन्हें पीछे कर दिया, जिसका फायदा रयबाकिना ने उठाया। उन्होंने मैच का अंत अपने नौवें ऐस के साथ किया। अब क्वार्टरफाइनल में उनका मुकाबला लेयला फर्नांडीज या जेनेप सोनमेज में से किसी एक से होगा। दूसरी ओर, दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी अमेरिका की कोको गॉफ ने ल्यूडमिला सैमसोनोवा को 7-5, 6-1 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। अब उनका सामना चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा से होगा। गॉफ ने कहा कि उन्होंने क्ले कोर्ट पर अपने खेल को 14 बार के फ्रेंच ओपन चैंपियन राफेल नडाल से प्रेरित किया है। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, क्ले कोर्ट के सबसे महान खिलाड़ी राफा हैं। मैं पूरी तरह उनकी तरह नहीं खेलती, लेकिन उनकी तरह फोरहैंड मारने की कोशिश करती हूं। इससे पहले, कैरोलिना मुचोवा ने एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए एलिस मर्टेंस को 1-6, 6-3, 6-0 से हराया और क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई।

### एनआरएआई की 75वीं वर्षगांठ पर साल भर होंगे समारोह, विस्तृत योजनाओं की घोषणा

**नई दिल्ली :** देश में ओलंपिक खेल शूटिंग की संचालन संस्था नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने अपनी स्थापना दिवस पर 75वीं वर्षगांठ समारोह के लिए विस्तृत योजनाओं की घोषणा की। समारोह की शुरूआत यहां प्रतिष्ठित डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज (डीकेएसएसआर) के फाइनल्स हॉल में औपचारिक केक कटिंग के साथ हुई। इस अवसर पर एनआरएआई के महासचिव पवनकुमार सिंह, सचिव राजीव भाटिया, खेल रत्न पुरस्कार विजेता जीतू राय, अर्जुन पुरस्कार विजेता और टीम इंडिया के मुख्य शॉटगन कोच मनशेर सिंह तथा दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर सहित राष्ट्रीय शूटिंग टीम के खिलाड़ी, कोच और सपोर्ट स्टाफ तथा नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एनसीओई) के सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर पवनकुमार सिंह ने कहा, एनआरएआई की स्थापना 1951 में आज ही के दिन हुई थी, जिसके पहले अध्यक्ष देश के प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी, सांसद और लोकसभा के पहले अध्यक्ष श्री जी.वी. मावलंकर थे। हमें गर्व है कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री जीबी पंत और महाराष्ट्र के पहले मुख्यमंत्री यशवंतराव चव्हाण जैसे कई स्वतंत्रता सेनानी इस संस्था की नींव से जुड़े रहे। आज शूटिंग खेल देश के लिए पदक जीतने में अग्रणी है और हमें खुशी है कि हम उनकी विरासत को उनके आदर्शों के अनुरूप आगे बढ़ा रहे हैं।

### शुभांकर शर्मा ने जीता पहला बॉल्डर्स क्लासिक खिताब

**हैदराबाद :** राउंडग्लास स्पोर्ट्स के एथलीट और ब्रांड एंबेसडर शुभांकर शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हैदराबाद के बोल्डर हिल्स गोल्फ एंड कंट्री क्लब में आयोजित पहले आईएनआर 1 करोड़ बॉल्डर्स क्लासिक का खिताब अपने नाम किया। दिसंबर 2021 के बाद अपने पहले घरेलू टूर्नामेंट में डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई सर्किट पर वापसी करते हुए, दो बार के डीपी वर्ल्ड टूर विजेता शर्मा ने अपने अनुभव और क्लास का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए यह प्रतिष्ठित खिताब जीता। पूरे टूर्नामेंट के दौरान शर्मा का दबदबा कायम रहा। उन्होंने अपनी सटीक बॉल-स्ट्राइकिंग और शांत स्वभाव के दम पर कोर्स को लगातार नियंत्रित किया। उनके प्रत्येक दिन के स्कोर ने उनके प्रदर्शन को दशार्या—पहले दिन उन्होंने छह अंडर 66 का संयमित स्कोर बनाया, जिसके बाद दूसरे दिन भी छह अंडर 66 के शानदार प्रदर्शन के साथ उन्होंने हाफवे स्टेज पर दो शॉट की बढ़त बना ली। तीसरे दिन शर्मा ने पूरी तरह नियंत्रण दिखाते हुए आठ अंडर 64 का स्कोर बनाया, जिसमें नौ बर्डी और केवल एक बोगी शामिल थी। यह स्कोर कोर्स रिकॉर्ड के बराबर रहा और उन्होंने अंतिम दिन में प्रवेश करते हुए सात शॉट की बड़ी बढ़त हासिल कर ली। फाइनल राउंड में भी उन्होंने आक्रामक लेकिन संतुलित खेल जारी रखा और आराम से टूर्नामेंट अपने नाम किया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय गोल्फ के प्रमुख चेहरों में से एक 29 वर्षीय गोल्फ स्टार 2024 में राउंडग्लास स्पोर्ट्स के साथ ब्रांड एंबेसडर के रूप में जुड़े थे। उनका यह सहयोग राउंडग्लास गोल्फ अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे युवा गोल्फरों को प्रेरित करने के उद्देश्य से है, जहां वह अपने अंतरराष्ट्रीय अनुभव, कार्यशैली और विजयी मानसिकता के जरिए हाई-परफॉर्मेंस इकोसिस्टम को मजबूत कर रहे हैं।

# घटिया बीज मामले में कंपनी पर एफआईआर व किसानों को उचित मुआवजा दिलाया जाए : शिवराज

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्य प्रदेश के धार और खरगोन जिलों के किसानों को घटिया बीज और पौध सामग्री से हुए नुकसान मामले का संज्ञान लेते हुए संबंधित कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों के हित सर्वोपरि हैं और उनके साथ किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। केंद्रीय कृषि मंत्रालय के अनुसार, मध्य प्रदेश के धार और खरगोन के किसान यहां केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिले और करेला की फसल में भारी नुकसान की जानकारी दी। किसानों ने बताया कि उन्होंने नवंबर 2025 में विभिन्न



नर्सरियों और कृषि सेवा केंद्रों से बीज और पौधे खरीदे थे, लेकिन फसल अपेक्षित उत्पादन नहीं दे सकी। फलों का आकार छोटा रहा, वे पीले पड़ गए और समय से पहले गिरने लगे, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ।

केंद्रीय मंत्री के निर्देश पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए धार जिले के मनावर थाने में 'ननहेम्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। यह एफआईआर भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धाराओं 318(4) और 324(5), आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धाराओं 3 और 7 तथा बीज अधिनियम, 1966 की धारा 19 के तहत दर्ज की गई है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि किसानों को प्रमाणित बताकर निम्न गुणवत्ता वाले बीज और उनसे तैयार पौधे बेचे गए। शिकायत के अनुसार, इससे किसानों को भारी आर्थिक क्षति हुई। किसानों ने 17 फरवरी 2026 को औपचारिक शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद कृषि वैज्ञानिकों और विभागीय अधिकारियों ने जांच की। शिवराज सिंह चौहान ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिलाया जाए और दोषी कंपनी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यह केवल फसल खराब होने का मामला नहीं है, बल्कि किसानों के विश्वास, मेहनत और पूंजी पर सीधा आघात है, इसलिए इस पर गंभीरता से कार्रवाई आवश्यक है। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ अन्याय, लापरवाही या धोखाधड़ी करने वालों को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। सरकार प्रभावित किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है और उनके हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्रालय के अनुसार, इस मामले में एक साथ दो स्तरों पर कार्रवाई की जा रही है। पहला, प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाना और दूसरा, दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करना।

## चारधाम यात्रा : ऑफलाइन पंजीकरण शुरू

एजेंसी

**हरिद्वार :** उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा का आगाज जनपद हरिद्वार से विधिवत रूप से हो गया है। यात्रा को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से ऋषिकुल मैदान में स्थापित ऑफलाइन पंजीकरण केंद्र पर शुक्रवार से तीर्थयात्रियों का पंजीकरण प्रारंभ कर दिया गया। सबसे पहले पंजीकरण का गौरव मध्य प्रदेश के शहडोल जनपद से आए सात सदस्यीय तीर्थयात्रियों के दल को प्राप्त हुआ। इस दल में बिसाहू लाल विश्वकर्मा, मुन्नी विश्वकर्मा, प्यारेलाल विश्वकर्मा, रामदीन प्रजापति, दशरथ प्रजापति, शांति प्रजापति एवं पार्वती प्रजापति शामिल रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर ने अतिथि देवो भव की परंपरा का निर्वहन करते हुए तीर्थयात्रियों का फूल मालाओं एवं टीका-चंदन से



भव्य स्वागत किया। अधिकारियों ने यात्रियों की मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए शुभकामनाएं भी दीं। ऋषिकुल मैदान स्थित पंजीकरण केंद्र पर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक एवं चाक-चौबंद व्यवस्थाएं की गई हैं। यहां तीर्थयात्रियों के लिए सुव्यवस्थित पंजीकरण, बैठने, पेयजल, सुरक्षा और स्वास्थ्य जांच की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण और स्क्रीनिंग भी सुनिश्चित की जा रही है। तीर्थयात्रियों में इस दौरान खासा उत्साह देखने को मिला। पंजीकरण केंद्र पर विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और लगातार चारधाम यात्रा के लिए अपना पंजीकरण करा रहे हैं।

## महिला आरक्षण में ओबीसी व अल्पसंख्यकों के लिए अलग कोटा का हो निर्धारण : डिंपल

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़े तीन विधेयकों पर चर्चा के दौरान समाजवादी पार्टी की सदस्य डिंपल यादव ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार महिला सशक्तीकरण के नाम पर 'खुद के सशक्तीकरण' का एजेंडा चला रही है। यादव ने कहा कि सपा महिला आरक्षण के भीतर अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक महिलाओं के लिए अलग से कोटा निर्धारित करने की मांग पर कायम है। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी की सांसद डिंपल यादव ने सदन को याद दिलाया कि 2023 में जब 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पास हुआ था, तब पूरे विपक्ष ने एकजुट से इसका समर्थन किया था। उन्होंने सवाल किया कि सरकार ने पिछले ढाई वर्षों में



जनगणना की प्रक्रिया शुरू क्यों नहीं की अगर 2024 में सरकार बनते ही जनगणना शुरू हो जाती तो आज हम परिसीमन की स्थिति में होते और 2029 तक आरक्षण लागू हो जाता, लेकिन सरकार की मंशा महिलाओं को सदन में लाने की नहीं, बल्कि इस प्रक्रिया को एक हथियार की तरह इस्तेमाल करने की है। डिंपल ने कहा कि सपा महिला आरक्षण के भीतर अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक महिलाओं के लिए अलग से कोटा निर्धारित करने की मांग पर कायम है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह यादव के शासनकाल का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां पंचायती राज में अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति के साथ-साथ ओबीसी और सामान्य वर्ग की महिलाओं को भी उचित प्रतिनिधित्व दिया गया था। सपा सदस्य ने सरकार पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि बिना जातिगत जनगणना के डेटा के परिसीमन करना केवल सत्ता बचाने की एक कवायद है। उन्होंने असम में चुनाव आयोग द्वारा किए गए परिसीमन का हवाला देते हुए प्रक्रिया की पारदर्शिता पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा किया। उन्होंने सरकार की अन्य विफलताओं महिला सुरक्षा, अधूरी 'गारंटियां', अग्निवीर, शहादत और उत्तर प्रदेश की बदहाली जैसे मुद्दे को सदन के सामने रखा।

## मोहित सूरी, अक्षय विधानी, अहान पांडे और अनीत पड्डा एक इंटेंस रोमांस के लिए फिर करेंगे साथ काम

एजेंसी

**मुंबई :** 'सैयारा' की टीम एक बार फिर साथ आ गई है। मोहित सूरी, अक्षय विधानी और जेन-जी स्टार्स अहान पांडे और अनीत पड्डा एक बार फिर एक इंटेंस रोमांस फिल्म के लिए साथ आ रहे हैं। 'सैयारा' की जबरदस्त सफलता के बाद, जो भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली लव स्टोरी बनी, यह टीम अपनी अगली अनटाइटल्ड फिल्म के साथ लौट रही है, जो दिल छू लेने वाली कहानी और यादगार संगीत का शानदार मेल पेश करेगी। रिलीज के बाद दर्शकों और आलोचकों की जबरदस्त सराहना पाने वाली यश राज फिल्म्स की 'सैयारा' अपने समय की सबसे बड़ी म्यूजिकल ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक



बनकर उभरी। फिल्म ने भारत में 338 करोड़ रुपए नेट और दुनिया भर में करीब 580 करोड़ रुपए ग्रॉस की शानदार कमाई की, जो पूरी तरह नए कलाकारों के साथ बनी एक रोमांटिक म्यूजिकल के लिए बेहद बड़ी उपलब्धि है। इसका संगीत लंबे समय तक स्ट्रीमिंग चार्ट्स पर छाया रहा और रिलीज के बाद भी इसकी लोकप्रियता बनी रही, जिससे यह फिल्म भारत और दुनिया भर में, खासकर युवाओं के बीच, एक पॉप कल्चर फिनोमेना बन गई। अहान पांडे और अनीत पड्डा की जोड़ी 'सैयारा' के बाद जेन-जेड की फेवरेट बन गई। फैंस जिन्हें प्यार से 'अहनीत' कहते हैं, अब इस नई फिल्म में फिर साथ नजर आएँगे और अपनी वही आकर्षक केमिस्ट्री, सहज अभिनय और दिलकश स्क्रीन प्रेजेंस लेकर लौटेंगे, जिसने 'सैयारा' में उनके प्रदर्शन को यादगार बना दिया था। मोहित सूरी कहते हैं, "मेरे लिए हमेशा से लव स्टोरीज विशेष ही रही हैं, जब भावनाएं इतनी गहरी, बेकाबू और खुद को पूरी तरह घेर लेने वाली हो जाती हैं कि उन्हें नजरअंदाज करना मुश्किल हो जाता है। प्यार को पूरी तीव्रता से महसूस किया जाना चाहिए और इसी वजह से मैं एक कहानीकार के तौर पर इस जॉनर की ओर खिंचता हुं। यह फिल्म भी उसी भावना को खुलकर एक्सप्लोर करती है। 'सैयारा' की टीम के साथ फिर से काम करना बेहद खास है, जैसे यह पहले से तय था। यह एक तरह से घर वापसी है, लेकिन नई क्रिएटिव भूख के साथ। इस बार मैं खुद को एक नए कलाकार की तरह महसूस कर रहा हूँ, उत्साहित, थोड़ा नर्वस, और उम्मीद करता हूँ कि मेरा संगीत एक बार फिर लोगों के दिलों को छुएगा।

## रुनीखाता हिंसा के बाद चिरांग एवं कोकराझार में इंटरनेट सेवा निलंबित

**कोकराझार :** असम सरकार ने चिरांग जिले के रुनीखाता में फैली हिंसा के बाद चिरांग और कोकराझार जिलों में बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह निर्णय 16 अप्रैल की देर रात और शुक्रवार सुबह चिरांग जिले के रुनीखाता क्षेत्र में हुई हिंसक झड़पों के बाद लिया गया है। सरकारी अधिसूचना के अनुसार, वन विभाग द्वारा चलाए गए निष्कासन अभियान के दौरान 25 आदिवासी व्यक्तियों को हिरासत में लिए जाने के बाद लोगों में आक्रोश फैल गया। स्थिति उस समय और गंभीर हो गई जब प्रदर्शनकारियों और वन कर्मियों के बीच टकराव हुआ। इसमें सरकारी वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया और रेंज अधिकारी के कार्यालय को भी जलाने का प्रयास किया गया।

## आदि शंकराचार्य का दर्शन भारतीय संस्कृति, धर्म और आध्यात्मिक एकता का बना आधार : मोहन यादव

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अद्वैत ज्ञान के सूर्योदय के केन्द्र ओंकारेश्वर की चेतना की अनुभूति आज सबको हो रही है। ज्ञान और ध्यान की धरती मध्य प्रदेश ने ऐतिहासिक रूप से धर्म, संस्कृति और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया है। हर युग में इसके प्रमाण विद्यमान हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को आचार्य शंकराचार्य जी की जयंती के अवसर पर खंडवा जिला स्थित ओंकारेश्वर के एकात्म धाम में आयोजित 5 दिवसीय प्रकटोत्सव के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में द्वारका शारदा पीठ के जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती, विवेकानंद केंद्र की उपाध्यक्ष



पद्मश्री निवेदिता भिड़े, स्वामी शारदानंद सरस्वती सहित वरिष्ठ संतवृंद उपस्थित थे। राज्य सरकार के संस्कृति विभाग तथा आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास के तत्वावधान में 17 अप्रैल से 21 अप्रैल तक यह एकात्म पर्व मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश की धरती वास्तव में ज्ञान और आध्यात्म की स्थली है। श्रीरामचन्द्र जी वनवास मिलने पर मंदाकिनी माता के किनारे चित्रकूट के धाम पधारे और प्रभु श्रीराम का आगे का जीवन मानव मात्र के लिए पूजनीय हो गया, समाज ने रामराज्य का अनुभव प्राप्त किया। इसी प्रकार श्रीकृष्ण, कंस वध के बाद शिक्षा ग्रहण करने उज्जयिनी स्थित सांदीपनि आश्रम पधारे। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण ने कर्मवाद का संदेश दिया, जो वर्तमान में भी प्रासंगिक है। सनातन काल में कालड़ी केरल से चले 8 वर्षीय बालक शंकर ओंकारेश्वर पधारे, जहां परम पूज्य गुरू गोविंदपाद जी के आशीर्वाद से आदि शंकराचार्य बनकर सनातन धर्म की धारा को अविरल रूप से बहाने का आधार प्रदान किया। आदि शंकराचार्य का दर्शन भारतीय संस्कृति, धर्म और आध्यात्मिक एकता का आधार बना। हमारी सनातन विरासत, शास्त्र और आध्यात्मिक परम्पराएं यदि आज जीवित एवं जागृत हैं तो यह आदिगुरू शंकराचार्य के प्रयास और आशीर्वाद से ही संभव हुआ है।

**एकात्म यात्रा और अद्वैत पर आधारित लघु फिल्मों का हुआ प्रदर्शन**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने द्वारका शारदा पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज के साथ वैशाख शुक्ल पंचमी के उपलक्ष में आयोजित आदि शंकराचार्य के प्रकटोत्सव 'एकात्म पर्व' कार्यक्रम का दीप प्रज्ववलित कर शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अद्वैत लोक एवं अक्षर ब्रह्म प्रदर्शनी का लोकार्पण किया। साथ ही वे वैदिक अनुष्ठान में भी सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संस्कृत सेवा फाउंडेशन पुणे के रोहन अच्युत कुलकर्णी द्वारा लिखित पुस्तक "वेदांतसिद्धान्तचन्द्रिका विथ उदग्र" का विमोचन किया।

## एक नजर

### अस्पताल में भर्ती ओली से प्रचंड ने की मुलाकात

**काठमांडू :** नेपाल में एक बार फिर से वामपंथी दलों के बीच एकता को लेकर चर्चा शुरू हुई है। पूर्व प्रधानमंत्री प्रचण्ड और केपी शर्मा ओली के बीच अस्पताल में हुई मुलाकात के बाद राजनीतिक क्षेत्रों में कयास लगने शुरू हो गए हैं। इस समय काठमांडू के शिक्षण अस्पताल में भर्ती नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी के संयोजक पुष्पकमल दाहाल 'प्रचण्ड' से मुलाकात की। प्रचण अस्पताल पहुंचकर ओली से मिले। ओली को गुरुवार को आईसीयू से जनरल वार्ड में स्थानांतरित किया गया है। मुलाकात के बाद प्रचण्ड ने मीडिया को बताया कि हमारी भविष्य में कैसे मिल कर आगे बढ़ना है इसको लेकर चर्चा हुई। प्रचण्ड ने कहा चुनाव परिणाम के बाद नए सिरे से राजनीति को बढ़ाने के लिए ओली जी के साथ पहले भी बातचीत हुई थी। मैने आज भी कहा कि अब सभी वामपंथी दलों को एकजुट होकर राजनीति को आगे बढ़ाना चाहिए। प्रचण्ड के अनुसार, यह मुलाकात करीब 40 मिनट तक चली।

### दिल्ली-एनसीआर में हल्की बारिश ने लोगों को दी राहत

**नयी दिल्ली :** दिल्ली-एनसीआर के निवासियों को लगातार पिछले दो दिनों से गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच शुक्रवार को हुई हल्की बारिश ने बड़ी राहत दी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में आज का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। यहां शाम को उत्तर-पूर्व दिशा की ओर हवा 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार चलने के आसार हैं। 18 अप्रैल को आंशिक रूप से बादल छाए रहने के अनुमान है। राजधानी में अधिकतम तापमान 40-42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20-22 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार हैं। इसके अलावा, राजधानी के अधिकतर स्थानों का तापमान अधिकतम तापमान सामान्य से काफी अधिक रहने की चेतावनी दी है। इस दिन हवाओं की गति भी 10 और 15 किमी प्रति घंटा रहने का अनुमान है। 19 अप्रैल को भी आंशिक रूप से बादल छाए रहने के आसार हैं और अधिकतम तापमान 40-42 डिग्री सेल्सियस रहने जबकि न्यूनतम तापमान 22-24 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। कुछ स्थानों का तापमान सामान्य से काफी अधिक रह सकता है। मौसम अधिकारी के मुताबिक, 20 अप्रैल को आसमान साफ रहने के आसार हैं। अधिकतम तापमान 39-41 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20-22 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है लेकिन कुछ स्थानों पर अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की चेतावनी है।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की मृत्यु

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के दुबग्गा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक युवक की मृत्यु हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। दुबग्गा थाना प्रभारी श्रीकांत राय ने बताया कि मूलरूप से रहने वाले अम्बेडकर नर निवासी साकिब अब्बास दुबग्गा के इज्जत नगर कॉलोनी में अपने मकान का निर्माण कर गृह प्रवेश की तैयारी की जा रही थी। इसी दौरान मकान की छत की रेलिंग पर हरदोई निवासी मिस्त्री सुहेल (24) झालर लगा रहा था। काम करते समय मकान के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की करंट के चपेट में आने से सुहेल की मृत्यु हो गई।

## संक्षिप्त खबरें

### केंद्र से पंजाब, चंडीगढ़ के किसानों को मिली राहत, प्रभावित गेहूं की खरीद नियमों में छूट



**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने पंजाब सरकार के अनुरोध पर गेहूं खरीद के नियमों में तत्काल प्रभाव से छूट देने की मंजूरी दे दी है, जिससे बेमौसम वर्षा और ओलावृष्टि से प्रभावित पंजाब और चंडीगढ़ के किसानों के लिए बड़ी राहत है। ये छूट रबी विपणन सत्र 2026-27 की शुरूआत से लागू होगी। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शुक्रवार को बताया कि 9 अप्रैल को पंजाब सरकार की ओर से प्राप्त अनुरोध के बाद 10 अप्रैल को सभी जिलों में स्थिति का जायजा लेने के लिए टीमें भेजी गईं। जमीनी रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने किसानों की मुश्किलों को कम करने और मजबूरी में बिक्री को रोकने के लिए यह कदम उठाया है। पंजाब सरकार के आधिकारिक पत्र के अनुसार सरकार की ओर से दी गई छूट बारिश के कारण चमक खो चुके गेहूं की खरीद सीमा को बढ़ाकर 70 प्रतिशत तक कर दिया गया, सिकुड़े और टूटे दानें की पहले सीमा 6 प्रतिशत थी, जिसे अब बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दी गई, क्षतिग्रस्त और हल्के क्षतिग्रस्त दानों की कुल मात्रा 6 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। छूट मानदंडों के तहत खरीदे गए गेहूं का अलग से भंडारण किया जाएगा और उसका हिसाब भी अलग रखा जाएगा। इस गेहूं के बिक्री को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। पंजाब सरकार ने यह भी निर्देश दिया कि भंडारण के दौरान गुणवत्ता में होने वाली किसी भी गिरावट और इस छूट से पड़ने वाले वित्तीय प्रभाव की जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। उल्लेखनीय है कि केंद्र के इस फैसले से अब मंडियों में गेहूं की सुचारू खरीद सुनिश्चित हो सकेगी।

### दिल्ली की मुख्यमंत्री ने 200 नई इलेक्ट्रिक बसों को दिखाई हरी झंडी



**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को 200 नई इलेक्ट्रिक बसों और दिल्ली-रोहतक अंतरराज्यीय बस सेवा को ईस्ट विनोद नगर डिपो में आयोजित कार्यक्रम में हरी झंडी दिखाई। इसके साथ ही उन्होंने मदनपुर खादर में नए बस टर्मिनल का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने डीटीसी ईस्ट विनोद नगर डिपो में नए प्रशासनिक भवन का उद्घाटन भी किया। इस मौके दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी को हरित, स्मार्ट औ? स्वच्छ बनाने की दिशा में सरकार लगातार कदम बढ़ा रही है। इसी क्रम में आज 200 नई इलेक्ट्रिक बसों की बढ़ोतरी के साथ डीटीसी प्लीट की संख्या बढ़कर लगभग 6300 बसों तक पहुंच गई है। दिल्ली में प्रदूषण-मुक्त सार्वजनिक परिवहन की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए आज ईस्ट विनोद नगर डिपो से 200 नई ईवी बसों को दिल्ली की सेवा में समर्पित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार मिशन मोड में दिल्ली के सार्वजनिक परिवहन को पूरी तरह ईवी में परिवर्तित करने की दिशा में कार्य कर रही है। दिल्ली में ईवी बसों की संख्या 4500 से अधिक हो चुकी है और 2026 के अंत तक इसे 7000 तक पहुंचाने का लक्ष्य है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली से रोहतक रूट आईएसबीटी कश्मीरी गेट और पीरागढ़ी चौक से होकर गुजरेगा, जिसमें टिकरी बॉर्डर, बहादुरगढ़, रोहद, सांपला और रोहतक बस स्टैंड जैसे प्रमुख पड़ाव शामिल है।

### ट्रेड यूनियनों की नेपाल सरकार को चेतावनी मजदूरों के अधिकार न छीनने के दिए सुझाव



**काठमांडू :** नेपाल की ट्रेड यूनियनों ने सरकार को अपने ट्रेड यूनियन अधिकारों को न छीनने की चेतावनी दी है। साथ ही, संघीय सिविल सेवा कानून में किन-किन विषयों को शामिल किया जाना चाहिए, इस बारे में भी सुझाव दिए हैं। उन्होंने ट्रेड यूनियनों पर किसी भी प्रकार के प्रतिबंध और हस्तक्षेप को बंद करने की मांग की है। दरअसल, मंत्रिपरिषद ने राजनीतिक दलों से आबद्ध ट्रेड यूनियन को खारिज किए जाने के आदेश दिए थे, लेकिन इस फैसले के तीन सप्ताह बाद भी राजनीतिक दलों से जुड़े कर्मचारी ट्रेड यूनियन भंग नहीं किए गए हैं। उल्टे, वे संगठित रूप में सरकार के सामने अपनी मांगों के साथ उपस्थित हुए हैं। नेपाली कांग्रेस से संबद्ध नेपाल निजामती कर्मचारी यूनियन, यूएमएल से संबद्ध नेपाल निजामती कर्मचारी संगठन, माओवादी से संबद्ध नेपाल राष्ट्रीय निजामती कर्मचारी संगठन, तत्कालीन एकीकृत समाजवादी से संबद्ध एकीकृत सरकारी कर्मचारी संगठन मधेशी दलों से निकट मधेशी निजामती संगठन तथा एक स्वतंत्र संगठन सहित कुल 6 संगठनों ने शुक्रवार को संघीय मामिला तथा सामान्य प्रशासन मंत्रालय के सचिव के समक्ष अपनी मांगें प्रस्तुत कीं। उनकी मांग है कि मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के समझौतों के अनुरूप ट्रेड यूनियन अधिकारों का पूर्ण रूप से कार्यान्वयन किया जाए। संयुक्त मांगपत्र में कहा गया है कि नेपाल के संविधान की धारा 17(2)(घ) के अनुसार संघ-संगठन बनाने की स्वतंत्रता का पालन किया जाए। संविधान की धारा 34 में वर्णित श्रम संबंधी अधिकारों को लागू किया जाए। ट्रेड यूनियनों पर किसी भी प्रकार के प्रतिबंध और हस्तक्षेप को समाप्त किया जाए।

### शेख हसीना के प्रत्यर्पण का अनुरोध विचाराधीन : भारत

**नयी दिल्ली :** भारत ने बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण के मामले में शुक्रवार को स्पष्ट किया कि इससे जुड़ी एक याचिका की समीक्षा की जा रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में शेख हसीना के मुद्दे पर कहा कि इस संबंध में एक अनुरोध विचाराधीन है, जो चल रही न्यायिक और आंतरिक कानूनी प्रक्रियाओं का हिस्सा है। भारत इस मुद्दे पर सभी संबंधित पक्षों के साथ रचनात्मक रूप से संवाद जारी रखेगा और हर स्थिति पर करीबी नजर बनाए हुए है। जायसवाल ने कहा कि विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने बांग्लादेश की नई सरकार के साथ रचनात्मक जुड़ाव की भारत की इच्छा दोहराई है और द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर जोर दिया है। दोनों पक्षों ने आपसी सहयोग को और गहरा करने के लिए विभिन्न द्विपक्षीय तंत्रों के माध्यम से प्रस्तावों पर विचार करने पर सहमति जताई है। वहीं, देश के भगोड़े कारोबारी नीरव मोदी के प्रत्यर्पण से जुड़े प्रश्न पर जायसवाल ने कहा कि भारत इस मामले में ब्रिटेन के साथ लगातार संपर्क में है।


नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902